आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 219 | उज्जैन, शनिवार 22 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 2027 से हर महीने 55 हजार टन गैस लेकर आएगा बड़ा टैंकर

**नई दिल्ली।** भारत लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की सप्लाई को मजबूत कर लेना चाहता है। इसके तहत देश की सबसे बड़ी रिफाइनर कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्प ने 2027 में एलपीजी इम्पोर्ट के लिए अल्जीरिया की सोनाट्रैक के साथ एक डील फाइनल की है। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन ट्रेड सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत एलपीजी के लिए अपने सोर्स में विविधता ला रहा है। इसका मकसद मिडिल ईस्ट पर अपनी निर्भरता कम करना है। एलपीजी मुख्य रूप से खाना पकाने वाली गैस के तौर पर इस्तेमाल होती है। हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में नाकेबंदी से एनर्जी सप्लाई पर असर पड़ा था। इससे इस दक्षिण एशियाई देश को एलपीजी सप्लाई को सीमित करना पड़ा था।

### 20 रुपये रिश्वत का 30 साल चला मुकदमा, सुप्रीम कोर्ट से हुए बरी

**नई दिल्ली।** 20 रुपये की रिश्वत मामले में दो लोगों को ट्रायल कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, करीब 30 साल अब सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। पूरा मामला इनकम सर्टिफिकेट जारी करने से जुड़ा है। आरोप है कि इसके लिए 20 रुपये रिश्वत ली गई थी। अब 30 साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने 1996 के इस मामले में दो सरकारी कर्मचारियों को बरी कर दिया है। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें इस मामले में एक साल की जेल की सजा सुनाई थी। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को गलत तरीके से दोषी ठहराया गया था क्योंकि इस बात का कोई सबूत नहीं था कि उन्होंने रिश्वत की मांग की थी।

### मायावती और अखिलेश समेत 44 नेताओं को मिलेगी बुलेटप्रूफ जैकेट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने नेताओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सुरक्षा समीक्षा और खुफिया इनपुट के आधार पर योगी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्रियों मायावती और अखिलेश यादव समेत राज्य के 44 प्रमुख नेताओं को बुलेटप्रूफ जैकेट उपलब्ध कराने की तैयारी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 10 लाख रुपये की लागत से सुरक्षा मुख्यालय ने विशेष बुलेटप्रूफ जैकेट्स की खरीदारी की प्रक्रिया संपन्न हो गई और जेड+ सुरक्षा प्राप्त नेताओं में मंत्रियों से लेकर विभिन्न दलों के नेता शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा की जरूरतों को देखते हुए योगी सरकार के 11 मंत्रियों को यह जैकेट देने का फैसला किया है। इसमें संजय निषाद एवं नंद गोपाल गुप्ता नंदी जैसे प्रमुख चेहरे को शामिल किया गया है।

### पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी करने वाले थे गोविंदा



#### सुनीता बोलीं- इसलिए तलाक का केस लिया वापस, सोचो बीवी होकर मुझे कैसा लगता है

**मुंबई।** गोविंदा से अनबन के बीच पत्नी सुनीता ने 19 अगस्त को बांद्रा फैमिली कोर्ट पहुंचकर तलाक का केस वापस ले लिया है। अब सुनीता की मानें तो गोविंदा, गर्लफ्रेंड कोमल से दूसरी शादी का प्लान बना रहे थे, यही वजह है कि सुनीता ने विरोध करते हुए तलाक का केस वापस ले लिया है। दरअसल, हाल ही में राखी सावंत को मुंबई में स्पॉट किया गया। फोटोग्राफर्स से बातचीत के दौरान राखी ने गोविंदा की पत्नी को कॉल मिलाकर स्पीकर ऑन कर बात की। इस दौरान सुनीता को यह कहते सुना गया, गोविंदा और कोमल शादी करने वाले थे। जवाब में सुनीता बोलीं- मेरे सपोर्ट में तुम लोगों को बोलना चाहिए। तुम लोगों को सारी कहानी मालूम है। राखी ने कहा- 'सुनीता जी, मैंने हमेशा बोला है कि घर का दाल-चावल घर का होता है। बाहर का चिकन टिक्का खाने से कोई फायदा नहीं है। इस पर सुनीता ने कहा- वो (गोविंदा) उसे एयरपोर्ट ले गया है। उसे मेरी जगह दे रहा है। लोगों के मुझे कॉल आ रहे हैं। बताओ बीवी होकर मुझे कैसा लगेगा। ये सुनकर राखी ने कहा- आप ये सब छोड़ो, 200 करोड़ पर ध्यान दो। दूसरी, तीसरी कोई आ जाएगी, तो ये 200 करोड़ ले जाएगी। पहले अपने नाम पर कर लो सब, फिर ये सब करना।

### नैनो न्यूज

- **वाशिंगटनः** ट्रम्प ने कहा- होर्मुज पर जल्द अमेरिका का फुल कंट्रोल होगाः ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म, उसके पास सिर्फ कुछ मिसाइल और ड्रोन बचे।
- **इस्लामाबाद :** इमरान खान अस्पताल से फिर जेल भेजे गए, डॉक्टर बोले- पूर्व पीएम को जेल में रखना सुरक्षित।
- **तेलंगाना :** सीएम रेड्डी को अमेरिका जाने की परमिशन नहीं मिली, दावा- केंद्र सरकार ने राजनीतिक आधार पर मंजूरी नहीं दी, 23 अगस्त को हैदराबाद लौटेंगे।
- **वाशिंगटनः** मस्क का दूरदराज इलाकों में इंटरनेट पहुंचाने का प्लान, 11 हजार गांवों में 4जी नहीं स्टारलिंक ने भारत में लाइसेंस के लिए री-अप्लाई किया
- **चीन :** सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी की दिवालिया याचिका मंजूर, चीनी फाउंडर को उम्रकैद, कंपनी पर 28 लाख करोड़ का कर्ज था।

पुलिस अज्ञात के खिलाफ जंतर-मंतर प्रदर्शनकारी की एफआईआर लिख रही

## पैलेट गन से आंख की रोशनी गई, थाने में धरने पर बैठे राहुल गांधी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रदर्शनकारी साहिल की शिकायत पर एफआईआर लिखने तैयार हो गई है। हालांकि मामला अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया जा रहा है। छात्र का आरोप है कि पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गई है।

राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे से दिल्ली के संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे थे। उनकी मांग थी कि जब तक पैलेट गन से पीड़ित साहिल की एफआईआर दर्ज नहीं होती, तब तक वे यहां से हटेंगे नहीं। राहुल ने साहिल को लगे छर्रे दिखाकर कहा था- 'पैलेट गन चलने के सबूत हैं। ये छर्रे साहिल के शरीर से निकले हैं। अगर पुलिस ने गन नहीं चलाई तो किसने चलाई है। पुलिस कह रही है कि उन्हें एफआईआर नहीं करने के ऊपर से निर्देश हैं।' राहुल के साथ प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी मौजूद हैं। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्र साहिल घायल हो गए थे। इधर, भाजपा महासचिव स्मृति ईरानी ने कहा था कि राहुल गांधी कभी पुलिस पर हमले के खिलाफ क्यों नहीं बोलते हैं।

#### राहुल बोले- शिकायत की कॉपी ही नहीं मिली

- राहुल का आरोप है कि 20 जुलाई के प्रदर्शन में साहिल पैलेट गन से घायल हुए। 14 अगस्त को उन्होंने दिल्ली पुलिस को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उन्हें शिकायत की कॉपी ही नहीं मिली। 17 अगस्त को ईमेल और फोन से भी शिकायत पर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। दिल्ली पुलिस बोली- शिकायत क्राइम ब्रांच को भेजी जाएगी
- दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शिकायत पीड़ित ने खुद दी है। 20 जुलाई को दर्ज सभी मामलों की जांच पहले से क्राइम ब्रांच कर रही है। पुलिस ने शिकायतकर्ता को बताया है कि उसकी शिकायत भी क्राइम ब्रांच को भेजी जाएगी।

मोबाइल फोन की मांग को लेकर माता-पिता से हुए झगड़े के बाद

## पहाड़ी पर सुसाइड करने पहुंचे बेटे को बचाने में पिता भी गिरे, दोनों की मौत

### पति और बेटे की मौत अपनी आंखों देखने के बाद मां ने भी पहाड़ी से छलांग लगाई

**एजेंसी ▸▸ छत्रपति संभाजीनगर**





महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में शुक्रवार को माता-पिता और बेटे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 18 साल का युवक सुसाइड करने के इरादे से पहाड़ी पर पहुंचा था। पिता उसे चट्टान से पीछे खींचने की कोशिश कर रहे थे लेकिन दोनों पहाड़ी से नीचे गिर गए। पति और बेटे की मौत अपनी आंखों के सामने देखने के बाद मां ने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी। तीनों की मौत हो गई।

घटना तिसगांव इलाके के खावड्या पहाड़ की है। लड़का सुसाइड क्यों करने पहुंचा था इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि तिसगांव के पूर्व सरपंच का दावा है कि सुसाइड करने वाला लड़का आईफोन लेना चाहता था।

#### फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने जाल बिछाया, लेकिन लड़के ने दिशा बदली

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, दमकल कर्मियों ने युवक को बचाने के लिए पहाड़ की तलहटी में बड़ा सुरक्षा जाल बिछाया था, लेकिन पहाड़ की चोटी पर खड़ा युवक लगातार अपनी दिशा बदल रहा था।

#### लड़के को 3 घंटे समझाते रहे लोग

पुलिस ने बताया कि कुणाल चंदगुड़े (19) सुबह करीब 10 बजे पहाड़ी पर चढ़ गया था। बताया जा रहा है कि मोबाइल फोन की मांग को लेकर माता-पिता से हुए झगड़े के बाद उसने आत्महत्या करने का इरादा किया था। छत्रपति संभाजीनगर के जल्टा फाटा इलाके में रहने वाले उसके माता-पिता, मुरलीधर (48) और संगीता चंदगुड़े, उसे रोकने के लिए वहां पहुंचे। गांव के लोग भी उनके साथ पहुंचे। करीब तीन घंटे तक लोग उसे नीचे आने के लिए कहते रहे। उन्होंने कुणाल से कहा कि वह नीचे आ जाए, उसे मोबाइल फोन देने की बात भी कही। कुणाल बेहद परेशान था और कह रहा था कि अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है।

#### बचाने में पिता का भी संतुलन बिगड़ा

कुणाल के पिता आखिरी करीब 15-20 मिनट में उसके पास पहुंचे और उसे समझाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान कुणाल ने अचानक खाई में छलांग लगा दी। उसे पकड़ने की कोशिश में उसके पिता का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गहरी खाई में गिर गए। दोनों की मौत हो गई। पति और बेटे को अपनी आंखों के सामने खाई में गिरते देखकर मां संगीता सदमे में आ गईं। उन्होंने भी पहाड़ से छलांग लगा दी। उनकी भी मौत हो गई।

### समुद्री लुटेरों के कब्जे वाले जहाजों में 22 भारतीय नाविक सवार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि यमन और सोमालिया तट के पास समुद्री लुटेरों द्वारा कब्जे में लिए गए दो विदेशी जहाजों पर सवार सभी 22 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इनमें एक जहाज पर 16 और दूसरे पर छह भारतीय हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार यमन और सोमालिया तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में लिए गए दो वाणिज्यिक जहाजों में सवार सभी 22 भारतीय सुरक्षित हैं।

## मध्यप्रदेश-यूपी की 7 नदियां खतरे के निशान से ऊपर

### हिमाचल में अब तक 219 लोगों की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**



देश के कई राज्यों में लगातार बारिश जारी है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। नर्मदा, मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

वहीं, उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा, घाघरा, शारदा, टोंस, सोन और मंदाकिनी नदी खतरे के निशान को पार कर गई हैं। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून के दौरान बारिश, लैंडस्लाइड, बाढ़ और अन्य घटनाओं में 219 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 131 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुईं।

गुजरात में जहरीली शराब पीने वाला एक शख्स ब्रेन डेड

## दो दिन में 8 की मौत, 5 की हालत गंभीर

### 25 लोगों का इलाज चल रहा

**एजेंसी ▸▸ भावनगर**

शराबबंदी वाले गुजरात में नकली शराब से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, शुक्रवार को सूरत में रहने वाले संजयसिंह डोडिया नाम के एक युवक को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस युवक ने भी 16 अगस्त की रात को भावनगर में शराब पार्टी की थी।

शराब पीने के बाद संजय रात को ही सूरत लौट आया था। सुबह तक उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। उसे सूरत के आईएनएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। संजय पिछले तीन दिनों से वेंटिलेटर पर था। गुरुवार की रात संजय को हार्ट अटैक आया और आज सुबह उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। भावनगर में अब भी 25 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं, इनमें 5 की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।



#### शराब बनाने वाले की भी मौत, अब तक 15 अरेस्ट

गुजरात पुलिस ने इस मामले में अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 13 भावनगर के रहने वाले हैं। ये सभी अवैध शराब तस्करी से जुड़े हुए हैं। वहीं, शराब कांड के मुख्य आरोपी रईस और जुबैर मध्यप्रदेश के उज्जैन के रहने वाले हैं। इन दिनों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान मुरैना निवासी नरेंद्र यादव उर्फ 'डॉक्टर' की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, रईस ने ही नरेंद्र यादव को अवैध शराब बनाने गुजरात बुलाया था। दोनों भावनगर के स्थानीय शराब तस्कर गौतम सोलंकी के साथ मिलकर शराब बना रहे थे।

सरकार ने खारिज किए दावे

### इथेनॉल के कारण नहीं महंगी हुई चीनी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

त्योहारी सीजन से ठीक पहले चीनी की कीमतों में आई अचानक तेजी ने बाजार और आम उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ा दी है। इस बीच यह दावा किया जा रहा था कि पेट्रोल में मिश्रण के लिए चीनी को इथेनॉल उत्पादन की ओर डाइवर्ट किए जाने से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें बढ़ रही हैं। हालांकि, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कीमतों में बढ़ोतरी का संबंध इथेनॉल से नहीं, बल्कि कम घरेलू उत्पादन, आगामी त्योहारी सीजन की मांग और जमाखोरी से है।

### जिन्ना की बीमारी छिपाने वाले डॉक्टरों को पाकिस्तान सम्मानित करेगा

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान अपने संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की गंभीर बीमारी की जानकारी गुप्त रखने वाले मुंबई के दो डॉक्टरों को देश के बड़े नागरिक सम्मानों में से एक निशान-ए-इम्तियाज देगा। दोनों डॉक्टरों ने 1946 में जिन्ना के एक्स-रे की जांच कर उन्हें गंभीर टीबी होने की जानकारी दी थी। पाकिस्तान के योजना मंत्री और अवॉर्ड्स कमेटी के अध्यक्ष अहसन इकबाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि दोनों डॉक्टरों को सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने जिन्ना की बीमारी की बात किसी को नहीं बताई और उस समय चुपचाप लेकिन बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाई। जिन्ना की बीमारी छिपाने वाले दोनों डॉक्टर मुंबई के पारसी समुदाय से थे। डॉ. जेआर पटेल और डॉ. जेए धायभो-कू ने 1946 में जिन्ना के एक्स-रे की जांच की थी। इसमें पता चला कि जिन्ना को गंभीर टीबी है।

जयपुर में राजकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा कंवरपुरा का निरीक्षण करने पहुंचे

## सीजेपी प्रवक्ता रांका को ग्रामीणों ने पीटा

### मारपीट करने वाले गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया, तो मैं जयपुर आऊंगा : दीपके

**एजेंसी ▸▸ जयपुर**





कॉकरोच जनता पार्टी प्रवक्ता आशुतोष रांका और उनके साथियों पर जयपुर में हमला हुआ है। रांका शुक्रवार सुबह 10 बजे बगरू के राजकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा कंवरपुरा का निरीक्षण करने पहुंचे थे। तभी ग्रामीणों ने उन्हें पीटकर वहां से खदेड़ दिया। उनकी गाड़ियों पर भी पथराव किया गया। रांका के साथ मौजूद महिला समर्थकों पर गांव की महिलाओं ने मिट्टी फेंकी।

रांका ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- हमले में गाड़ियों के शीशे और मोबाइल तोड़े गए, एक महिला से मारपीट हुई और उनकी शर्ट फाड़ दी गई। टीम के एक सदस्य का हाथ फ्रैक्चर हुआ है।

रांका ने कहा- आज पूरे देश ने भाजपा की गुंडागर्दी लाइव देखी है। ये शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के कहने पर हुआ है। 48 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी हो और स्कूल निरीक्षण रोकने का आदेश वापस लिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो पूरे राजस्थान में आंदोलन करेंगे और दिलावर के इस्तीफे की मांग करेंगे।' सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- अगर अगले 48 घंटों में स्कूल की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ और उन गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो मैं जयपुर आऊंगा और स्कूल के सामने बैठा रहूंगा, जब तक स्कूल को ठीक कराने का काम नहीं किया जाता है। इससे पहले सुबह करीब 8 बजे उखढ के कुछ कार्यकताओं से ग्रामीणों की धक्का-मुक्की हुई थी। ग्रामीणों ने उन्हें गांव से बाहर निकाल दिया। सीजेपी के विरोध में नारे लगाते हुए ग्रामीण सरकारी स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने गांव के मुख्य रास्ते पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर घेराबंदी कर दी और आने-जाने वाली गाड़ियों की जांच शुरू कर दी।

#### ग्रामीण बोले- किसी बाहरी को घुसने नहीं देंगे

- ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है, हम इस स्कूल को अपने स्तर पर ठीक करवा लेंगे। सरकार ने 12.50 लाख रुपए स्वीकृत भी कर दिए हैं। हम किसी भी बाहरी व्यक्ति को यहां नहीं आने देंगे। कॉकरोच यहां आकर गंदगी करना चाहते हैं, जिसे हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।
- जानकारी के अनुसार, आशुतोष सहित सीजेपी के 5 कार्यकर्ता गंभीर घायल हुए हैं। 7 के चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिए रटर हॉस्पिटल लाया गया। सीजेपी का वाटिका रोड पर भट्टा वाला राजकीय सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने का भी प्लान था, जिसे अब कैंसिल कर दिया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### अब थूकने, खूले में पेशाब का जुर्माना हवा

शहर में स्वच्छता को लेकर कुछ समय पूर्व बड़े जोरशोर से अभियान चलाया गया था। किसी को भी खुले में थूकने एवं पेशाब करते देखे जाने पर लगातार पकड़-धकड़ होने लगी थी। जुर्माना किया जाने लगा था। शहर की संस्था के सफाई मित्र हेड हाथों में रसीद कट्टा लिए घुमने लगे थे। शहर में इधर उधर खुले में थूकने और पेशाब करने वाले भी सतर्क हो गए थे। देखकर ही थूकते थे, अब जिधर देखो उधर मुहं से पिचकारी मारने वाले देखे जा सकते हैं। इधर-उधर निर्माण स्थलों के आसपास किसी को भी खूले में लघुशंका करते देखा जा सकता है। जिनके पास इन्हें रोकने की जिम्मेदारी है उन्होंने भी इस मामले को ठंडा पटक दिया है। यानिकी ऐसा होते देखकर वे भी अनदेखा करने लगे हैं। स्मार्ट कैमरों में भी ऐसी स्थिति सामने आने का हवाला मिल रहा है। जिधर देखो उधर ऐसे हालात सामान्य हो गए हैं। सड़क चलते लोगों को पिचकारी के दर्शन करने पड़ रहे हैं। वाहन चालन करते हुए आकस्मिक रूप से कब कौन पिचकारी मार दे कहा नहीं जा सकता है। शहर की स्वच्छता के लिए चलाए गए अभियान से एक खौफ बना था। इससे स्वच्छता के साथ आम जन को भी राहत मिली थी। सड़कों के आसपास भी आकस्मिक रूप से किसी को इस तरह से लघुशंका त्यागते देखकर मुंह पलटाने की स्थिति नहीं बनती थी। एक बार फिर से अब ये सब सामान्य हो गया है। खुसूर-फुसूर है कि आगे पाट पीछे सपाट की स्थिति में यहां सब चल रहा है। निर्माणाधीन शहर में सड़कों पर स्वच्छता को लेकर कार्रवाई की स्थिति को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए तो उसे सिरे से ही अनदेखा किया जा रहा है। महाआयोजन से पूर्व इस मामले की सख्ती का जमकर प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए कि धार्मिक नगरी में लघुशंका एवं सड़कों पर थूकने पर पकड़े जा सकते हैं तो यकीन मानिए स्वचछता का मायना और बेहतर परिणाम उस समय आएंगे अन्यथा ग्रीन महाआयोजन के दौरान अगर खुले में लघुशंका और थूकने का मामला चलता रहा तो उसके परिणाम भी आएंगे ही। इसके लिए अभी से शहर ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन मामलों की सख्ती का संदेश देना अनिवार्य है अन्यथा उस समय इस पर नियंत्रण करना मुश्किल होगा मात्र राजस्व ही एकत्रित हो सकेंगा।

## नैनो न्यूज

- **'50 प्लस ओल्ड इज गोल्ड', संगीतमय शाम आज-** सुर-ताल म्यूजिकल ग्रुप की ओर से शनिवार 22 अगस्त को '50 प्लस ओल्ड इज गोल्ड' संगीतमय शाम का आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में शाम 6:30 बजे से पुराने सदाबहार गीतों की महफिल सजेगी।
- **6 साल बाद मिली पदोन्नति, संजय दिवटे बने सिविल अस्पताल के मुख्य लिपिक-** राज्य शासन द्वारा करीब 16 साल के लंबे इंतजार के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पदोन्नति की सौगात दी गई है।
- **उज्जैन की प्रतिष्ठा जैन को मिला यंगेस्ट एस्ट्रोलॉजर का अवॉर्ड-** मुंबई के हितेश गुरु ने किया पुरस्कृत, मराल फाउंडेशन की ओर से अहमदाबाद के होटल प्रेसिडेंट में 40वीं ग्लोबल ऑकल्ट साइंस समिट ऑकल्ट कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया।
- **कैलाश एंपायर से महाकाल मंदिर तक निकली चतुर्थ कलश यात्रा-** मनकामनेश्वर महादेव मंदिर समिति और महिला मंडल का आयोजन, मार्ग में कई स्थानों पर हुआ स्वागत, सावन मास में कैलाश एंपायर स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से महाकालेश्वर मंदिर तक चतुर्थ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।
- **श्री श्याम धाम आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भंडारे के साथ समापन-** चिंतामन गणेश रोड स्थित श्री श्याम धाम आश्रम में पीठाधीश्वर श्याम गिरी महाराज के सानिध्य में श्याम धाम आश्रम परिवार द्वारा 14 से 20 अगस्त तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया।

## ट्रेंडिंग




जिले में 788 माध्यमिक एवं 1133 प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं

# करीब 2 हजार शिक्षकों टीईटी करना होगा

वर्ष 28 तक टीईटी पास करना होगा अन्यथा अनिवार्य सेवा निवृत्ति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अब नौकरी की निरंतरता से जुड़ गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार संबंधित शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। तय अवधि में परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का प्रावधान बताया गया है। उज्जैन जिले में करीब 2 हजार ऐसे शिक्षक सामने आ रहे हैं जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं। इनमें 788 माध्यमिक एवं 1133 प्राथमिक शिक्षक हैं।

टीईटी को लेकर जिले से सामने आ रही स्थिति के अनुसार करीब 2 हजार शिक्षक इस दायरे में आ रहे हैं। इनमें से 517 ऐसे हैं जिनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से भी कम समय बचा है। इस मान से देखा जाए तो करीब डेढ़ हजार शिक्षकों को पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य स्थिति में सामने आ रहा है।

### उज्जैन जिले पर एक नजर

| तहसील | मा.शि.टीईटी नहीं | प्रावि.शि.टीईटी नहीं |
|---|---|---|
| उज्जैन | 185 | 206 |
| घट्टिया | 72 | 120 |
| तराना | 126 | 234 |
| बडनगर | 107 | 235 |
| खाचरौद | 200 | 184 |
| महिदपुर | 98 | 154 |

स्त्रोत- जिला शिक्षा कार्यालय।
नोट- संख्या टीईटी उत्तीर्ण नहीं शिक्षकों की है।



### ऑनलाइन आवेदन शुरू

टीईटी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू हो गई है और अभ्यर्थी 4 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 12 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मुख्य रूप से वर्ष 1998 से 2011 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए रखी गई है।

### कुछ ऐसी रहेगी परीक्षा

पात्रता परीक्षा में कुल 150 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का रहेगा। परीक्षा में सफल होने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 50 फीसदी अंक, जबकि अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को 60 फीसदी अंक हासिल करना अनिवार्य होगा।

### सिलेबस आना शेष अवकाश की मांग

शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि परीक्षा सिर्फ पदोन्नति या नई नियुक्ति की पात्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्धारित समय में इसे पास नहीं करने पर सेवा पर असर पड़ सकता है। इसके सिलेबस को जल्द जारी करने के साथ ही 15 दिन का विशेष अवकाश देने की मांग भी उठ रही है तो परीक्षा शुल्क समाप्त करने, ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन परीक्षा की मांग भी उठ रही है। फिलहाल प्रति प्रश्न पत्र 1,000 परीक्षा शुल्क निर्धारित बताया गया है।

### आवेदन में सुधार 9 सितंबर तक

एमपीईएसबी के कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू होकर 4 सितंबर तक चलेगी। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि होने पर 9 सितंबर तक ऑनलाइन सुधार किया जा सकेगा। कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पोर्टल शुल्क के रूप में 60 और सिटीजन यूजर के जरिए आवेदन करने पर 20 अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

### पहचान पत्र जरूरी

परीक्षा में शामिल होने के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से किसी एक का उपयोग कर सकेंगे। यूआईडीएआई से सत्यापित ई-आधार ही मान्य होगा। परीक्षा केंद्र पर बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया जाएगा। निर्धारित रिपोर्टिंग समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### मोबाइल-कैलकुलेटर पर रोक

परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, लॉग टेबल, नकल पर्ची और अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। परीक्षा शुरू होने के बाद समाप्ति तक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। जिले में दो हजार एवं मध्यप्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए यह परीक्षा अब महज पात्रता परीक्षा नहीं रह गई है। दो साल की समय सीमा और सेवा पर संभावित असर के कारण टीईटी को लेकर शिक्षक संगठनों और सरकार के बीच आने वाले दिनों में विवाद और मांगें तेज होने की संभावना है।

60 वर्षीय महिला की स्वाइन फ्लू एन-1एच-1 से मौत की जांच...

# नाले में बैठने वाले सुअरों से महिला को स्वाइन फ्लू होने की आशंका

## न ट्रेवल हिस्ट्री न ही कांटेक्ट हिस्ट्री में कोई संदिग्ध मिला, शुगर और कमजोरी से मौत हुई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

स्वाइन फ्लू से ऋषिनगर निवासी 60 वर्षीय महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने आसपास के रहवासियों सहित 30 घरों की दोबारा बारा जांच की है जिसमें एक भी संदिग्ध मरीज नहीं मिला है। महिला को स्वाइन फ्लू एन-1 एच-1 उसके घर के पास ही बहने वाले नाले में बैठने वाले सुअरों से होने की आशंका जताई गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के अनुसार 31 जुलाई को ऋषिनगर निवासी 60 वर्षीय महिला को बुखार, सर्दी, जुकाम एवं अन्य परेशानियों के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। 3 दिनों बाद महिला को शहर के ही एक निजी अस्पताल में उपचार दिया गया था। इसके बाद महिला को इंदौर के एक बड़े निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। महिला का सेंपल लेकर उसकी जांच करवाने पर स्वाइन फ्लू पॉजिटीव आया था।



### घर के पास नाले में सूअर बैठने की स्थिति

जांच में सामने आया कि महिला के निवास के पास ही नाला स्थित है जिसमें नियमित तौर पर सूअर बैठते हैं। महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संभवतः उसे सूअर से ही स्वाइन फ्लू हुआ है। स्वाइन फ्लू एन-1एच -1 के प्रसार में सूअर की अहम स्थिति पूर्व से सामने हैं।

### नाले में दवा का छिड़काव

ऐसे में एंटीलार्वा एवं नगर निगम से समन्वय के साथ नाले में दवाई का छिड़काव करवाते हुए नाले में बैठने वाले जानवरों को वहां से हटवाने एवं निगरानी के लिए कहा गया है। पिछले 20 दिनों में महिला के अतिरिक्त ऐसा कोई संदिग्ध मरीज सामने नहीं आया है। टीम ने ऋषिनगर के संबंधित क्षेत्र एवं आसपास भी दो बार अपनी जांच कार्रवाई को अंजाम दिया है जिसमें 2 डाक्टरों के साथ करीब 10 कर्मचारियों का दल शामिल रहा है।

### शुगर एवं कमजोरी रही

सीएमएचओं डॉ. पटेल के अनुसार महिला शुगर की बिमारी से ग्रस्त थी और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर सामने आई थी। इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार के बाद महिला को उज्जैन घर ले आया गया था। कोमार्डिटी के कारण यहां लाने के बाद ही उसकी 18 अगस्त को मौत हो गई थी।

### कांट्रेक्ट एवं ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं

महिला के स्वाइन फ्लू पॉजिटीव आने के बाद उसके घर के सदस्यों के साथ उसके आसपास के 30 परिवारों की स्वास्थ्य विभाग टीम ने जांच की थी,जिसमें से एक भी संदिग्ध नहीं मिला था। महिला की कांटेक्ट हिस्ट्री में भी ऐसा कोई संदिग्ध नहीं मिला और उसकी ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं थी।

# निकास चौराहे पर नालियां चौक गंदा पानी सड़कों पर हुआ जमा

गंदगी व बदबू से लोगों का बुरा हाल



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बुधवारिया से निकास चौराहे की तरफ नालियां चौक होने की वजह से उसका गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है और गंदगी की वजह से क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं और लोगों का बदबू से बुराहाल है पिछले कई दिनों से लोगों को मजबूरी में इस तरह के माहौल में अपना जीवन यापन करना पड़ रहा है। जिस जगह नालियां चौक है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा है वहीं पर एक टॉयलेट है पायलट के बाहर नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है। इस कारण इस टॉयलेट का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। लोगों को टॉयलेट का उपयोग करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रही है टॉयलेट का उपयोग करने के लिए टॉयलेट के बाहर लगे रेती के ढेर पर चढ़कर पाइप के सहारे टॉयलेट तक पहुंचना पड़ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नालियां चौक है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा है। लेकिन इसकी निकासी के कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं इस कारण क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है। इसके साथ ही यहां पड़ी निर्माण सामग्री भी खराब हो रही है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है ऐसे में क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

## लोति महाविद्यालय के विद्यार्थी पहुंचे धन्वंतरि आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन के बी.एससी. प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के सूक्ष्मजीवविज्ञान संकाय के छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

भ्रमण की शुरूआत शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेदिक अस्पताल में अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश गुप्ता एवं डॉ. नरेश जैन के मार्गदर्शन में छात्रों ने ओपीडी, आईपीडी पंचकर्म एवं वेलनेस सेंटर का भ्रमण किया। यहाँ छात्रों को आयुर्वेदिक पद्धति से संपूर्ण चिकित्सा प्रणाली, रोग निदान और उपचार प्रक्रिया का विस्तृत विश्लेषण कराया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान कहा कि लैब में दवा कैसे बनती है, यह देखकर बहुत कुछ सीखने को मिला। पंचकर्म और आईपीडी देखकर समझ आया कि आयुर्वेद में करियर के कितने स्कोप हैं। हर्बल गार्डन में पौधों के बारे में जानकारी भविष्य में बहुत काम आएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने पूरे दिन को ज्ञानार्जन और मनोरंजन से भरपूर बताया तथा आयुर्वेद को करियर के रूप में अपनाने में गहरी रुचि दिखाई।

फफूंद लगे पाव मिलने से खाद्य सुरक्षा पर उठे सवाल

# लक्ष्मी बेकरी की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पाव भाजी खाने की इच्छा होने पर एक परिवार ने लक्ष्मी बेकरी से पाव का पैकेट खरीदा, लेकिन पैकेट खोलते ही उसमें फफूंद लगे हुए पाव देखकर परिवार के सदस्य हैरान रह गए। उपभोक्ता का आरोप है कि पैकेट में रखे पाव स्पष्ट रूप से खराब हो चुके थे, इसके बावजूद उन्हें बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया।

परिवार के अनुसार पाव भाजी बनाने के लिए पाव की जरूरत होने पर घर से एक सदस्य लक्ष्मी बेकरी से पाव लेकर आया था। घर पहुंचने के बाद जैसे ही पैकेट खोला गया, उसमें रखे कुछ पाव पर फफूंद दिखाई दी। खराब पाव देखकर परिवार ने उनका उपयोग नहीं किया। उपभोक्ता का कहना है कि यदि पैकेट खोले बिना ही पाव खा लिए जाते तो यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन सकता था।



### उज्जैन को भी सख्त कार्रवाई की जरूरत

उपभोक्ता का कहना है कि शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन को गंभीर और सख्त रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भी तुकाराम मुंडे जैसे सख्त और ईमानदार अधिकारियों की जरूरत महसूस होती है, ताकि लापरवाही करने वाले प्रतिष्ठानों पर समय रहते कार्रवाई हो और आम लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ खाद्य सामग्री मिल सके। यह मामला केवल एक पैकेट पाव तक सीमित नहीं माना जा सकता। यदि खाद्य सामग्री में फफूंद जैसी समस्या सामने आती है तो संबंधित विभाग को इसकी जांच कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार में बिक रही खाद्य सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप है।

**पैकिंग और गुणवत्ता जांच पर सवाल-** इस घटना ने बेकरी और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों की नियमित जांच होना जरूरी है। खासकर ब्रेड, पाव, बिस्किट और अन्य जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थों के भंडारण, निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि और पैकेजिंग की स्थिति की जांच लगातार की जानी चाहिए। फफूंद लगे खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों की जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सामग्री ही उपलब्ध कराएं। घटना सामने आने के बाद उपभोक्ताओं ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मामले की जांच और संबंधित प्रतिष्ठान के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। सवाल यह भी है कि यदि एक पैकेट में खराब पाव मिल सकते हैं तो क्या अन्य पैकेटों में भी इसी तरह की समस्या हो सकती है?

जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिले पूर्व विधायक मोरवाल

# 15 दिन में समाधान नहीं तो घेराव की चेतावनी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने बड़नगर आगमन पर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि 15 दिवस के भीतर समाधान नहीं हुआ तो जनहित में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

ज्ञापन में ग्राम पीरझलार निवासी लक्ष्मण सिंह का मामला प्रमुखता से उठाया गया। मोरवाल ने आरोप लगाया कि पंचायत के विकास कार्यों



की जानकारी मांगने पर लक्ष्मण सिंह के खिलाफ षड्यंत्रपूर्वक एफआईआर दर्ज कराई गई, जिसके विरोध में उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने एफआईआर वापस लेने तथा मांगी गई जानकारी दो दिन में उपलब्ध कराने की मांग की।

- **चामला नदी की बदहाली पर सवाल-** मोरवाल ने चामला नदी स्थित पाला डेम में गंदगी, रेत, मलबे, मिट्टी और प्लास्टिक जमा होने का मुद्दा उठाया। नदी में मृत पशुओं के अवशेष पड़े होने से दुर्गंध और प्रदूषण की स्थिति बनी होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने नगर पालिका पर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।
- **गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जांच की मांग-** ज्ञापन में नगर की गैस एजेंसियों से ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी का मामला भी उठाया गया। पूर्व विधायक ने इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।
- **सड़क निर्माण और मंडी की अव्यवस्थाएं भी उठाईं-** जहांगीरपुर-इंगोरिया मार्ग के निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की गई। वहीं कृषि उपज मंडी के शेडों पर व्यापारियों का माल रखे होने से बारिश में किसानों की उपज भीगने की समस्या बताई गई। पूर्व विधायक ने कहा कि समस्याओं का समयसीमा में निराकरण नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता और पीरझलार के ग्रामीण मौजूद रहे।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 22 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### बसें चलने की जगह भंडारे का आयोजन तली गईं पूरियां

**इंदौर।** इंदौर के कुमेड़ी में मौजूद करोड़ों रुपये से अधिक की लागत से बने क्इळ बस टर्मिनल में बसों का संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है, लेकिन इसी बंद पड़े बस टर्मिनल परिसर में भंडारे के आयोजन किया गया। बताया जा रहा है कि टर्मिनल के अंदर ही पूड़ियां बनाई गईं और भोजन परोसा गया। इससे व्यवस्थाओं पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। इंदौर में सरकारी धन के गलत इस्तेमाल का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां कुमेड़ी में मौजूद बस स्टैंड 2 साल से बंद पड़ा हुआ था। इसके बाद इसे बनाने में 100 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च हो गए, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुगम हो सके. जब अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण तो शहरवासियों ने सोचा कि अब उन्हें फायदा होगा, लेकिन बस टर्मिनल में अभी तक बसों का संचालन नहीं हो पाया है।

### कांग्रेस ने घोषित किए संभागों और जिलों के चुनाव प्रभारी

**भोपाल।** प्रदेश में आगामी छात्र संघ चुनावों को देखते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक कसावट शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले ने प्रदेश के सभी जिलों और संभागों के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर सूची जारी कर दी है। इन सभी प्रभारियों को एनएसयूआई समर्थित प्रत्याशियों को चुनाव में जीत दिलाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि एआईसीसी प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश सह-प्रभारी, उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे समेत सभी जिला प्रभारियों को भेजकर चुनाव में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई समर्थित छात्रों को सहयोग देकर जीत दिलाने के लिए सक्रियता से दायित्व निभाने की अपेक्षा की गई है।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई, 34 पेटी अवैध मदिरा जब्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 20 अगस्त 2026 को वृत्त महू-ब के प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पवन टीकेकर को मुखबिर से अवैध मदिरा के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक श्री राजेश वट्टी एवं टीम द्वारा सनराइज टाउन, बंजारी स्थित एक मकान पर दबिश देकर जांच की गई। दबिश के दौरान मौके से लंदन प्राइड व्हिस्की विदेशी मदिरा की 4 पेटी, लिमाउंट बीयर की 6 पेटी, देसी मदिरा प्लेन की 16 पेटी तथा देसी मदिरा मसाला की 8 पेटी, कुल 34 पेटी अवैध मदिरा बरामद कर जब्त की गई। जब्त मदिरा की कुल मात्रा 324 बल्क लीटर है।

### सुबह 4 बजे तक चली कार्यवाही, अब कीचन भी हुआ सील



**इंदौर।** इंदौर के प्रतिष्ठित सयाजी होटल में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पकड़ी हैं। दिल्ली की खाद्य विभाग की टीम के साथ इंदौर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने होटल के किचन, स्टोरेज एरिया और खाद्य सामग्री की जांच की. इस दौरान करीब 66 किलो नॉनवेज खाद्य सामग्री बिना पैकिंग डेट के मिली. वहीं, खाद्य सामग्री के गलत तरीके से स्टोरेज, निर्धारित तापमान मेंटेन नहीं करने और स्वच्छता में लापरवाही जैसी कई खामियां भी सामने आईं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जब सयाजी होटल के किचन और स्टोरेज एरिया में पहुंची, तो वहां खाद्य सामग्री के रखरखाव को लेकर कई सवाल खड़े करने वाली स्थिति सामने आई।

निरीक्षण के दौरान करीब 66 किलो नॉनवेज खाद्य सामग्री बिना पैकिंग डेट के मिली. होटल में वेज और नॉनवेज खाद्य सामग्री को एक ही कोल्ड स्टोरेज में रखा गया था. वहीं, सी-फूड, चिकन और मटन को भी एक साथ स्टोर किया गया था। जांच में खाद्य सामग्री का निर्धारित तापमान मेंटेन नहीं किया जाना भी सामने आया. उबले हुए आलू पर एक्सपायरी डेट की टैगिंग मिली, जबकि कुछ टेट्रापैक लीक पाए गए।

## नैनो न्यूज

- **देवासः** कलेक्ट्रेट का गेट बंद कर किसानों ने धरना दिया, शाम को कलेक्टर मौके पर पहुंचे।
- **रतलामः** फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर दो पटवारियों को निलंबित किया गया।
- **मंदसौरः** पीला मोजेक और अफलन से उड़द की फसल प्रभावित होने की खबर सामने आई।
- **नीमचः** मादक पदार्थ तस्करी के दो मामलों में 118 किलो डोडाचूरा जब्त कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
- **आगर-मालवाः** ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान विवाद में सरपंच के साथ मारपीट का मामला सामने आया।
- **इंदौरः** जेल में बंदी की मौत को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती और मजिस्ट्रियल जांच का मामला प्रमुख है।
- **धारः** कुक्षी में छात्रावास की करीब 40 छात्राएं रात में बाहर निकलकर थाने पहुंचीं और विरोध जताया।
- **झाबुआः** बदनावर-टिमरवानी फोरलेन के मुआवजे को लेकर किसानों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा।
- **धारः** इंदौर-दाहोद रेल परियोजना से क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ने की उम्मीद, सुरंग निर्माण का काम तेजी से जारी।
- **झाबुआः** इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के आगे बढ़ने से आदिवासी अंचल में रेल कनेक्टिविटी का इंतजार तेज हुआ।
- **आलीराजपुरः** पश्चिमी मध्यप्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ने के पूर्वानुमान के बीच जिले में मौसम पर प्रशासन की नजर।

---

मोहन यादव सरकार में विभागों के गठन के बाद लोक निर्माण विभाग अलग मंत्री को दिया गया

# महत्वपूर्ण विभागों में बड़े और अंतर-विभागीय फैसलों में बेहतर समन्वय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार और मौजूदा डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल की कार्यप्रणाली की तुलना करें तो एक बड़ा अंतर विभागों के बंटवारे को लेकर नजर आता है। शिवराज सरकार के अंतिम कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील विभाग अलग-अलग वरिष्ठ मंत्रियों के पास थे, जबकि मोहन यादव सरकार में कई बड़े विभाग मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने पास रखे हैं। भाजपा की मौजूदा मंत्रिपरिषद सूची में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, गृह एवं जेल सहित कई महत्वपूर्ण विभाग दर्ज हैं।



### गृह और जेल–नरोत्तम मिश्रा से सीधे मुख्यमंत्री के पास

शिवराज सरकार में सबसे महत्वपूर्ण विभागों में शामिल गृह, जेल, संसदीय कार्य तथा विधि एवं विधायी कार्य की जिम्मेदारी डॉ. नरोत्तम मिश्रा संभाल रहे थे। 2020 में विभागों के बंटवारे के समय भी नरोत्तम मिश्रा को गृह, जेल, संसदीय कार्य और विधि विभाग दिए गए थे। 2023 के विधानसभा चुनाव तक भी नरोत्तम मिश्रा गृह मंत्री थे। चुनाव परिणाम में उन्हें दतिया सीट से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सत्ता परिवर्तन के साथ गृह और जेल जैसे महत्वपूर्ण विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास आ गए।

### लोक निर्माण विभाग–गोपाल भार्गव की जगह बदला समीकरण

शिवराज सरकार में वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव लोक निर्माण विभाग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। 2023 के चुनाव तक वे लोक निर्माण मंत्री थे। मोहन यादव सरकार में विभागों के गठन के बाद लोक निर्माण विभाग अलग मंत्री को दिया गया, लेकिन गोपाल भार्गव जैसे वरिष्ठ नेताओं को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला। इससे शिवराज सरकार के समय के विभागीय ढांचे में बड़ा बदलाव देखने को मिला।

### मुख्यमंत्री के पास विभागों का बड़ा दायरा

इस तुलना से स्पष्ट है कि गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, खनिज साधन, विमानन, लोक सेवा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण विभागों का बड़ा हिस्सा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास है। भाजपा की वर्तमान मंत्रिपरिषद सूची में भी मुख्यमंत्री के पास गृह-जेल और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन जैसे प्रमुख विभाग दर्ज हैं। यही वजह है कि राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में यह सवाल उठता रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के पास इतने बड़े विभागों का एक साथ होना प्रशासनिक बोझ बढ़ा रहा है? दूसरी ओर, सरकार का पक्ष यह हो सकता है कि महत्वपूर्ण विभाग सीधे मुख्यमंत्री के पास रहने से बड़े और अंतर-विभागीय फैसलों में बेहतर समन्वय हो सकता है। शिवराज सरकार के दौर में जहां नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और राजेंद्र शुक्ल जैसे वरिष्ठ मंत्री बड़े मंत्रालय संभालते थे, वहीं सत्ता परिवर्तन के बाद विभागीय संरचना में बड़ा बदलाव हुआ।

### नगरीय प्रशासन–भूपेंद्र सिंह के हाथों से निकला विभाग

शिवराज सरकार में भूपेंद्र सिंह के पास नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी थी। वे खुरई से विधायक हैं और शिवराज सरकार के दौरान परिवहन तथा गृह जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी संभाल चुके थे। 2023 में चुनाव तक उनके पास नगरीय प्रशासन विभाग था। मोहन यादव सरकार में यह विभाग दूसरे मंत्री को सौंपा गया और भूपेंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली।

### खनिज विभाग–बृजेंद्र प्रताप सिंह से मुख्यमंत्री के पास

शिवराज सरकार में बृजेंद्र प्रताप सिंह खनिज संसाधन विभाग के मंत्री थे। 2023 के चुनाव तक वे इस महत्वपूर्ण विभाग को संभाल रहे थे। मोहन यादव सरकार के विभागीय बंटवारे में खनिज साधन विभाग मुख्यमंत्री के पास रखा गया। खनन और राजस्व की दृष्टि से यह प्रदेश का बेहद महत्वपूर्ण विभाग माना जाता है।

### वन विभाग–विजय शाह के पास था

शिवराज सरकार में विजय शाह वन मंत्री थे और 2023 के चुनाव तक उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली। हालांकि वर्तमान मोहन सरकार में वन विभाग दूसरे मंत्री के पास है, इसलिए इसे मुख्यमंत्री के पास चले गए विभागों की सूची में शामिल करना सही नहीं होगा।

### औद्योगिक नीति–राजवर्धन सिंह से मुख्यमंत्री के पास

शिवराज सरकार में राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के पास औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग था। 2023 के विधानसभा चुनाव तक वे इस विभाग के मंत्री रहे। वर्तमान व्यवस्था में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास है।

### नर्मदा घाटी विकास भी मुख्यमंत्री के पास

नर्मदा से जुड़े बड़े बांध, सिंचाई और जल परियोजनाओं के लिहाज से नर्मदा घाटी विकास विभाग बेहद महत्वपूर्ण है। वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इस विभाग की समीक्षा कर रहे हैं। जून 2026 में उन्होंने नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की थी।

### जनसंपर्क भी मुख्यमंत्री के पास

शिवराज सरकार में जनसंपर्क विभाग अलग मंत्री के पास रहा। अंतिम कार्यकाल में यह जिम्मेदारी वरिष्ठ मंत्री राजेंद्र शुक्ल के पास थी। 2023 के चुनाव तक राजेंद्र शुक्ल जनसंपर्क मंत्री थे। मोहन यादव सरकार में जनसंपर्क विभाग मुख्यमंत्री के पास रखा गया है। यही विभाग सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और नीतियों को जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है।

### वित्त विभाग भी अलग मंत्री के पास था

शिवराज सरकार में जगदीश देवड़ा वित्त मंत्री थे। 2023 के चुनाव तक वे वित्त विभाग संभाल रहे थे। वर्तमान में भी वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास नहीं है, इसलिए यह भी उन विभागों में शामिल नहीं है जिन्हें मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा है।

### जल संसाधन विभाग–सिलावट के पास

शिवराज सरकार में तुलसी सिलावट जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग संभाल रहे थे। मौजूदा सरकार में भी जल संसाधन का विभाग अलग मंत्री के पास है।

---

# पश्चिमी चमक-धमक छोड़ हिंदू रीति-रिवाज से शादी करेंगे तीन विदेशी जोड़े गूंजेंगे वैदिक मंत्र

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन और बाबा महाकाल की शरण में एक बार फिर विदेशी मेहमान पूरी तरह भारतीय संस्कृति के रंग में रंगे नजर आएंगे। पश्चिमी भौतिकवाद से दूर, सनातन धर्म, भारतीय परिवार व्यवस्था और योग के आध्यात्मिक मार्ग से गहराई तक प्रभावित होकर इटली, स्पेन और इंग्लैंड के तीन विदेशी जोड़े हिंदू वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। इन जोड़ों ने विवाह के लिए अपने देश के बजाय उज्जैन की पवित्र भूमि को प्राथमिकता दी है।

22 अगस्त को निनोरा स्थित आनंदमय वेलनेस रिट्रीट में शाम 6 से 8:30 बजे के बीच यह विशेष वैवाहिक समारोह आयोजित होगा। अग्नि को साक्षी मानकर ये जोड़े सात फेरे लेंगे। खास बात यह है कि ये सभी योग तथा भक्ति के मार्ग पर चलते हुए इन्होंने भारतीय आध्यात्मिक नामों को भी अपना लिया है।

### अनुबंध नहीं, जन्म-जन्मांतर का है यह पवित्र रिश्ता

पश्चिमी देशों में विवाह को अक्सर एक कानूनी अनुबंध (लीगल कॉन्ट्रैक्ट) के रूप में देखा जाता है, जिसमें भावनात्मक जुड़ाव से ज्यादा व्यावहारिक शर्तें होती हैं। डॉ. ओमानंद गुरुजी बताते हैं कि इन विदेशी साधकों ने भारतीय विवाह पद्धति की उस गहराई को समझा है, जहां विवाह सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और आत्माओं का जन्म-जन्मांतर का अटूट बंधन होता है।

**आध्यात्मिक आकर्षण का केंद्र-** विदेशियों द्वारा भारतीय संस्कृति को अपनाने का यह सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी इटली, अमेरिका और पेरू के तीन विदेशी जोड़ों ने निनोरा में वैदिक मंत्रों के बीच सात फेरे लिए थे। अध्यात्म की खोज में आने वाले ये विदेशी अब पारिवारिक जीवनशैली के मुरीद हो चुके हैं। छह विदेशी जोड़ों का उज्जैन आकर हिंदू विवाह संस्कार को अपनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि दुनिया भर में सनातन संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का सम्मान तेजी से बढ़ रहा है।

---

# इंदौर का सफाई मॉडल अपनाएगा बंगाल, अफसरों की टीम आई इंदौर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देश के सबसे साफ शहरों में शामिल इंदौर का सफाई मॉडल अब बंगाल अपनाएगा। इसके लिए बंगाल के कैबिनेट मंत्री दिलीप घोष के साथ अफसरों की टीम इंदौर आई है। इसमें आईआईटी प्रोफेसर, इंजीनियर और स्वच्छता मिशन के अफसर शामिल हैं। वे यहां रहकर इंदौर की सफाई व्यवस्था को देख रहे हैं और फिर इसे बंगाल के शहरों में लागू करेंगे।

टीम ने यहां कंट्रोल रूम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कचरा सेग्रीगेशन, कलेक्शन और प्रोसेसिंग सिस्टम को करीब से समझा। मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि इंदौर आज नहीं, बल्कि करीब 20 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। बंगाल की टीम इसी यात्रा और सिस्टम को समझने आई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की चर्चा होते ही इंदौर का नाम सबसे पहले आता है, इसलिए इसे मॉडल मानकर पूरी व्यवस्था का अध्ययन किया जा रहा है। बंगाल की टीम ने इंदौर में सफाई कैसे होती है, कचरा कहां से उठता है, कैसे अलग होता है, कहां पहुंचता है और किस तरह प्रोसेस होता है, इसका बारीकी से अवलोकन किया। इसके बाद टीम ने कंट्रोल रूम के साथ फील्ड और प्रोसेसिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया। इंदौर कई मायनों में देश के बाकी शहरों से आगे है। इंदौर ने लंबे समय में जो सिस्टम तैयार किया है, उसे समझकर बंगाल में चरणबद्ध तरीके से लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

---

शहर की जनता यातायात नियमों से अनजान

# प्रतिदिन 200 ई-चालान बनाए जा रहे...

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**





ऐसा लगता है कि उज्जैन की जनता को यातायात नियमों की जानकारी नहीं है। तभी तो प्रतिदिन औसतन 200 ई चालान बनाकर लोगों को मैसेज पर भेजे जा रहे हैं। शहर के प्रमुख चौराहों की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए 6 साल पहले शहर में स्मार्ट सिटी कंपनी ने आधुनिक इंटीग्रेटेड ट्राफिक सिस्टम लगाए थे। तब से लेकर अब तक सिग्नलों के ऊपर लगे आधुनिक सीसीटीवी कैमरों में रोजाना सैकड़ों लोग ट्राफिक के नियम तोड़ते कैद हो रहे हैं।

स्मार्ट सिटी के कमांड एंड कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में 20 चौराहों पर रोजाना 300 से अधिक लोग रेड लाईट, जेब्रा क्रासिंग और अन्य नियमों को तोड़ते हुए कैमरों में कैद हो रहे हैं। इसके अलावा दो पहिया वाहनों पर 3 सवारी बैठाना, बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए भी नजर आ रहे हैं।

यातायात विभाग ने शहर के 20 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल तोडने. वाले लोगों के नाम एलईडी स्क्रीन पर सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है, इसके बावजूद हर घंटे औसतन 800 वाहन चालक ट्रैफिक सिग्नल तोड़ रहे हैं। शहर के 20 चौराहों और तिराहों को चिन्हित किया गया था। सभी चौराहों और तिराहों की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए यहां आधुनिक ट्रैफिक सिस्टम लगाए गए थे। उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे जो तेज भागते वाहन किस आप तस्वीर लेने में सक्षम हैं लगाए गए थे। इसके अलावा सभी चौराहों पर स्पीड गवर्नर लगाकर इन्हें विभाग के कंट्रोल रूम से सीधा जोड़ा गया था।

---

# इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए एक और मौका दिया गया है। ऑल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संशोधित अकादमिकम कैलेंडर जारी किया है। इसके तहत अब इंजीनियरिंग कॉलेजों में खाली रह गई स्वीकृत सीटों पर 14 सितंबर तक प्रवेश दिए जा सकेंगे। इससे एमबीए, बीसीए, बीबीए के साथ बीटेक और एमसीए जैसे एआईसीटीई-अनुमोदित पाठ्यक्रमों में प्रवेश का एक और अवसर मिलेगा। डीटीई की ओर से गुरुवार से कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) शुरू की गई है। इसके जरिए विद्यार्थी सीधे अपनी पसंद के कॉलेज में संपर्क कर उपलब्ध सीटों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

---

# मध्यप्रदेश में 32 आईएएस अफसरों के तबादले, बदले कई जिलों के सीईओ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 32 अधिकारियों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में कई जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), नगर निगम आयुक्त और अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारियों को बदला गया है। इसके साथ ही कई अधिकारियों को मंत्रालय में उप सचिव और नगरीय प्रशासन सहित अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। अभिषेक चौधरी को जिला पंचायत धार से नगर निगम ग्वालियर का आयुक्त बनाया गया है। संघ प्रिय को नगर निगम ग्वालियर से जिला पंचायत सिंगरौली का सीईओ बनाया गया है।

---

पुराने पत्थर, वही स्थापत्य और राजस्थान के हुनरमंद कारीगर...

# उज्जैन में 1000 साल पुराना इतिहास फिर ले रहा आकार

## 25-30 फीट गहरी खुदाई में मिला था प्राचीन ढांचा, परमकालिन शिव मंदिर के मिले थे अवशेष

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर परिसर में एक हजार वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर को फिर से जीवित किया जा रहा है। मई 2020 में विस्तारीकरण कार्यों के दौरान 25 से 30 फीट गहरी खुदाई में मिले परमारकालीन शिव मंदिर के अवशेषों से अब उसी प्राचीन शैली में मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया है। पुरातत्व विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्य का मुख्य उद्देश्य महाकाल मंदिर के गौरवशाली इतिहास और प्राचीन शैव स्थापत्य को पुनर्स्थापित करना है। वर्ष 2020-21 की खोदाई के दौरान भूमिगत गर्भगृह के अवशेष, प्राचीन शिवलिंग, नंदी, गणेश, मां चामुंडा और शार्दूल की प्रतिमाएं मिली थीं। इसके अलावा भूमिज शैली में निर्मित मंदिर के स्तंभ, कुंभ भाग, आमलक, भारवाही कीचक और कपोतिका जैसे कई स्थापत्य खंड प्राप्त हुए थे।

### 2027 तक पूर्ण होगा 37 फीट ऊंचा मंदिर

महाकाल मंदिर के मुख्य शिखर के ठीक सामने बन रहे इस मंदिर की कुल ऊंचाई लगभग 36 से 37 फीट होगी। इस संपूर्ण परियोजना पर लगभग 65 से 90 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। मंदिर का आधार (फाउंडेशन) तैयार हो चुका है और विशेषज्ञों ने आगामी 1 से 1.5 वर्ष के भीतर (वर्ष 2027 के अंत तक) इसे पूरी तरह पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



### राजस्थान के बेसाल्ट पत्थरों और विशेष कारीगरों का हुनर

पुरातत्व विभाग ने सभी प्राप्त अवशेषों का वर्गीकरण कर उनकी नंबरिंग की है, ताकि प्रत्येक पत्थर को उसके मूल स्थान पर ही जोड़ा जा सके। निर्माण के लिए राजस्थान से 28 विशेष कारीगरों को बुलाया गया है। खोदाई में मिले मूल पत्थरों का उपयोग प्राथमिकता से किया जा रहा है। जहां पत्थर कम या क्षतिग्रस्त हैं, वहां राजस्थान से विशेष बेसाल्ट (काले) पत्थर मंगवाकर तराशे जा रहे हैं।

**खुदाई मे निकला था मंदिर-** विशेषज्ञ के अनुसार, मई 2020 में महाकाल मंदिर विस्तार कार्य के दौरान हुई गहरी खुदाई में एक प्राचीन मंदिर के अवशेष सामने आए थे। करीब 25 से 30 फीट नीचे मिले इस ढांचे में शिवलिंग, नंदी, गणेश, मां चामुंडा और शार्दुल की प्रतिमाएं मिलीं। पुरातत्व विशेषज्ञों ने इसे परमारकालीन मंदिर बताया था। महाकाल मंदिर परिसर में शिखर के अग्र भाग के सामने एक हजार वर्ष पुराने शिव मंदिर का पुनर्निर्माण तेजी से जारी है।

### मंदिर पुनर्निर्माण की प्रमुख बातें

- **ऊंचाईः** महाकाल मंदिर के मुख्य शिखर के सामने बन रहे इस मंदिर की ऊंचाई लगभग 36 से 37 फीट होगी।
- **लागतः** इस परियोजना पर करीब 65 से 90 लाख रुपये का खर्च आने का अनुमान है।
- **समयसीमाः** मंदिर का आधार बनकर तैयार हो चुका है। विशेषज्ञ इसे आगामी 1 से डेढ़ वर्ष में (2027 के अंत तक) पूर्ण करने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं।

---

# सड़क पर मिली एक जिंदगी को मिला फिर से जीने का हक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इंदौर में मानवता और संवेदनशील प्रशासन की एक मिसाल उस समय सामने आई, जब वर्ल्ड कप चौराहे पर एक व्यक्ति के पूर्ण नग्न अवस्था में सड़क किनारे पड़े होने की सूचना कलेक्टर शिवम वर्मा को मिली। सूचना मिलते ही कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित टीम को मौके पर भेजा और व्यक्ति की मदद के निर्देश दिए। टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर लाया। उसे स्नान कराया गया, साफ-सुथरे एवं नए कपड़े पहनाए गए और उसकी व्यक्तिगत स्वच्छता तथा गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया। इसके बाद उसे एक व्यवस्थित एवं सम्मानजनक स्वरूप में लाया गया प्रारंभिक स्थिति में व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा कमजोर प्रतीत हो रहा था। उसकी स्थिति को देखते हुए अब उसे उचित उपचार एवं देखभाल के लिए मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

## न्यूज कालम



### अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**आलीराजपुर।** अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में नगर पालिका कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि स्वच्छ एवं हरित महाअभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों के संरक्षण और उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए नगरवासियों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित नगर तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण निर्माण का संदेश दिया। नगर पालिका द्वारा आगामी दिनों में भी अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### नगर में मातृशक्ति एवं बाल कावड़ यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए गातला मंदिर पहुंची



**टाण्डा।** नगर में शुक्रवार को मातृशक्ति एवं बाल कावड़ यात्रा निकाली गई। जो नरसिंग मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़े महादेव(गातला) पहुंची। जहाँ पर कावड़ियों द्वारा बाबा महाँकाल का जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे डीजे की धुन पर 'बोल बम' के जय घोष के साथ हाथ मे कावड़ उठाकर कर चल रहे थे। कावड़ यात्रा का खरवाली फाटे पर पहुँचने पर भाजपा मंडल महामंत्री जड़ाव सिंह मंडलोई मित्र मंडल के नेतृत्व में मंच बनाकर फूलों से स्वागत किया। इस दौरान सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। इंडियन ऑयल पैट्रोल पंप पर सभी कावड़ यात्रियों ने स्वल्पहार किया।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर न्यायालय परिसर में वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति, न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में वरिष्ठजनों, सम्मानीय अधिवक्ताओं एवं आमजन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश मोहम्मद असलम देहलवी, योगेश चालीसा एवं सुश्री आकांक्षा गर्ग ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे परिवार और समाज की नींव हैं। उनके जीवन का अनुभव, मार्गदर्शन, संस्कार एवं नैतिक मूल्य युवा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण हैं। बुजुर्ग परिवार को भावनात्मक संबल देने के साथ ही समाज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को वरिष्ठजनों का सम्मान और उनकी सेवा करनी चाहिए। एजीपी गोपाल चौहान ने कहा कि वरिष्ठजनों के पास जीवन का व्यापक अनुभव और ज्ञान होता है। कठिन परिस्थितियों में उनका मार्गदर्शन परिवार एवं युवा पीढ़ी के लिए बेहद उपयोगी साबित होता है। वे बच्चों को संस्कार, प्रेम, एकता और नैतिक मूल्यों की सीख देते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजनों एवं उपस्थित अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया।

### नर्सिंग कॉलेज छात्रों ने बेरिकेट्स तोड़ सांसद कार्यालय का किया घेराव



**खरगोन।** पिछले चार दिन से बिस्टान नाका तिराहा पर नर्सिंग कॉलेज की मान्यता को लेकर गहराये विवाद के चलते शैक्षणिक कैलेंडर में आए बदलाव को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आक्रोश शनिवार को फूट पड़ा। शासन-प्रशासन स्तर पर कोई पहल नहीं होने से नाराज छात्र-छात्राएं नारेबाजी करते हुए धरना स्थल से रैली के रुप में एसडीएम कार्यालय परिसर स्थित सांसद कार्यालय घेराव करने पहुंच गए। छात्रों के प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस ने सांसद कार्यालय से करीब 50 फीट की दूरी पर पहले ही बेरिकेट्स लगाकर छात्रों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए बेरिकेट्स को धक्का मार दिया और सांसद कार्यालय की ओर दौड़ लगा दी। प्रदर्शन में शामिल सचिन रंधावे, कृष्णा, प्रभु सोलंकी, सुनील बड़ोले, किरण चौहान, रुसी सेमले, प्रियंका कनासे, निर्मला रावत आदि ने बताया की नर्सिंग कालेजों की मान्यता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण उनका पूरा करियर अधर में लटक गया है। हालात यह हैं कि जिन छात्रों ने साल 2020-21 में एडमिशन लिया था और जिनका कोर्स 2024 में पूरा हो जाना चाहिए था। वे 2026 तक भी परीक्षा, रिजल्ट और डिग्री के लिए भटक रहे हैं। छात्रों की मांग है कि जनप्रतिनिधि हमारी मांग संसद में उठाए और सरकार के माध्यम से निराकरण कराए।

# सांदीपनी एकेडमी के खिलाड़ियों ने सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर में रचा इतिहास

## अंडर-17 टीम ने जीता स्वर्ण पदक, अंडर-19 टीम ने हासिल किया कांस्य पदक





'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर के खिलाड़ियों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट 2026 में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-17 बालक कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अंडर-19 बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया।

अंडर-17 टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने मुकाबलों में बेहतरीन तालमेल, आक्रामक खेल और मजबूत रक्षात्मक रणनीति का परिचय दिया। टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर सांदीपनि एकेडमी ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।वहीं, अंडर-19 टीम ने भी प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और खेल भावना से विद्यालय को गौरवान्वित किया।विद्यालय प्रबंधन ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों, उनके कोच कार्तिक अम्बेकर को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, समर्पण और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।सांदीपनी एकेडमी के इस दोहरे प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। अंडर-17 टीम का स्वर्ण और अंडर-19 टीम का कांस्य पदक विद्यालय की खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल संस्कृति का प्रमाण है। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में भी इसी उत्साह और आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



## पुलिस ने 10.97 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ अलीराजपुर

आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है, इसी क्रम में थाना सोरवा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम मोरियावाड़ा सयणी फलिया में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। 20 अगस्त को थाना प्रभारी सोरवा उप निरीक्षक मुकेश कनासिया देहात भ्रमण के दौरान ग्राम मोरियावाड़ा सयणी फलिया में नाले के पास बने रामसिंह मोर्य के घर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब की पेटियां रखी हुई हैं। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति उमठ बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आलीराजपुर श्री शक्तिसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सोरवा के द्वारा अपने अधीनस्थ टीम के साथ मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर दबिश दी गई घर की तलाशी लेने पर अंदर बड़ी संख्या में शराब की पेटियां मिलीं, जिसे पुलिस ने जप्त कर शराब की गणना एवं जांच करने पर माउण्ट बीयर की कुल 216 पेटियां, 24 टिन डिब्बे तथा प्रत्येक डिब्बे में 500 एम.एल. शराब भरी हुई थी, बरामद हुई।

## 3 दिन में अतिक्रमण हटाओ, वरना सामग्री जप्त कर वसूलेंगे खर्च

### बिना अनुमति निर्माण पर नगर पालिका नेपानगर की सख्ती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर।

नगर पालिका परिषद नेपानगर ने बिना अनुमति अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पालिका ने लीज पर दिए गए वाणिज्यिक हॉल में मनमर्जी से निर्माण करने पर अमन मेडिकल केयर के प्रोपराइटर को नोटिस जारी कर 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी नोटिस क्रमांक 3109 दिनांक 21 अगस्त में स्पष्ट कहा गया है कि निकाय की अनुमति के बिना किया गया कोई भी निर्माण गैर वैधानिक है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 19 अगस्त को हुए मौका स्थल पंचनामा में भी इन अनियमितताओं की पुष्टि हुई। नोटिस में नगर पालिका ने निर्देश दिए हैं कि उक्त कार्य तत्काल प्रभाव से बंद कर 3 दिन के भीतर सभी सामग्री हटाकर स्थान को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। यदि समय-सीमा में अनुपालन नहीं हुआ तो पालिका स्वयं जेसीबी और अमले के साथ सामग्री हटाकर अतिक्रमण मुक्त करेगी। इस दौरान होने वाला पूरा खर्च संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। साथ ही नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। पालिका ने यह भी कहा कि केवल सीढ़ी-रैंप के लिए आवेदन दिया गया है, बाकी किसी भी कार्य की अनुमति नहीं ली गई। नोटिस की प्रति कलेक्टर बुरहानपुर और एसडीएम नेपानगर को सूचनार्थ भेजी गई है। पालिका का यह कदम अवैध निर्माण पर नकेल कसने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## अवैध मदिरा के विरूद्ध आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**बड़वानी।**जिले में अवैध मदिरा की बिकी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु कलेक्टर जयति सिंह जिला बड़वानी द्वारा निर्देश दिये गये है। निर्देश के पालन में 20 अगस्त की शाम जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश मण्डलोई के नेतृत्व में अवैध मदिरा विक्रय पर कार्यवाही के दौरान बड़वानी शहर के मराठा हॉटल, टायगर हॉटल, न्यू नवरंग हॉटल, भगवती हॉटल, सरदार जी का ढाबा एवं दरबार हॉटल पर कार्यवाही के दौरान 116.33 बल्क लीटर विदेशी मदिरा एवं 18.72 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद कर म.प्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) ए के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जप्त मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य राशि 61,500 रुपए है।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा कादरिया बुरहानी स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उठाया परामर्श का लाभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर





ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा शुक्रवार को कादरिया बुरहानी स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में डॉ. पियूष सूर्यवंशी - शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. विकुल देशवाल - ईएनटी सर्जन, डॉ. अकरम खान - जनरल फिजिशियन, डॉ. तनिष्क श्राप - दंत रोग विशेषज्ञ एवं अमित नायडू - नेत्र रोग विभाग शामिल रहे।

चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए आवश्यक परामर्श प्रदान किया। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की विशेष सलाह दी गई। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का निःशुल्क चेकअप कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन एवं कादरिया बुरहानी स्कूल के प्रबंधन के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता के लिए आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया।

## जोबट में पुलिस का सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान

**अलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री ज्योति उमठ बघेल एवं एसडीओपी जोबट श्री आशुतोष पटेल के पर्यवेक्षण में अनुभाग जोबट के सभी थाना क्षेत्रों में दिनांक 20 अगस्त 2026 को सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों एवं बदमाशों की धरपकड़, फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी, गुम मोबाइलों की बरामदगी, गुम इंसान एवं नाबालिगों की दस्तयाबी तथा अन्य राज्यों से प्राप्त साइबर संबंधी नोटिसों की तामीली सुनिश्चित करना रहा। कॉम्बिंग गश्त अभियान के दौरान अनुभाग जोबट के सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखी गई।

## सामने से आया वाहन, बचाने में पलटी बच्चों से भरी स्कूल बस

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

बांगड़दा-गुरवार सुबह बांगड़दा-कालमुखी मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बच्चों को लेकर जा रही एक निजी स्कूल बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के वक्त बस में करीब 45 बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि हादसा बड़ा रूप नहीं ले सका। बताया गया कि स्कूल के पास मोड़ पर अचानक एक वाहन बस के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने बस को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बच्चों तथा स्कूल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली। स्कूल संचालक सचिन भाटे ने अधिकारियों को घटना के संबंध में जानकारी दी। हादसे में करीब 14 बच्चों को मामूली चोटें आने की जानकारी सामने आई। अधिकारियों ने बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। इनमें से 7 बच्चों का सनावद के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। गंभीर चोट नहीं होने पर उपचार के बाद बच्चों को घर भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही संकुल प्रभारी बैंक के के डोंगरे, जनशिक्षक बीआर रेवालपाटी तथा तहसीलदार केशिया सोलंकी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने बच्चों से बातचीत कर उनका हाल जाना और स्कूल प्रबंधन से भी घटना की जानकारी ली। स्कूल बस के पलटने की खबर मिलते ही बच्चों के माता-पिता स्कूल पहुंच गए। बच्चों को सुरक्षित देखकर अभिभावकों ने राहत की सांस ली, लेकिन घटना को लेकर स्कूल प्रबंधन के प्रति नाराजगी भी जताई। अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा और स्कूल वाहनों की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए।

## नपा अधिकारी ने किया वार्ड 5 एवं 6 का भ्रमण

**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तृतीय सप्ताह के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला के नेतृत्व में नगर पालिका के समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान संबंधित वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान नागरिकों से संवाद कर शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना, समग्र ई-केवायसी, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याण पेंशन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

## पीएफ की राशि नहीं मिलने पर पानी की टंकी पर चढ़ा सफाईकर्मी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

पत्नी के निधन के बाद मिलने वाली करीब 1.90 लाख रुपए की पीएफ राशि लंबे समय से अटकी होने से परेशान नगर पालिका के सफाई कर्मचारी ने गुरुवार को ऐसा कदम उठाया कि मौके पर हड़कंप मच गया। कर्मचारी पानी की टंकी पर चढ़ गया और पीएफ राशि का भुगतान नहीं होने पर विरोध जताने लगा। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सफाई कर्मचारी लोहारे की पत्नी का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था। इसके बाद मिलने वाली करीब 1 लाख 90 हजार रुपए की पीएफ राशि के लिए वह लंबे समय से प्रयास कर रहा था। कर्मचारी का कहना था कि राशि के लिए वह कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुका था, लेकिन भुगतान नहीं हो पाया। गुरुवार को अचानक वह पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसे टंकी पर चढ़ा देखकर आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही एसएसआई एसएस पंवार, प्रधान आरक्षक विनोद गोंड सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कर्मचारी से बातचीत शुरू की। पुलिस ने उसे समझाइश दी और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद करीब एक घंटे बाद कर्मचारी टंकी से नीचे उतरा। उसके नीचे आने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पीएफ राशि पोर्टल प्रक्रिया के माध्यम से जारी की जा रही है। कर्मचारी की पत्नी की पीएफ राशि भी पोर्टल पर प्रक्रिया में है। तकनीकी प्रक्रिया पूरी होते ही नियमानुसार राशि का भुगतान किए जाने की बात कही गई। नगर पालिका अधिकारियों ने कर्मचारी को जल्द भुगतान का आश्वासन दिया है। वहीं पुलिस ने भी भविष्य में किसी समस्या के समाधान के लिए इस तरह का कदम नहीं उठाने की समझाइश दी।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारियों हेतु अधिकारियों साथ हुई बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितम्बर, को आयोजित नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी हेतु जिला बड़वानी में श्री महेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के मार्गदर्शन में सचिवन्यायाधीश श्री अमूल मण्डलोई की अध्यक्षता में बैंक शाखा प्रबंधको नगर पालिका अधिकारी, एम.पी.ई.बी के अधिकारीगण के साथ हुई बैठक।

12 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत हेतु प्रिलिटिगेशन स्तर के प्रकरणों का एल अधिक से अधिक निराकरण हेतु सचिव श्री अमूल मण्डलोई द्वारा बैंक, एम.पी.ई.बी. नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को अधिक से अधिक समझौता योग्य प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रैफर करने, नोटिस जारी करने, व निराकृत करने के निर्देश दिये गये। साथ ही विद्युत प्रकरणों में दी जाने वाली छूट, सम्पत्तिकर में दी जाने वाली, बैंक द्वारा दी जाने वाली छूट के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। जिस पर उपस्थित बैंक, एम.पी.ई.बी. नगर पालिका अधिकारियों ने सहमति जताई। बैठक में रॉबिन दयाल जिला विधिक सहायता अधिकारी, एम.पी.ईबी की ओर से कार्यपालन यंत्री कैलाश चोपड़ा अधिवक्ता फरीद शेख, नगर पालिका से रामकरण डावर प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रक में पीछे से घुसा ट्राला, चालक गंभीर घायल

**नीमच।** जावद थाना की नयागांव चौकी क्षेत्र में कानका फंटे के ग्रहां गुरुवार को आगे जा रहे ट्रक के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से पीछे आ रहा ट्राला ट्रक में जा घुसा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्राले का का केबिन बुरी तरह ट्रक के पीछे फंसकर क्षतिग्रस्त हो गया और ट्राले का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिसे केबिन काटकर गंभीर अवस्था में निकालकर एंबुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय में भेजा गया। दुर्घटना के बाद वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी और कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घायल ड्राइवर का उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भरती किया गया।

पश्चिम रेलवे पातालपानी और कालाकुंड के बीच हेरिटेज ट्रेन का संचालन करेगा



| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन | प्रभावी तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 52965 | पातालपानी - कालाकुंड (त्रि-साप्ताहिक) | 22.08.2026 | 11:05 बजे (शुक्र, शनि और रवि) | 13:05 बजे (उसी दिन) |
| 52966 | कालाकुंड - पातालपानी (त्रि-साप्ताहिक) | 22.08.2026 | 15:34 बजे (शुक्र, शनि और रवि) | 16:30 बजे (उसी दिन) |

गाड़ी संख्या 52965 और 52966 की बुकिंग पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

## न्यूज -कॉलम

### खंबे लगाने पर विवाद 2 परिवार के 11 लोग घायल

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में एक ही परिवार से जुडे रोहित पिता दिनेश नरवरिया 27 साल और लोकेश पिता शंकरलाल नरवरिया 29 साल के मकान पास-पास बने है, दोनों के घरों का रास्ता भी एक है। दोनों के परिवार में रास्ते में खंबे गाडकर चद्दर लगाने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच शुरू हुई गाली-गलौच परिवार के आने पर मारपीट में बदल गई। दोनों ओर से पाइप-डंडे और लात-घूंसे चले। रोहित की ओर से परिवार के छह लोग घायल हो गये। वहीं लोकेश के परिवार से पांच लोगों को चोंट आई। विवाद की खबर मिलते ही नरवर पुलिस पालखंदा पहुंच गई थी। विवाद शांत कराया गया और दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। जहां दोनों परिवारों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण कराया गया। घायलों के स्वस्थ्य होने पर मामले में गिरफ्तारी कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### बाइक में तोड़फोड़ कर दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** आगररोड स्थित ग्राम कमेड में रहने वाला राहुल पिता आत्माराम चौहान 37 साल रात में घर के बाहर खडा था। उसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला विजय नामक युवक आया और शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने लगा। राहुल ने उसने रूपये देने से मना किया और आगे जाने की बात कहीं तो विजय ने मारपीट शुरू कर दी और घर के बाहर खडी बाइक में तोडफोड कर जान से मारने की धमकी देने लगा। परिवार के लोग बाहर आये तो विजय भाग निकला। चिमनगंज थाना पुलिस ने राहुल की शिकायत पर विजय के खिलाफ अवैध वसूली और तोडफोड का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि विजय अपराधिक प्रवृति का है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है। मारपीट का दूसरा मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा मार्ग पर पियुष पिता गंगाराम प्राजापति निवासी तिरूपतिधाम कालोनी और उसके साथी लोकेन्द्रसिंह पित कालू ठाकुर निवासी पदमावती कालोनी के साथ हुआ। दोनों से गणेश तिवारी नामक बदमाश ने रंगदारी की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

### मक्सी रोड पर रात 1 बजे आयशर-कार की भिड़ंत

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र मक्सीरोड स्थित पाटपाला में रात 1 बजे के लगभग कार और आयशर वाहन की भिडंत हो गई। गनीमत रही कि बडी दुर्घटना नहीं हुई लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में प्रीतम पिता नारायणसिंह चौहान निवासी आर्दशनगर नागदा परिवार के साथ सवार था। सूचना मिलने पर पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची। बताया जा रहा है कि आयशर वाहन दीपक सोनालिया चला रहा था। पुलिस ने आयशर जप्त कर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया।

### युवक को कुचलने वाली बस देवासरोड से पकड़ाई

**उज्जैन।** कार्तिक मेला ग्राउंड पार्किंग में गुरूवार-शुक्रवार रात 11.30 बजे खुले मैदान में एक युवक सोया हुआ था। पार्किंग में खडी सोनू ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 41 पी 8988 को चालक ने निकालने के लिये रिवर्स लिया। बस का पहिया मैदान में सो रहे युवक पर च? गया। घटनाक्रम के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। घायल को तडफता देख कुछ लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले की खबर मिलते ही महाकाल थाना पुलिस कार्तिक मेला ग्राउंड पहुंची। बस नम्बर सामने आते ही उसे पकडने के लिये वायरलेस सेट पर प्रसारण किया गया। बस देवासरोड तक पहुंच चुकी थी, जहां चैकिंग पाइंट पर खडी पुलिस ने बस को रोक लिया। लेकिन चालक भाग निकला था। पुलिस ने क्लीनर को हिरासत में लेकर बस को जप्त किया है। एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि घायल का नाम पारस बघेल निवासी मुरैना सामने अया है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। बस यात्रियों को लेकर देवदर्शन पर आना सामने आई है। मामले में पार्किंग में काम करने वाले फिरोज खान निवासी जूना सोमवारिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### ट्राले से पोल क्षतिग्रस्त 13 क्षेत्र में बिजली प्रभावित

**उज्जैन।** महिदपुर बस स्टेंड चौराहा के पास तेजगति से दौडते ट्राले ने बिजली का पोल क्षतिग्रस्त कर दिया। पोल पर लगे बिजली के तार टूटकर गिर गये। गनीमत रही कि हादसे के समय तारों की चपेट में कोई नहीं आया। लेकिन 11 केवी लाइन के तार टूटने से गंगाबाडी और नारायणा रोड फीडर से जुडे 13 ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली प्रभावित हो गई। बिजली कर्मचारियों ने करीब 2 घंटे में बिजली व्यवस्था को सुचारू किया। मामले में बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री अजय राही ने ट्राला चालक के खिलाफ बिजली विभाग का क्षति पहुंचाने की शिकायत आवेदन के माध्यम से की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 234-9 | 135-9 |
| मेन बाजार | 129-2 | 389-0 |
| कल्याण नाइट | 257-4 | 567-8 |
| मिलन डे | 116-8 | 223-7 |
| मिलन नाइट | 379-9 | 678-1 |
| मधुर डे | 225-9 | 278-7 |
| मधुर नाइट | 269-7 | 158-4 |
| शुभांक | 3 9 | 7 |

# चोरी के बाद अपनी गाड़ी में लगा लिये थे 4 टायर

## 10 टायर बेचने की फिराक में थे, कैमरों से पारदियों तक पहुंची पुलिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

टायर दुकान का शटर उचकाने के बाद बदमाशों ने लाखों रूपये कीमत के चोरी कर लिये थे। पुलिस ने कैमरों की मदद से बदमाशों तक पहुंची तो पता चला कि चोरी किये चार टायर अपनी गाडी में लगा लिये थे। 10 टायर बेचने की फिराक में छुपाकर रखे है। पुलिस ने गाडी सहित 14 टायर बरामद कर बदमाशों का रिमांड पर लिया है।

बडनगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि 10 अगस्त को शांतिलाल पिता बद्रीलाल मोहरी निवासी प्रभुकुंज कालोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में उनकी रूनिजा रोड स्थित टायर की दुकान का शटर उचाककर बदमाशों ने लाखों रूपये कीमत के 14 टायर चोरी कर लिये है। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों का पता लगाने के लिये एसआई राजेन्द्रसिंह हाडा, प्रधान आरक्षक मांगीलाल मीणा, राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, बनेसिंह, महेश मोर्य मनोहर मोहरी की टीम गठित की गई और कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। बदमाश बडनगर, इंगोरिया से लेकर बदनावर, रतलाम टोल तक फुटेज देखे गये। जिसमें संदिग्ध पिकअप दिखाई दी, जिसके आगे-पीछे नम्बर



नहीं थे। बदमाशों का पता लगाने के लिये तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग शुरू किया और एक टीम रतलाम रवाना की गई। 11 दिन बाद रतलाम के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सिमलावदा से संतोष पिता बरबरिया पारदी 44 साल और अर्जुन पिता भूरालाल पारदी 32 साल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उनसे टायर चोरी का खुलासा होने पर पिकअप वाहन जप्त किया गया। दोनों को बडनगर लाकर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि चोरी के बाद चार टायर अपनी गाडी लगा लिये थे। 10 टायर घर में छुपाकर रखे है। जिन्हे बेचने की फिराक में थे। थाना प्रभारी के अनुसार सभी टायर बरामद कर लिये है। बरामद टायर और पिकअप की कीमत 9 लाख रूपये सामने आये है। बदमाशों के पास से 10 हजार नगद भी मिले है।

### ट्रेन में डकैती डालने वाले गिरोह के रिश्तेदार

थाना प्रभारी सिंगार ने बताया कि पारदी गिरोह के दोनों बदमाशों के खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है। एक बदमाश संतोष बरबरिया गुना के कुख्यात पारदी मोहरसिंह का रिश्तेदार है। मोहरसिंह ने अगस्त 2016 में चलती सलेम-चैन्नई एगमोर एक्सप्रेस ट्रेन विशेष पार्सन वेन में साथियों के साथ डकैती डालकर 5.78 करोड के नोट चोरी किये थे। कोच की छत कटर से काटी गई थी। ट्रेन की विशेष पार्सन वेन में आरबीआई ने सोइल्ड करेंसी के 226 बक्से रखे थे।

# कावड़ यात्रियों पर शुक्रवार को मधुमक्खियों ने किया हमला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



कावड यात्रा लेकर आ रहे यात्रियों पर शुक्रवार दोपहर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। 7 से 8 लोग घायल हो गये। तीनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया।

बताया जा रहा है कि ग्राम कंथारिया के 200 से अधिक लोग गंभीर नदी का जल कावड में भरकर यात्रा पर निकले थे, कावड यात्रा बाबा महाकाल के मंदिर आनी थी। लेकिन अम्बोदिया-नईखेडी के बीच अचानक मधुमक्खियों का एक झुंड उडता हुआ आया और कावड यात्रियों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों को देख यात्रा में अफरा-तफरी मच गई। 7 से 8 लोग घायल हो गये, जिसमें से कंथारखेडी के रहने वाले जीवन पिता बालाराम चौधरी 40 साल, सुनील पिता रामसिंह केवट 28 साल और काजल पिता सुनील केवट 6 वर्ष को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। कुछ घायल आसपास के अस्पताल तक पहुंचे थे। चरक अस्पताल लाये गये, तीनों घायलों का उपचार आब्जर्वेशन वार्ड में किया गया। डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर होना बताई। तीनों घायलों को देर शाम छुट्टी दे दी गई थी।

## पोर्च में रखी बाइक चुराई, सूने मकान का तोड़ा ताला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

चोरों की रात में गश्त जारी है, चिमनगंज क्षेत्र निशाने पर दिखाई दे रहा है। शुक्रवार सुबह गिरीराज रत्न कालोनी में एक मकान के पोर्च से बाइक चोरी होना सामने आया तो दूसरे मकान के ताले टूटे मिले। पुलिस कैमरे देखकर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की गिरीराज रत्न कालोनी में रहने वाले बैंककर्मी सुनील पिता रमेशचंद्र सोलंकी ने अपनी बाइक पोर्च में खडी की थी, पोर्च गेट पर ताला लगा था। तबीयत खराब होने पर वह दवा लेकर सो गये थे। सुबह जागने पर पता चला कि पोर्च का ताला टूटा है और बाइक गायब है। आसपास देखने पर सामने आया कि बदमाश बाइक चुराकर पीछे के रास्ते से लेकर गये है। जहां नाले पर लकडी का पटिया रखा हुआ है। आशंका जताई कि बाइक उसी पटिये के सहारे नाला पार कराई गई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बाइक चोरी की खबर कालोनी में फैली तो सी सेक्टर में रहने वाले परिवार के सूने मकान का ताला भी टूटा होना सामने आया। मकान में रहने वाले परिवार के पडोसी ने पुलिस और परिवार को सूचना दी। बताया जा रहा है कि घर में नगद रूपये रखे थे। परिवार के लौटने पर चोरी गये सामान का पता चल पायेगा। विदित हो कि चिमनगंज थाना क्षेत्र में 15 से 18 अगस्त के बीच भी तीन चोरी की वारदात होना सामने आया था। बदमाशों ने तिरूपति गोल्ड कालोनी में 2 मकानों के साथ आगररोड स्थित एक कालोनी में मकान का ताला तो?ा था। इससे पहले भी जुलाई माह में बदमाशों ने चिमनगंज थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात की थी।

## मादक पदार्थ गांजे के साथ हिरासत में 3 आरोपी

### पूछताछ जारी आज हो सकता है खुलासा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के लिये जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को बडी कामयाबी मिली है। 3 आरोपियों को हिरासत में लेकर बडी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई जारी है। तीनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

बताया जा रहा है कि चिमनगंज थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर 3 लोगों को हिरासत में लिया है। जिसमें 2 उडीसा के रहने वाले बताये जा रहे है। जो मादक पदार्थ गांजे की डिलेवरी देने के लिये उज्जैन आये थे। पुलिस ने तीनों को घेराबंदी में पकडने के बाद 50 किलो के लगभग गांजा बरामद किया है। तीनों से देर रात तक पूछताछ जारी थी, जिनके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण भी दर्ज किया जा रहा है। आज मामले का खुलासा कर आरोपियों को रिमांड पर लिया जायेगा। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि इतनी मात्रा में गांजा किये देने आये थे। पूर्व में भी तस्कर उज्जैन आये है? पुलिस उनसे जुडे अवैध कारोबारियों की जानकारी भी जुटा रही है। संभावना है कि शहर में गांजा तस्करी के कई खुलासे हो सकते है। फिलहाल पुलिस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बडी मात्रा में गांजा बरामद करने की पुष्टि की है।

## होटल-ढाबों पर आबकारी टीम की दबिश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अवैध शराब परोसने और परिवहन करने वालों की धरपकड के लिये आबकारी विभाग ने एक बार फिर मैदान संभाला और होटल-ढाबों पर दबिश दी। 17 आरोपियों को हिरासत में लेकर शराब के साथ एक वाहन जप्त किया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होटल-ढाबों पर अवैध शराब को लेकर विभाग की टीमों ने दबिश मारी। नगर निगम सीमा के कालभैरव मंदिर क्षेत्र के साथ संगम ढाबा, अन्नू का ढाबा, माली ढाबा, युवराज ढाबा, अग्रवाल ढाबा, जियाजी ढाबा, आपका अपना मां कालिका ढाबा, ग्राम ओरडी, आक्यालिंबा, खेडावदा, उदयपुरा, जंजाखेडी, टूटियाखेडी में चैकिंग की गई। ढाबों पर अवैध तरीके से मदिरापान कराने वाले संचालकों के विरूद्ध धारा 36 में कार्रवाई की गई। ढाबों-




होटलों पर चैकिंग के साथ ही उज्जैन में आने वाले मार्गो पर वाहनों को भी चैक किया गया। कार्रवाई के दौरान 17 आरोपियों को पकडा गया और 19 लीटर शराब के साथ एक वाहन जप्त किया गया। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंदा के अनुसार विभाग की टीम समय-समय पर लगातार कार्रवाई कर रही है। आगामी दिनों में भी टीम का अभियान जारी रहेगा।

### नात परिवर्तन सूचना

मैं नौशीन अली (NOUSHEEN ALI) पिता साबिर अली आमजन को सुचित करना चाहती हूँ की वर्तमान में मैंने अपना मैंकरके नौशीन अली (NOUSHEEN ALI) से नौशीन अली (NAUSHEEN ALI) कर लिया है। और अब से मैं वर्तमान तथा भविष्य में भी मैं इसी उपरोक्त नाम नौशीन अली (NAUSHEEN ALI) इसी नाम से जानी जाऊँगी ।

**पता-31, मदार गेट, पोस्ट ऑफिस उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. पिन कोड ( 456001 )**

### विपणन सहकारी एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित

पिपलियामंडी, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 398 दिनांक 17/11/1958 संशोधित पंजीयन क्रमांक 1625 दिनांक 02/08/1991

क्रमांक / पिपलियामंडी, दिनांक 24/08/2026

#### वार्षिक साधारण सभा की सूचना

विपणन सहकारी एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित पिपलियामंडी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की कार्यकारिणी के ठहराव क्रमांक 12 दिनांक 01/08/2026 के अनुसार, वार्षिक साधारण सभा दिनांक 09/09/2026, बुधवार को स्थान - संस्था कार्यालय, पिपलियामंडी पर समय दोपहर 1:00 बजे आयोजित की गई है। अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

खूबचंद देवाणी, प्रबंधक — दिपक कुमार जैन, अध्यक्ष

विपणन सहकारी एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित, पिपलियामंडी

एवं समस्त संचालक मंडल, विपणन सहकारी एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित, पिपलियामंडी

उपहार में मांगना होगा बुराई छोड़ने का वचन....

## केन्द्रीय जेल में 6 घंटे मनाया जायेगा रक्षाबंधन का पर्व

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में 28 अगस्त को 6 घंटे मनाया जायेगा। इस दौरान बंदियों से उनकी बहनों की मुलाकात कराई जायेगी। जेल प्रशासन की ओर से बहनों के लिये निर्देश जारी किये है। जिसका पालन करना होगा।

केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि रक्षाबंधन पर जेल बंदी भी पर्व मना सकेगें। इसको लेकर बहनों के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही हे। रक्षाबंधन पर शासकीय अवकाश रहेगा, बावजूद इसके वर्षो से जारी भाई-बहनों की मुलाकात को लेकर 6 घंटे का समय तय किया गया है। बहनें अपने बंदी भाईयों को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्षासूत्र बांध सकेगी। जेल प्रशासन की ओर से भाई-बहनों की मुलाकात के लिये निर्देश जारी किये गये है। जिसमें बहनों को केवल मुलाकात के लिये 15 मिनट का समय दिया जायेगा। बहनों के साथ 3 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। बहनों को मुलाकात पंजीयन के लिये फोटोयुक्त परिचय पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति लाना होगी। एक बंदी से एक बार ही मुलाकात कराई जायेगी, सभी बहने एक साथ आये। जेल अधीक्षक ने बहनों से अपील की है कि पर्व की गरिमा को बनाये रखने के लिये निर्देशों का पालन करें। बंदी भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उपहार के रूप में बुराई त्यागने का वचन मांगे और अच्छे नागरिक बनने की बात कहें। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी भाईयों से मुलाकाल के लिये आने वाली बहनों को जेल प्रशासन की ओर से स्टील की थाली, राखी, कुमकुम, चावल, फूटा हुआ नारियल, 250 ग्राम मिठाई, एक फल जेल की केंटिन से उपलब्ध कराया जायेगा। मुलाकात से पहले महिला स्टॉफ को तलाशी देना अनिवार्य होगा। जेल प्रांगण में झोला, बेग, पर्स, केरीबेग, नगर राशि, मोबाइल, बाहर से निर्मित खाद्य सामग्री के साथ नशीली वस्तु पर प्रतिबंध रहेगा।

**SBI** भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त संपत्ति वसूली शाखा, (एसएआरबी) पुणे - 10151 : वर्धमान बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, सेवन लव्स चौक, शंकरशेठ रोड, पुणे- 42. फोन : 7710008971 ईमेल : sbi.10151@sbi.co.in.

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, जिसे सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंसतुक के साथ पढ़ा जाएगा।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण और विशेष रूप से कर्जदार (ओं) और जमानतदार (ओं) को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/भरि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका भौतिक कब्ज़ा सुरक्षित लेनदार, भारतीय स्टेट बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सुरक्षित लेनदार भारतीय व स्टेट बैंक को संबंधित कर्जदार (ओं) और जमानतदार (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए सया राशि की वसूली के लिए 22.09.2026 को 12:00 से 22.09.2026 को 16:00 बजे तक "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा जैसा कि नीचे निर्दिष्ट है:

| क्रम सं. | कर्जदार (ओं) का नाम | वसूली के लिए कुल देय राशि | अचल संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य (रु. में) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (रु. में) | संपत्तियों के निरीक्षण की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | श्री चंद्रशेखर दशरथ गिरी और सुश्री ऋचा गौतम पता: मार्फत श्री दलजीत सिंह गौतम सी - 41/11 ऋषि नगर एक्सटेंशन, कालिदास मोंटेसरी स्कूल के सामने, उज्जैन मध्य प्रदेश-456010 | रु. 32,91,505.00 (रुपये बत्तीस लाख इक्यानबे हजार पांच सी पांच मात्र) 19.12.2024 तक, उसके बाद के ब्याज, आनुषंगिक खर्चो और लागतों आदि के साथ | संपत्ति आईडी: SBIN0520264 फ्लैट नंबर बी-705 का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा, जो सर्वे नंबर 95/2 मौजे वाकड, तालुका-मुळशी में स्थित है, प्रशासनिक रूप से लगभग 866 वर्ग फुट (80.45 वर्ग मीटर) कालीन क्षेत्र और उससे सटे छत का क्षेत्रफल 201 वर्ग फुट (18.67 वर्ग मीटर) कालीन क्षेत्र, यानी कुल बिक्री योग्य / निर्मित क्षेत्र 1387 वर्ग फुट (128.85 वर्ग मीटर) "बी" बिल्डिंग में 7वीं मंजिल पर, जिसे "विस्टरिया" के रूप में जाना जाता है, जिसमें अटैच्ड पार्किंग P-6 है, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम की सीमा के भीतर। कब्ज़ा: भौतिक | रु. 93,14,000/- (रुपये तिरानबे लाख चौदह हजार मात्र) | रु. 9,31,400/- (रुपये नौ लाख इकतीस हजार चार सौ मात्र) | 03-09-2026 12:00:00 से 03-09-2026 16:00:00 तक |

(1) ई-नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स एसआईएसएल इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से उनके वेब पोर्टल https://baanknet.com पर आयोजित की जाएगी।
(2) इच्छुक बोलीदाताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे ई-नीलामी वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराएं और https://baanknet.com पर दिए त दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार सेवा प्रदाता द्वारा बनाए गए वर्चुअल वॉलेट में बयाना राशि जमा करें।
(3) इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली दस्तावेज जमा करने, प्रशिक्षण/प्रदर्शन, ऑनलाइन इंटर-से बिडिंग आदि पर नियम और शर्तों में सहायता की आवश्यकता है, वे वेबसाइट https://baanknet.com पर जा सकते हैं।
(4) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया भारतीय स्टेट बैंक, सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट https://www.sbi.co.in/ और वेबसाइट https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें।
(5) सरफेसी अधिनियम के नियम 8(6) के तहत सांविधिक नोटिस: यह सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के तहत उपरोक्त ऋण के कर्जदार/जमानतदार को उपरोक्त उल्लिखित तारीख पर सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी आयोजित करने के बारे में एक नोटिस भी है।
(6) पूछताछ: अभय डी सोमकुवार, मोबाइल नंबर 8275130684 / प्रवीण दलवी, मोबाइल नंबर 9881110809

दिनांक : 21-08-2026
स्थान : पुणे

sd/- अधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

# अच्छे चरित्र का आधार



आज संसार में चरित्र का संकट सबसे विकट होता जा रहा है। पृथ्वी पर भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जहां चरित्र निर्माण पर विशेष जोर रहा है। फिर भी आज अनेक प्रश्न हैं, जो खड़े हो रहे हैं। तमाम लोग जानते हैं कि अहिंसा का क्या महत्व है, फिर भी हिंसक हैं और सत्य का क्या महत्व है, फिर भी असत्य बोलते हैं। लोग अपने ज्ञान को परिपक्व नहीं बनाते हैं। ज्ञान को चरित्र में नहीं उतारते हैं। कहा जाता है, धन नष्ट हुआ, तो कुछ नष्ट हुआ, शास्त्र नष्ट हुआ, तो कुछ ज्यादा नष्ट हुआ और यदि चरित्र नष्ट हुआ, तो सब कुछ नष्ट हो गया। भारत एक चरित्र प्रधान देश रहा है। यहां के संतों, गुरुओं, आचार्यों ने संपूर्ण संसार को ज्ञान का पाठ ही नहीं पढ़ाया, ज्ञान का परिपक्व स्वरूप भी संसार को दिया। इसके साथ ही अपने चरित्र में भी ज्ञान को उतारा। पूरी दुनिया को चरित्र की शिक्षा देने वाला देश भारत ही है।

भारत में बड़ी संख्या में पतिव्रता महिलाओं का अस्तित्व एक बहुत बड़ा पक्ष है, एक उन्नत अवस्था है। यदि कोई स्त्री अपने पति को ही सब कुछ समझती है, उन्हीं के लिए आदर रखती है और सेवा में समर्पित रहती है, तो उसे पतिव्रता बोलते हैं। पति के लिए जिसके सभी व्रत हों, वह पतिव्रता। पति की प्रसन्नता, पति का विकास, पति से अनुकूलता, इसी के लिए उन्हें पतिव्रता कहा जाता है। स्त्री जाति के जीवन की सार्थकता उसके उत्तम चरित्र में है। वह समाज का आधार है। चरित्रवान स्त्रियां ही श्रेष्ठ समाज की रचना करती हैं। शादी की जो प्रथा है, वह बहुत उपयोगी है। यदि विवाह नहीं होता, तो सम्बंधों का बड़ा घृणित रूप बन जाता। पत्नी यदि पति के लिए समर्पित न हो, तो परिवार टूट जाते हैं। परिवार टूटता है, तो समाज टूटता है। धीरे-धीरे ये टूटन पूरे राष?ट्र और मानवता को प्रभावित करती है। पति और पत्नी एक-दूसरे के पूरक बनकर जितना उत्पादन कर सकते हैं, अपने लिए, परिवार, समाज, राज्य के लिए उतना अलग-अलग होकर नहीं कर सकते। यदि कोई भटक जाए, तो भटकने की कोई सीमा नहीं है। आदमी रोज भोजन करता है, लेकिन भोजन का कोई अंत नहीं है। हम कितने कपड़े पहन सकते हैं? हर मकान में हम रहना चाहें, तो कैसे चलेगा? इसलिए संयम सबसे जरूरी है। हमारे वैदिक सनातन धर्म ने इसीलिए संयम की धारणा को बहुत पुष्ट किया है। संसार का हर पति चाहता है कि उसकी पत्नी केवल उसकी रहे। जाति, संप्रदाय, नस्ल, देश कोई भी हो, पूरी दुनिया के पुरुष यही सोचते हैं। इसीलिए वैदिक सनातन धर्म ने पतिव्रता स्त्रियों को बहुत महत्व दिया। यह भी बताया कि कैसे पतिव्रता रहा जा सकता है। इस देश में यह प्रथा बहुत पुरानी, अनादि है, इसके अनुपालन में ही परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति है।

**सम्पादकीय**

## राष्ट्रगीत के लिए

राष्ट्रगीत वंदे मातरम पर छिड़ा विवाद दुखद और गैर-जरूरी है। काश! इस मामले में राजनेताओं में परस्पर सहमति बन जाती, तो अनावश्यक चर्चा को बल नहीं मिलता। इसमें कोई दोराय नहीं कि यह गीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण प्रेरणा स्रोत रहा है। पिछली सदी की शुरूआत से ही कांग्रेस के अधिवेशनों में भी इसे तीन दशक तक पूरा और निरंतर गाया जाता था। जब देश में सांप्रदायिक तनाव के हालात बनने और बढ़ने लगे, तब कांग्रेस के आला नेताओं ने साल 1937 में राष्ट्रगीत के दो पैरा को ही गाने का फैसला लिया था। आज भी शायद सियासी वजहों से कांग्रेस उसी फैसले पर चलना चाहती है, लेकिन ध्यान रहे, आज कांग्रेस को चुनौती देने के लिए भारतीय जनता पार्टी बहुत सशक्त स्थिति में है। आश्चर्य नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के फैसले की तीखी आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि वह अपनी तुष्टीकरण की नीति को पुनर्जीवित कर रही है। वाकई, यह इतिहास में दर्ज है कि साल 1937 में वंदे मातरम गीत के आधे से ज्यादा हिस्से को नियमित गायन से अलग कर दिया गया और ठीक दस साल बाद भारत को बंटने से नहीं रोका जा सका।

अब केंद्र सरकार ने बाकायदा कानून बनाकर यह कोशिश की है कि वंदे मातरम गीत को पूरा गाया जाए। नए प्रोटोकॉल के तहत, निर्धारित सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत का छह पैरा या श्लोकों वाला पूरा संस्करण गाया जाएगा, जिसकी अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस इसे नहीं मानना चाहती है, उसने राष्ट्रगीत के केवल पहले दो श्लोक गाने का निर्णय लिया है। ऐसे में, केंद्रीय गृह मंत्री का यह कथन विचारणीय है कि विपक्षी पार्टी का यह निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि उस ऐतिहासिक त्रुटि की पुनरावृत्ति है, जिसके कारण भारत का विभाजन हुआ था। देश में जो लोग वंदे मातरम् को पूरा गाने के पक्ष में हैं, उन्हें कांग्रेस का ताजा निर्णय चौंका रहा है। वैसे, कांग्रेस कार्यालय में अभी 15 अगस्त के आयोजन में वंदे मातरम् के गायन के समय जो विवाद देखा गया, उसके बाद लिया गया कांग्रेस का यह फैसला उसकी अपनी 1937 के बाद की नीति के अनुरूप ही है। हालांकि, इस फैसले का राजनीतिक विरोध तय है और जवाब देने के लिए कांग्रेस को तैयार रहना चाहिए। काश! मजहब की बुनियाद पर बंटवारा न हुआ होता, तो 1937 में कांग्रेस नेताओं द्वारा लिया गया फैसला आज मील के पत्थर या एक निर्णायक गौरवशाली मोड़ की तरह होता।

**राष्ट्रीय भावना का सम्मान करें**

# वंदेमातरम क्यों बना राजनीतिक विवाद का विषय?



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

वंदेमातरम केवल दो शब्दों का उच्चारण नहीं है। यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों, राष्ट्रभक्ति की भावना और उस दौर के संघर्ष का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। यह एक ऐसी ऊर्जा है जिसके गायन से देशभक्ति से वातावरण भी गुंजायमान हो जाता है। जिस गीत ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भारतीयों में आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना जगाने में भूमिका निभाई, वह आज राजनीतिक बहस और विवाद का विषय बन गया है। सवाल यह नहीं है कि वंदेमातरम का सम्मान होना चाहिए या नहीं-उसका सम्मान भारतीय इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में निर्विवाद रूप से होना चाहिए। असली सवाल यह है कि आखिर एक राष्ट्रीय भावना से जुड़े गीत को बार-बार राजनीतिक विवाद के केंद्र में क्यों खड़ा कर दिया जाता है? अभी 15 अगस्त को कांग्रेस के कार्यालय में फिर से इसको लेकर विरोधियों ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। यानी देशभक्ति को भी तराजू में तोला जा रहा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह सह नहीं है। आज देश 80 वां स्वतंत्रता दिवस मना चुका है। आगामी दिवस जब 21 साल बाद देश 100 वां स्वतंत्रता दिवस मनायेगा तब भी हम देश को उंचाइयों पर ले जाने की जगह यह विवाद कर रहे होंगे। आज के राजनेताओं को देश के लिए कुछ सोचना होगा।

भारत की सबसे बड़ी खूबसूरती उसकी विविधता है। यहां अनेक धर्म, भाषाएं, संस्कृतियां, परंपराएं और विचारधाराएं सदियों से साथ-साथ रही हैं। स्वतंत्रता आंदोलन ने भी इसी विविधता को एक साझा राष्ट्रीय उद्देश्य में जोड़ने का काम किया था। वंदेमातरम उसी दौर की राष्ट्रीय चेतना का एक महत्वपूर्ण स्वर था। इसलिए जब इसे राजनीतिक बयानबाजी का हथियार बनाया जाता है, तो केवल एक गीत पर विवाद नहीं होता, बल्कि उस व्यापक राष्ट्रीय भावना पर बहस खड़ी हो जाती है, जिसने देश को स्वतंत्रता के संघर्ष में एकजुट किया था।

वंदेमातरम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत उन्नीसवीं सदी के अंतिम दौर में सामने आया। बाद में यह स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया। अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे उत्साह और संघर्ष की भावना के साथ अपनाया। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलनों में इसके उद्घोष ने लोगों में राष्ट्रीय भावना पैदा की। यही कारण है कि वंदेमातरम् को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त है। लेकिन इतिहास के साथ-साथ उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों को भी समझना होगा। भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक समाज था। राष्ट्रवादी आंदोलन को व्यापक बनाने के लिए यह आवश्यक था कि देश के सभी समुदायों को उसमें बराबर का स्थान महसूस हो। वंदेमातरम् के कुछ अंशों की धार्मिक प्रतीकात्मकता को लेकर समय-समय पर आपत्तियां भी सामने आईं। इसी पृष्ठभूमि में कांग्रेस ने 1937 में यह निर्णय लिया कि सार्वजनिक अवसरों पर गीत के शुरूआती दो पदों का उपयोग किया जाए, जिन्हें अपेक्षाकृत अधिक स्वीकार्य माना गया। यह निर्णय बताता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के नेतृत्व ने भी राष्ट्रीय एकता और संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया था।

स्वतंत्र भारत में भी वंदेमातरम को विशेष सम्मान मिला। संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रगान के समान सम्मान देने की बात स्वीकार की। वहीं जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदेमातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला। यानी भारत के संवैधानिक और राष्ट्रीय जीवन में दोनों की अपनी विशिष्ट पहचान बनी। समस्या तब पैदा होती है, जब इस ऐतिहासिक संतुलन को राजनीतिक बहस में बदलकर यह साबित करने की कोशिश की जाती है कि कौन अधिक राष्ट्रवादी है और कौन कम।

राष्ट्रभक्ति किसी एक गीत, नारे या प्रतीक तक सीमित नहीं हो सकती। देश के प्रति सम्मान का अर्थ संविधान के प्रति निष्ठा, कानून का सम्मान, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, कर्तव्यों का पालन और राष्ट्रहित में ईमानदार योगदान भी है। यदि कोई व्यक्ति वंदेमातरम का सम्मान करता है तो यह उसकी राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति हो सकती है, लेकिन किसी व्यक्ति की राष्ट्रभक्ति को केवल इस आधार पर मापना कि वह किसी विशेष अवसर पर किस तरह का नारा लगाता है, लोकतांत्रिक समाज के लिए स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जा सकता। दूसरी ओर, यह भी सही है कि राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना समाज में बनी रहनी चाहिए। किसी राष्ट्रीय गीत या स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े प्रतीक का जानबूझकर अपमान करना भी उचित नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। इसलिए वंदेमातरम् के सम्मान और उसके राजनीतिक दुरुपयोग-दोनों के बीच स्पष्ट अंतर करना होगा।

आज राजनीतिक दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे इतिहास को समझें, उसे चुनावी हथियार न बनाएं। वंदेमातरम पर बहस यदि इतिहास, साहित्य, स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में हो तो वह सार्थक हो सकती है। लेकिन यदि इसका इस्तेमाल विरोधी दल या किसी समुदाय को राष्ट्रविरोधी साबित करने के लिए किया जाए तो यह बहस समाज को जोड़ने के बजाय विभाजित करेगी। यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न और है-क्या राष्ट्रवाद का अर्थ केवल भावनात्मक नारों तक सीमित हो जाना चाहिए? यदि देश में बेरोजगारी है, किसान अपनी आय को लेकर चिंतित है, युवा बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में है, सीमाओं की सुरक्षा चुनौतीपूर्ण है, शहरों में प्रदूषण बढ़ रहा है और गरीब व्यक्ति सम्मानजनक जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है, तो इन समस्याओं के समाधान के लिए काम करना भी राष्ट्रभक्ति है। सैनिक सीमा पर देश की रक्षा करता है, किसान खेत में अन्न पैदा करता है, शिक्षक नई पीढ़ी तैयार करता है, वैज्ञानिक अनुसंधान करता है और श्रमिक अपने श्रम से अर्थव्यवस्था को गति देता है। इन सभी के योगदान में राष्ट्रभक्ति दिखाई देती है।

दुर्भाग्य से हमारी राजनीतिक बहस में कई बार वास्तविक मुद्दों की जगह प्रतीकों को केंद्र में लाने की प्रवृत्ति बढ़ती दिखाई देती है। प्रतीकों की अपनी भूमिका है, लेकिन प्रतीक तभी सार्थक होते हैं जब उनके पीछे की भावना और जिम्मेदारी को भी समझा जाए। वंदेमातरम का मूल संदेश मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना से जुड़ा है। यदि हम इस भावना को समझ लें तो विवाद अपने आप छोटा हो सकता है। यह भी विचार करने की जरूरत है कि किसी राष्ट्रीय प्रतीक के प्रति सम्मान स्वाभाविक होना चाहिए।

## टिफिन का डिब्बा

विकास खंड शिक्षा अधिकारी के दफ़्तर के बाहर लगे पुराने नीम के पेड़ की कड़वी छांव में बहत्तर साल के देवकीनंदन बाबा रोज दोपहर ठीक एक बजे आकर बैठ जाते थे। उनके हाथ में अल्युमिनियम का एक पुराना जंग लगा गोल टिफिन होता था जिसके ढक्कन पर एक उभरा हुआ छोटा सा फूल बना था। दफ़्तर का चपरासी जब भी अपने हाथ में फाइलों का बंडल लिए बाहर निकलता तो बाबा को उस बंद टिफिन को अपनी दोनों हथेलियों में छिपाकर सहलाते देखकर ठहाका लगाता था। चपरासी ने एक दिन हँसते हुए पूछा कि बाबा जब रोज खाली पेट यहाँ आकर बैठते हो तो इस जंग लगे डिब्बे में अफसर के लिए गरम हलवा लाए हो या घर से अपनी भुनी हुई रोटी लेकर आते हो। देवकीनंदन बाबा ने अपनी सूजी हुई धुंधली आँखों से दफ़्तर की सीढ़ियों की तरफ देखा और बहुत शांत होकर बोले कि बेटा इस डिब्बे में न तो कोई हलवा है और न ही रोटी बल्कि इसमें मेरे नौनिहाल के सुनहरे भविष्य की वो मिठास बंद है जिसे तुम्हारे साहब का लाल फीता रोज कड़वा कर देता है। दफ़्तर में आने वाले तमाम शिक्षक और मुंशी उनका मजाक उड़ाते हुए कहते कि लगता है मासाब की तरह यह बूढ़ा भी वजीफे की फाइल पास कराने का नया नाटक रच रहा है।

देवकीनंदन बाबा की यह अजीब दिनचर्या पिछले दो सालों से बिना किसी रुकावट के लगातार चल रही थी चाहे जेठ की तपती धूप हो या पोस की कड़कड़ाती ठंड। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी अपनी फाइलें समेटकर बाहर निकलता तो बाबा उसके सामने हाथ जोड़कर खड़े हो जाते और कहते कि बाबू जी क्या आज उस लाल कागज पर साहब की मुहर लग गई। बाबू अपने चश्मे को पोंछते हुए चिढ़कर कहता कि अरे बाबा जब तक बजट ऊपर से स्वीकृत होकर नहीं आएगा तब तक फाइल एक इंच आगे नहीं सरकेगी और तुम इस जंग लगे डिब्बे को लेकर ताउम्र यहाँ चक्कर काटते रहोगे।

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 22 अगस्त 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:10 सूर्यास्त 18:50
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दसमी 02:01 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 14:49 उपरांत मूल
योग - विष्कुंभ दिन पूर्ण उपरांत विष्कुंभ
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 14:49 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 08 तारिख

**मेष-** नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। कारोबारी हैं तो प्राथमिकताओं के आधार पर काम निपटाएं।
**वृषभ-** ऑनलाइन लेनदेन और यात्रा के दौरान सतर्क रहें। पैरों में दर्द की समस्या हो सकती है। शारीरिक थकान हो सकती है।
**मिथुन-** पार्टनर के साथ अहंकार को बीच में न आने दें, इससे तालमेल बेहतर होगा।
**कर्क-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ किसी भी बहस से दूर रहें।
**सिंह-** कारोबार में फिलहाल बड़ा निवेश टाल देना ही समझदारी है। व्यापार में नए ग्राहक जुड़ेंगे।
**कन्या-** घरेलू मुद्दों को लेकर जीवनसाथी से तनाव न बढ़ाएं। अनियोजित खर्चों से बजट प्रभावित हो सकता है।
**तुला-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों की बातों का गलत अर्थ न निकालें।
**वृश्चिक-** किसी भी सौदे में पारदर्शिता रखें। अनावश्यक शक या संवेदनशीलता से रिश्ते में खटास आ सकती है।
**धनु-** सीमित संसाधनों में काम चलाने की कोशिश करें। कंधे या गर्दन में दर्द हो सकता है।
**मकर-** चरणबद्ध तरीके से काम पूरा करने से तनाव कम होगा। पुराने व्यावसायिक संपर्कों से लाभ होगा।
**कुंभ-** भावनात्मक रूप से दूरी महसूस हो तो बातचीत का सहारा लें। नए निवेश से पहले विशेषज्ञों की राय लें।
**मीन-** कार्यक्षेत्र में नए अवसर और संभावनाएं आपका उत्साह बढ़ाएंगी। पार्टनर के साथ समझदारी और प्रेम बढ़ेगा।

**समसामयिक**

## कुछ रिश्तें ऐसे भी होते हैं



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

कभी - कभी हमें ऐसा प्रतीत होता है कि हमारा किसी से पूर्वजन्म का कोई न कोई रिश्ता है। जिसके चलते कोई उसके प्रति सामान्य से अधिक आसक्ति या विरक्ति का भाव बन जाता है। खैर, वास्तविकता चाहे जो हो, लेकिन व्यवहार में ऐसा देखा जाता है कि परस्पर दो पक्षों के बीच भावनात्मक रिश्ते कुछ ऐसे बन जाते हैं कि जाहिर तौर पर उस रिश्ते की बुनियाद स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देती। लेकिन रिश्तों का निर्वहन बखूबी किया जाता है। आमतौर पर हर किसी का किसी न किसी के प्रति भावनात्मक लगाव कुछ इस कदर होता है कि वह लोक-लाज, लाभ-हानि, यश-अपयश या और किसी प्रकार की औपचारिकता से भी बंधा नहीं होता।

कभी-कभी हमारे मन में किसी के प्रति इतना सम्मान होता है कि उसका कोई ओर-छोर नहीं होता। दरअसल हर व्यक्ति की पसंद का पैमाना अलग-अलग हुआ करता है। कभी किसी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व इतना विशाल होता है कि उसके प्रभाव क्षेत्र का एक विस्तृत दायरा हुआ करता है। व्यक्ति का आचार-विचार और व्यवहार न केवल उन्हें जानने वाले अपितु उनके बारे में सुनने वालों को भी गहरे तौर पर प्रभावित कर सकता है। अनेक अवसरों पर हम स्वयं नहीं जानते कि सामने वाले जो हमारे बारे में जानते है, वह किस नजरिए से जानते है? यह नजरिया सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी।

कभी-कभी किसी की किसी के प्रति कोई धारणा उसके अच्छे या बुरे होने से नहीं होती, वह अकारण भी हो सकती है। यही वह बिंदु है जिसके आधार पर पूर्वजन्म के राग या द्वेष के रूप में देखा जाने लगता है। आमतौर पर आदतन अपराधियों की भी अदालत में जमानत देने वाले मिल ही जाया करते हैं। वैसे कोई भी व्यक्ति अपने आप में परिपूर्ण नहीं होता। ठीक इसी प्रकार बुरे से बुरा व्यक्ति भी किसी न किसी अच्छाई को धारण किए हो सकता है। यही नहीं अपितु गंभीर से गंभीर अपराध के आरोपी कारावास में रहकर भी चुनाव में जनमत का बहुमत पाते देखे जा सकते हैं। गरज यह कि जो जैसा हो उसे वैसा माना जाए, यह कतई जरूरी नहीं होता। वैसे भी संसार में सर्वगुण संपन्न होने की कोई पूर्व निश्चित कसौटी नहीं होती। व्यक्ति कितना ही गुणी क्यों न हो, हर किसी के लिए और हर एक दृष्टि से तो गुणी नहीं हो सकता। बहुत आसानी के साथ हर किसी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगाया जा सकता है। दरअसल इस दुनिया की रीत यही है कि हर एक किसी और को अपने ही व्यक्तिगत दृष्टिकोण के आधार पर आकलित करता है। एक समय में एक शख्सियत के व्यक्तित्व को देश काल और परिस्थिति के पैमाने पर आंका जाता है। अब यह जरूरी नहीं होता कि कालांतर में भी यही धारणा जनमानस रखें। आदि अनादिकाल से ऐसा ही सिलसिला लगातार चलते आ रहा है।

ऐसी स्थिति में बेहतर यही है कि हम अपने आप को आचार-विचार और व्यवहार की दृष्टि से तराशने के प्रति निरंतर तत्पर रहे। लेकिन भूल कर भी यह भ्रम न पाले कि हमारा व्यक्तित्व हर किसी को रास आएगा ही आएगा। कई अवसरों पर हम दूसरों के द्वारा उपेक्षित किए जाने का अनुभव भी करते हैं। जबकि ऐसी कोई बात नहीं होती जिसके आधार पर हमारे व्यक्तित्व में नुक्स निकाले जाए। दरअसल कुछ लोगों की तो आदत ही ऐसी होती है कि उन्हें अच्छे से अच्छा आदमी भी कभी अच्छा नहीं लगता। ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है कि उनकी योग्यता को सामने वाला सर्वथा नजरअंदाज करता रहे। कुछ लोगों की तो फितरत ही ऐसी होती है कि महापुरुषों पर भी टीका-टिप्पणी करने से बाज नहीं आते। वैसे भी अपेक्षा को ही दुख का कारण निरूपित किया गया है। हम अपने आप में अच्छे रहे, फिर चाहे हम जमाने को कैसे भी नजर आते हो। इसी में चित्त की शांति और सुकून है।

# बिना कोशिश वजन घटने लगा है तो शरीर दे रहा है बड़ा संकेत

वजन कम करना आज के समय में बहुत से लोगों का बन चुका है। इसके लिए लोग डाइटिंग करते हैं जिम जाते हैं और अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव करते हैं। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति का वजन बिना किसी कोशिश के लगातार तेजी से कम होने लगे तो इसे हमेशा अच्छी खबर नहीं माना जा सकता। कई बार मौसम में बदलाव तनाव दिनचर्या में परिवर्तन भूख कम होने या किसी दवा के प्रभाव से वजन घट सकता है लेकिन अगर वजन कम होने की वजह समझ में नहीं आ रही है और यह सिलसिला लगातार जारी है तो इसे नजरअंदाज करना सही नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार छह महीने के दौरान अगर किसी व्यक्ति के शरीर का वजन बिना कोशिश के करीब पांच प्रतिशत से ज्यादा कम हो जाता है तो चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी माना जाता है। अचानक वजन कम होना कई बार शरीर के भीतर चल रही किसी समस्या का संकेत हो सकता है। इसलिए केवल यह मान लेना कि शरीर अपने आप फिट हो रहा है हमेशा सही नहीं होता। बिना प्रयास वजन कम होने के प्रमुख कारणों में थायरॉयड की समस्या भी शामिल है। थायरॉयड हार्मोन शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाता है। जब थायरॉयड जरूरत से ज्यादा सक्रिय हो जाता है तो शरीर सामान्य से अधिक तेजी से कैलोरी खर्च करने लगता है। इस स्थिति को हाइपरथायरॉयडिज्म कहा जाता है। इसमें वजन कम होने के साथ दिल की धड़कन तेज होना ज्यादा पसीना आना हाथों में कंपन बेचैनी और नींद से जुड़ी परेशानियां भी दिखाई दे सकती हैं। डायबिटीज भी अचानक वजन कम होने की एक वजह हो सकती है। खासतौर पर टाइप 1 डायबिटीज में शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता। इसकी वजह से ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं तक ठीक से नहीं पहुंच पाता और शरीर ऊर्जा के लिए दूसरे स्त्रोतों का इस्तेमाल करने लगता है। नतीजतन व्यक्ति का वजन बिना डाइटिंग के भी कम होने लगता है। अगर वजन घटने के साथ लगातार प्यास लग रही है बार बार पेशाब आ रहा है थकान महसूस होती है या कमजोरी बनी रहती है तो डॉक्टर से जांच कराने में देरी नहीं करनी चाहिए।

पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियां भी वजन घटने का कारण बन सकती हैं। क्रोहन डिजीज और अल्सरेटिव कोलाइटिस जैसी आंतों की सूजन वाली समस्याओं में शरीर पोषक तत्वों को सही तरीके से अवशोषित नहीं कर पाता। इसके साथ लंबे समय तक दस्त पेट दर्द और भूख में कमी जैसी परेशानियां रह सकती हैं। इससे शरीर में पोषण की कमी होने लगती है और वजन धीरे धीरे कम हो सकता है।

लंबे समय तक रहने वाले संक्रमण और दूसरी गंभीर बीमारियां भी शरीर की ऊर्जा जरूरत को बढ़ा सकती हैं। बीमारी के दौरान भूख कम होने और शरीर की ऊर्जा अधिक खर्च होने के कारण व्यक्ति का वजन लगातार घट सकता है। वहीं तनाव चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्थितियां भी भूख और खानपान की आदतों को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे मामलों में व्यक्ति को खुद पता भी नहीं चलता कि वह पहले की तुलना में कितना कम खा रहा है और उसका वजन कब तेजी से गिरने लगा।

**धर्म-आस्था**

# भगवान शिव को क्यों कहा जाता है 'भूतपाल' और 'भूतनाथ'?

भगवान् शिव के कई नाम हैं, जिनमें से कुछ उनकी प्रकृति को दर्शाते हैं, जबकि कुछ रहस्यमयी हैं। उन्हीं नामों में से एक है - भूतपाल और भूतनाथ। शिवजी का यह नाम इस बात का प्रतीक है कि किस प्रकार इस संसार में मौजूद सभी आत्माओं के रक्षक हैं और उन्हें मोक्ष की ओर अग्रसर करते हैं।

पुराणों के अनुसार, भगवान शिव किसी भी प्राणी में भेदभाव नहीं करते। देवता हों, दानव हों, यक्ष, गंधर्व, भूत, पिशाच, पशु-पक्षी या सूक्ष्म लोक के जीव, सभी उनकी शरण में स्थान पाते हैं। भगवान शिव के कई नामों में उनकी यह विशेषता दिखाई देती है। जैसे कि, उन्हें पशुपतिनाथ भी कहा जाता है, श्मशानवासी भी कहा जाता है, और भूतनाथ भी कहा जाता है। भूतनाथ और भूतपाल नाम से कई लोग इन नामों का अर्थ केवल भूत-प्रेतों के स्वामी के रूप में समझते हैं, जबकि पुराणों में इनका अर्थ कहीं अधिक व्यापक और गहरा बताया गया है। तो, चलिए जानते हैं कि भगवान शिव को भूतनाथ और भूतपाल क्यों कहा जाता है...भगवान शिव को भूतनाथ क्यों कहा जाता है?



जब भी कहीं 'भूत' शब्द आता है, तो इससे कई लोग इसका अर्थ 'अतृप्त आत्मा' समझ लेते हैं, जबकि संस्कृत में 'भूत' शब्द के कई अर्थ हैं। जैसे कि, भूत का अर्थ सभी प्राणी या जीवधारियों से जुड़ा हो सकता है, पंचमहाभूत से हो सकता है या फिर सूक्ष्म और अदृश्य शक्तियों से हो सकता है। इतने सारे अर्थ होने के कारण ही भगवान शिव का भूतनाथ स्वरूप केवल प्रेतों के स्वामी होने तक सीमित नहीं माना गया है, बल्कि उन्हें संपूर्ण सृष्टि और उसके समस्त तत्वों के अधिपति के रूप में भी देखा जाता है। 'भूतनाथ' का शाब्दिक अर्थ है - समस्त भूतों के स्वामी। इस दृष्टि से 'भूतनाथ' का अर्थ उन सभी मूल तत्वों के स्वामी से भी है, जिनसे यह संपूर्ण संसार निर्मित हुआ है। कई शिवपुराण और स्कंदपुराण में भगवान शिव के साथ भूत, प्रेत और गणों का उल्लेख मिलता है, जो दशार्ता है कि शिवजी सभी आत्माओं के साथ-साथ समाज द्वारा उपेक्षित, भयभीत या अस्वीकार किए गए अस्तित्वों को भी अपने संरक्षण में स्थान देते हैं। शिव के गणों में भी अनेक प्रकार के दिव्य और अदृश्य स्वरूपों का वर्णन मिलता है। शिवजी ने श्मशान को अपना निवास बनाया, यह दिखाने के लिए कि वे सबसे उपेक्षित और भयावह स्थानों में भी रक्षक हैं। यही कारण है कि उन्हें भूतों, गणों और समस्त प्राणियों के स्वामी अर्थात भूतनाथ कहा गया। पुराणों के अनुसार, शिव जी इन भूतों के केवल स्वामी ही नहीं, बल्कि सभी भूतों और प्राणियों के पालनकर्ता और रक्षक भी हैं। वे जीवों को भय से मुक्त करते हैं और उन्हें मोक्ष की ओर ले जाते हैं। यही कारण है कि उनके इस नाम से जुड़ा मंत्र 'ॐ भूतनाथाय नमः' का जप भय दूर करता है और आत्मा को शांति देता है।

भगवान शिव को भूतपाल क्यों कहा जाता है? शिवजी के भूतपाल नाम में 'पाल' का अर्थ है - पालन करने वाला या संरक्षण देने वाला। इस तरह से भूतपाल का अर्थ है- वह जो समस्त जीवों और समस्त तत्वों का पालन एवं संरक्षण करता है। भगवान शिव केवल संहार के देवता नहीं हैं, बल्कि वे सृष्टि के संतुलन के भी रक्षक हैं। जब भी धर्म और प्रकृति का संतुलन बिगड़ता है, शिव किसी न किसी रूप में उसे पुनः स्थापित करते हैं। इसलिए उन्हें भूतपाल भी कहा जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,52,800 रवा- 1,52,500 चांदी- टंच- 2,36,500 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## व्हाट्सएप पर आई अनजान फाइल और उड़ गए 63 हजार, दुकानदार बना साइबर ठगी का शिकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



डिजिटल युग में साइबर ठग रोज नए-नए तरीके अपनाकर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं। शाजापुर शहर में एक ऐसा ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां केवल व्हाट्सएप पर आई एक संदिग्ध एपीके फाइल के कारण एक दुकानदार का मोबाइल हैक हो गया। शातिर ठगों ने फोन-पे अकाउंट में सेंध लगाकर दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 63 हजार रुपए पार कर दिए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के नाईवाड़ा क्षेत्र के रहने वाले 36 वर्षीय सुमित शर्मा की बड़ा चौक में घड़ी की दुकान है। डिजिटल लेन-देन के लिए सुमित अपने मोबाइल नंबर से फोन-पे का इस्तेमाल करते हैं। इस ऐप से उनका अपना एक्सिस बैंक का खाता और उनकी पत्नी खुशी शर्मा का बंधन बैंक का खाता लिंक था।

### ग्रुप में आई थी एपीके फाइल

सुमित शर्मा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बीते 22 जुलाई की दोपहर करीब 2.30 बजे उनके व्हाट्सएप के एक ग्रुप में एक एपीके फाइल आई थी। शुरूआत में उन्होंने उस फाइल पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन बाद में उन्हें अपना मोबाइल हैक होने की आशंका हुई। अपने शक के चलते जब सुमित ने 13 अगस्त को फोन-पे से जुड़े अपने दोनों बैंक खातों का बैलेंस चेक किया, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उनके दोनों खातों से बड़ी रकम गायब थी। पुलिस के अनुसार, साइबर ठगों ने 10 अगस्त को वारदात को अंजाम देते हुए किश्तों में ट्रांजेक्शन किए दोपहर 1.55 बजे पत्नी के बंधन बैंक खाते से 20,000 रुपए ट्रांसफर किए गए।

दोपहर 2.13 बजे, उसी बंधन बैंक खाते से दोबारा 20,000 रुपए निकाले गए। दोपहर 2.35 बजे सुमित के एक्सिस बैंक खाते से 23,000 रुपए निकाले गए। इस प्रकार अज्ञात ठगों ने कुल 63 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित सुमित शर्मा ने पुष्टि की है कि ये सभी लेन-देन उन्होंने नहीं किए हैं। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने सबसे पहले नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद अब थाने पहुंचकर औपचारिक रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और राशि किन खातों में ट्रांसफर हुई है, इसकी तकनीकी जांच की जा रही है।

### मोबाइल फॉर्मेट हुआ और खाते से निकल गए 50 हजार रुपए, ग्रामीण के साथ हुई धोखाधड़ी

**शुजालपुर।** पुलिस थाना मंडी क्षेत्र के ग्राम डुंगलाय निवासी एक किसान के मोबाइल फोन के अचानक फॉर्मेट होने के बाद उसके बैंक खाते से 50 हजार रुपए ट्रांसफर होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को फरियादी फतेसिंह ने बताया कि 11 अगस्त को वह अपने घर पर था। दोपहर करीब 3.30 बजे उसने अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। करीब 4.15 बजे मोबाइल चार्ज से निकालने पर उसने देखा कि फोन पूरी तरह फॉर्मेट हो चुका था। इसके बाद उसने अपनी ई.मेल आईडी से फोन दोबारा सेटअप किया और फोन-पे एप डाउनलोड कर बैंकिंग हिस्ट्री चेक की। बैंकिंग हिस्ट्री देखने पर पता चला कि उसी दिन शाम 3.59 बजे मोहम्मद अहमद के नाम पर उसके खाते से 50 हजार रुपए ट्रांसफर हुए हैं। इस लेनदेन का यूटीआर नंबर 608476052327 बताया गया है। इसके बाद फतेसिंह ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शुजालपुर मंडी शाखा पहुंचकर बैंक स्टेटमेंट की जानकारी ली। स्टेटमेंट में उसके खाते से 50 हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर होना सामने आया। पीड़ित का आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ीपूर्वक उसके बैंक खाते से राशि निकालकर अवैध लाभ अर्जित किया। पुलिस ने मामले को साइबर धोखाधड़ी से जोड़कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लेनदेन से जुड़े खाते, मोबाइल गतिविधियों एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही।

### अखंड भारत संकल्प दिवस पर भारत माता की आरती की

**शुजालपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शुजालपुर प्रखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में शुजालपुर सिटी के बड़ा बाजार स्थित पीपल के नीचे भारत माता की आरती की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे लगाए और देश की एकता एवं अखंडता के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि अखंड भारत संकल्प दिवस का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना की भावना को मजबूत करना है। युवाओं को देश की गौरवशाली परंपराओं एवं इतिहास से परिचित कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

### ट्रक ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर:महिला की मौत

**देवास।** देवास के बरोठा थाना क्षेत्र में बरखेड़ा मोड़ के पास सड़क हादसे में 40 वर्षीय ममता गौर की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार ममता गौर सड़क पर गिर गईं और ट्रक का पहिया उनके ऊपर से निकल गया। हादसे में बाइक चला रहे महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, भेरूगढ़ निवासी ममता गौर पति रविशंकर पीलिया का इलाज कराने के लिए परिचित महेश के साथ नापाखेड़ी क्षेत्र गई थीं। इलाज के बाद दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बरखेड़ा मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ममता और महेश सड़क पर गिर गए। ट्रक का पहिया ममता के ऊपर से गुजर गया।

### आगर-मालवा में निकली गोगा महाराज की छड़ी यात्रा

**आगर-मालवा।** शहर में वाल्मीकि समाज की ओर से गोगा महाराज की छड़ी यात्रा निकाली गई। इसमें राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज सहित शाजापुर, सारंगपुर, आलोट, घटिया और खाचरौद जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आई गोगा महाराज की छड़ियां शामिल हुईं। बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ पुरानी कृषि उपज मंडी से गोगा महाराज की छड़ी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद यात्रा अस्पताल चौराहा, सरकार बड़ा, गोपाल मंदिर, शंकर कुआं, छावनी और झंडा चौक से होते हुए देर शाम काटन प्रेस पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर गोगा महाराज के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

### सघन जागरूकता अभियान के तहत एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**शुजालपुर।** सघन जागरूकता अभियान 3.0 के तहत जिला शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन एवं न्यायाधीश सपना पोर्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरस्वती ज्ञान विज्ञान पब्लिक एकेडमी के स्टाफ सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की। आईसीटीसी काउंसलर जया माहेश्वरी ने एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, संक्रमण फैलने के माध्यम, भ्रांतियों एवं सही तथ्यों की जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी जांच एवं उपचार की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताते हुए संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव नहीं करने का संदेश दिया।

## कुंदा काटकर सूने मकान में चोरी, सोने-चांदी के जेवर व नकदी ले गए चोर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जाट कॉलोनी फ्रीगंज शुजालपुर में सूने मकान का कुंदा काटकर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात सहित 25 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। वारदात का पता महिला के मायके से लौटने पर चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। एफ एसएल दल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

पुलिस के अनुसार संजुबाई पति राकेशकुमार खाती ने रिपोर्ट में बताया कि वह 17 अगस्त शाम करीब 5 बजे घर पर ताला लगाकर अपने मायके ग्राम रनायल चली गई थी। 19 अगस्त दोपहर करीब 3 बजे वह अपने भाई रोहित चंद्रवंशी के साथ वापस लौटी। घर के सामने पहुंचने पर मुख्य दरवाजे का कुंदा कटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त था और गोदरेज खुली पड़ी थी। गोदरेज में रखे एक जोड़ी चांदी की पायल, तीन जोड़ी बिछुड़ी, चांदी का हाथ का कड़ा, बच्चों की दो चांदी की चेन, चांदी की अंगूठी, सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने की कान की बालियां और 25 हजार रुपए नकद गायब थे। महिला के अनुसार चोरी 17 अगस्त शाम 5 बजे से 19 अगस्त दोपहर करीब 3.30 बजे के बीच हुई। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटाई। एफ एसएल दल ने भी मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सहित अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। बता दे विगत कुछ महिनों से फ्रीगंज क्षेत्र में चोरियों की वारदातें हो रही है। नागरिकों ने क्षेत्र में गस्त बढ़ाने और आरोपियों को पकड़ने के साथ ही सूरक्षा व्यवस्था चाकचोबंद करने की मांग की।



## युवा पीढ़ी को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

नशा मुक्ति भारत अभियान का समापन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर उप सेवा केंद्र के द्वारा संचालित नशा मुक्ति भारत अभियान 6 अगस्त से 20 अगस्त तक चलाया गया इस अभियान का मुख्य लक्ष्य था युवा पीढ़ी को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा बच्चों को मूल्यनिष्ठ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना इस अभियान का संचालन ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, ब्रह्माकुमारी सोनू दीदी तथा महेश जोशी , उषा जोशी , भरत कुमावत आदि के सानिध्य में किया गया अभियान का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी छात्रावास, वैष्णो देवी कान्वेंट स्कूल झारडा, शासकीय महाविद्यालय महिदपुर, संस्कार विद्या मंदिर, अलंकार स्कूल, शासकीय उत्कर्ष माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर डोंगला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर में अनेकानेक बच्चों से प्रतिज्ञाएं करवा कर तथा उन्हें ऊंचे सपने देखने देश से प्रेम करने एवं श्रेष्ठ जीवन जीने का नाश करने का संदेश दिया गया जिसमें सभी स्कूलों के प्राचार्य एवं अध्यापक एवं अध्यापिकाएं की उपस्थिति रही।



## एक रात में तीन किसानों के खेतों से मोटर-केबल चोरी से दहशत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया

अकोदिया के ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं से कृषि मोटर और केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर किसानों के खेतों से मोटर और केबल चुरा रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और उनकी सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

ताजा मामला सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम तिंगजपुर का है। यहां 19-20 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन किसानों के खेतों को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, ग्राम तिंगजपुर निवासी एक किसान 19 अगस्त की शाम करीब 7 बजे खेत से घर लौटा था। अगले दिन 20 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे जब वह खेत पर पहुंचा, तो कुएं में लगी पांच एचपी की जलधारा मोटर और करीब 100 फीट केबल गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी मोटर और केबल का कोई पता नहीं चला। चुराए गए सामान की कुल कीमत 1.5 लाख रुपए है।

पड़ोसी किसानों से जानकारी लेने पर सामने आया कि चोरों ने अन्य खेतों को भी निशाना बनाया है। किसान राकेश धनगर के खेत से करीब साढ़े सात एचपी की जलधारा मोटर और लगभग 200 फीट केबल चोरी हुई। वहीं, दिनेश तिवारी के कुएं से पांच एचपी की जलधारा मोटर और करीब 80 फीट केबल चोरी होने की सूचना मिली है।

## मोड़ी गांव में गैस सिलेंडर में लगी आग

### डायल-112 टीम के तुरंत एक्शन से बड़ा हादसा टला

अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



आगर-मालवा के ग्राम मोड़ी में सुबह एक घर में गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग ने तेजी से घर के एक हिस्से को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और आसपास के जान-माल को सुरक्षित रखा जा सका।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना ग्राम मोड़ी के वार्ड क्रमांक 19 निवासी बनेसिंह अहिरवार के घर में हुई। सुबह अज्ञात कारणों से उनके गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर से आग की लपटें उठती देख परिवार के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 के पायलेट शहजाद मंसूरी और एएसआई अनिल शर्मा मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, दोनों ने बिना देरी किए आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिसकर्मियों की तुरंत कार्रवाई से आग पर जल्द ही नियंत्रण पा लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह आसपास के घरों तक फैल सकती थी, जिससे बड़ी जनहानि या संपत्ति के नुकसान की आशंका थी। डायल-112 टीम की तत्परता से आग पर नियंत्रण होने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की।

घटना के बाद पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। समय पर की गई कार्रवाई से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।



### जिजाऊ ब्रिगेड के मंगलागौर उत्सव में की सहभागिता, टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान

**शुजालपुर।** मराठा सेवा संघ प्रणीत जिजाऊ ब्रिगेड इंदौर टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण, उद्यमिता, स्वावलंबन एवं महाराष्ट्र की सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यमिता चर्चा सत्र एवं मंगलागौर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें इंदौर सहित बड़वानी देवास, शाजापुर, बुरहानपुर और शुजालपुर आदि स्थानों से 500 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिजाऊ ब्रिगेड मध्यप्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कोमल कुलदीप देशमुख ने की। मुख्य अतिथि मराठा सेवा संघ प्रदेश अध्यक्ष एवं उद्योगपति डॉ. आरएस पाटिल ने महिला उद्यमिता एवं स्वावलंबन की जानकारी दी। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष शिवश्री सुनील दादा महाजन ने संगठन के उद्देश्यों एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान मंगलागौर खेल स्पर्धा, उखाणा प्रतियोगिता, एकल नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। शुजालपुर जिजाऊ ब्रिगेड महिला मंडल ने द ग्रेट मराठा नाम से सहभागिता करते हुए मंगलागौर खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में वंदना देशमुख, प्राजक्ता देशमुख, पूजा देशमुख, अलका अन्वेकर, संध्या पवार, मधुलिका देशमुख, मीनाक्षी पिसाल एवं गौरी देशमुख शामिल रहीं। वहीं उखाणा प्रतियोगिता में शुजालपुर की गौरी निशान देशमुख ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुजालपुर से वर्षा देशमुख, छाया जाधव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। आयोजकों ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को प्रतिभा प्रदर्शन के साथ संस्कृति और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का माध्यम हैं।

राजीव गांधी जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

### तपोवन से गांधी पार्क तक निकाली प्रभात फेरी, कार्यकर्ताओं ने लगाए देशभक्ति के नारे

**शुजालपुर।** कांग्रेस सेवा दल ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया के नेतृत्व में पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन से गांधी पार्क तक तिरंगे झंडों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम का गायन करते हुए राजीव गांधी अमर रहे के नारे लगाए। इस दौरान तुम्हारे हाथ में डंडा है, हमारे हाथ में झंडा है नारा भी गूंजा। कार्यक्रम में जिला, ब्लॉक, शहर कांग्रेस के साथ सेवा दलए एनएसयूआई, युवक कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश में सूचना क्रांति को गति दी। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के साथ 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया ने कहा कि राजीव गांधी ने दूरदर्शी सोच के साथ देश के विकास की नींव रखी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष केदार मेवाड़ा, सागर परमार, अचल सिंह मेवाड़ा, मोहन सिंह पंवार, चांद सिंह राजपूत, अन्नू पठान, हसन रजा कुरैशी, विष्णु शर्मा, जय सिंह कराड़ा, मनीष पंवार, संदीप चंदेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खातेगांव में 71 किलो गांजे के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार:कार समेत 17 लाख का माल जब्त




**खातेगांव।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खातेगांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 71 किलो गांजे के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 17 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। सूचना के आधार पर खातेगांव थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी के निर्देशन में पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत जियागांव के पास संदिग्ध कार की घेराबंदी कर तलाशी ली और 71 किलो गांजा मिला बरामद किया। जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 10 हजार रुपए है। पुलिस ने गांजा और करीब 10 लाख रुपए कीमत की कार जब्त कर मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि धाकड़ (35) सर्वेश मेहरा (25) रजक (36) रामबाबू पटवा (60) के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### मंडी के पास जाम में फंसा निजी स्कूल का वाहन

**शाजापुर।** स्थानीय मंडी के समीप लगने वाला भारी जाम गुरुवार सुबह स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन गया। टुकराना जोड़ स्थित एक निजी स्कूल का वाहन बच्चों को लेकर जा रहा था, तभी सुबह करीब 11.30 बजे वह मंडी के पास जाम में बुरी तरह फंस गया। काफी देर तक वाहन वहां से नहीं निकल पाया, जिससे अंदर बैठे बच्चे परेशान हुए।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

झारडा, बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, पेटलावद, झाबुआ, रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण एवं हर आम एवं खास को इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती पूनम गोयल पति नरेन्द्र गोयल निवासी 58 विवेकानंद कॉलोनी, उज्जैन हा.मु. ग्राम भ्याना जिला आगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति ए-08 स्थित गिरीराज रतन सेक्टर ए कानीपुरा रोड तहसील एवं जिला उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 37.91 वर्ग मीटर और चर्तुःसीमा इस प्रकार से है कि पूर्व में सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में भू-खण्ड क्रमांक ए-01 उत्तर मे भू खण्ड क्रमॉक ए-07 एवं दक्षिण में भू खण्ड ए-09 को क्रय करने बावत फूल पेमेंट का अनुबंध कर अब केवल विक्रय पत्र होना शेष है। इस हेतु मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से कहे जाने पर सहमति होने के कारण मेरे पक्षकार के द्वारा यह जाहिर सूचना इस बावत निकाल रहा है कि- उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर यदि किसी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी का कोई ऋण, भार, बंधक, बकाया, हक, हित, हिस्सा, सुखाधिकार अथवा किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाश से 7 सात दिन के अंदर अपने लिखित दावा/आपत्ति आवश्यक दस्तावेजी प्रमाणों सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, जिससे उसका विधि सम्मत निराकरण किया जा सके। अन्यथा निर्धारित अवधि व्यतित हो जाने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करा लेगे तथा उसके उपरांत प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा मान्य नही किया जावेगा, सूचित हों।
दिनांकः 22.8.2026 स्थानः- उज्जैन

**कैलाश जोशी एडवोकेट**
**11 डाबरी पीठा, नई सडक उज्जैन**
**मो.नं. 9827534366**

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

अलका नागर पति जगदीश नागर, नि. 23 सी खण्डेलवाल नगर, उज्जैन के द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2026 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में श्री रजनीकांत बांकलिया एडव्होकेट के माध्यम से भ्रामक, झूठी, भ्रमित करने वाली जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है। वस्तुतः मा. चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड उज्जैन द्वारा आदेश दिनांक 24.6.2026 में पद संख्या 10 में -4- स्पष्ट रूप से अलका नागर द्वारा वांछित अस्थाई निषेधाज्ञा पारित नहीं की जा सकती उल्लेखित किया है तथा केवल मात्र पद संख्या 15 में अंतरण के संबंध में रोक के आदेश पारित किये हैं। अलका नागर द्वारा श्री रजनीकात बांकलिया एडव्होकेट को आदेश की गलत समीक्षा दर्शित कर गलत सूचना प्रकाशित करवा दी है। भूमि सर्वे कं 45/1 रकबा 3.35 हे. स्थित ग्राम गिरोता तहसील देपालपुर जिला इन्दौर में बतौर स्वामी विगत 18 वर्षों से मेरे पक्षकार अरविंद नागर का नाम कालम नंबर 3 में अंकित है। 118/13 ए चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, ढाबा रोड उज्जैन का भवन भी विभाजन लेख दिनांक 27.6.2008 के माध्यम से कैलाश नागर द्वारा मेरे पक्षकार अरविंद नागर को संहृत किया जा चुका है।

श्री रजनीकांत बांकलिया एडव्होकेट द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना में मेरे पक्षकार को दृश्यमान स्वामी किया गया है एवम मनमाने तौर पर सम्पत्ति को संयुक्त परिवार का होना जिसमें अलका के पति आधे हित निहित होना पूर्णतः असत्य रूप से भ्रम किये जाने के उद्देश्य से लेख किया है। ऐसा कोई भी दस्तावेज जो गिरोता की भूमि एवम उज्जैन के भवन 118/13 में अलका का आधा हित निहित होना दर्शित करता है। वर्चस्व में नहीं है। झूठे मुकदमें के आधार पर अलका भ्रम की स्थिति वास्तविकता के विपरीत मा. न्यायालय के आदेश की अवमानना की कोटि की समीक्षा कर सार्वजनिक प्रकाशन कर रही है। जबकि उक्त अलका के विरूद्ध मा. प्रधान जिला उज्जैन के न्यायालय में अपील क्रमांक MCA/75/26 लंबित है। जिसमें अलका के द्वारा अंतिम तर्क प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। अलका नागर द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना से भ्रमित न हो।

**MANISH MANANA (ADVOCATE)**
**Off. H.No. 74, Shree K.L. Manana Road, Sarafa (Satigate) UJJAIN 456006**
**Lawyers Chamber No. 40, New Dist Court, Premises, UJJAIN 456 010 Mob. 9826045759, 7000775342**

In The Court Of Civil Judge, Senior Division, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री चेतना दशोरा**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (RCS A/0000092/2026)
**सजनबाई ----------वादी**
**Vs**
**सर्व साधारण आम जनता---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 26/09/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण आम जनता पत्ता सर्व साधारण
यह कि प्रार्थी सजनबाई ने आपके विरुद्ध सीविल सुट ए के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने बाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 18 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री चेतना दशोरा)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**महिदपुर, जिला-उज्जैन (म.प्र**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जहां महिलाएं कपड़े बदलती है वहां मिला हिडन कैमरा

**सीहोर।** सीहोर जिले के बिलकिसगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दीवार पर लगी घड़ी के अंदर संदिग्ध हिडन कैमरा और मेमोरी कार्ड मिलने से हड़कंप मच गया। घटना 13 अगस्त की बताई जा रही है। अस्पताल में काम करने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मियों ने इसे निजता और सुरक्षा का गंभीर मामला बताते हुए कार्रवाई की मांग की। विभागीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने सीहोर जिले से गुजर रहे राजस्व मंत्री एवं इछावर विधायक करण सिंह वर्मा का काफिला रोककर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों के अनुसार अस्पताल के एक कक्ष में दीवार पर लगी घड़ी के भीतर कैमरा और मेमोरी कार्ड मिला था। उनका कहना है कि अस्पताल में बड़ी संख्या में महिला स्वास्थ्यकर्मी काम करती हैं, ऐसे में इस तरह उपकरण लगाया जाना उनकी निजता और कार्यस्थल की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। कर्मचारियों ने मांग की है कि जांच कर पता लगाया जाए कि कैमरा किसने, कब और किस उद्देश्य से लगाया था। साथ ही अस्पताल के अन्य कमरों और स्थानों की भी जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं और ऐसे उपकरण तो नहीं लगाए गए हैं।

## कलेक्टर-एसपी ऑफिस के सामने गड्ढे में गिरी छात्र

**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर और एसपी कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे-39 पर सड़क के गड्ढे में गिरकर 16 वर्षीय छात्र आदित्य देव लटोरिया घायल हो गया। हादसे के बाद छात्र ने खुद ही गड्ढा भरने का फैसला किया। उसका कहना था कि वह नहीं चाहता कि उसकी तरह कोई और इस गड्ढे में गिरकर घायल हो। आदित्य शुक्रवार को कोचिंग से पढ़कर स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान एसपी-कलेक्टर कार्यालय के सामने उसकी स्कूटी सड़क के गड्ढे में जा गिरी। वह सड़क पर गिर गया और मामूली रूप से घायल हो गया। पीछे से एक ट्रक भी आ रहा था। वहां से गुजर रहे कुछ स्कूली छात्रों ने तुरंत आदित्य को उठाया और उसकी स्कूटी को सड़क किनारे किया। हादसे के बाद आदित्य कुछ देर यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर आराम करता रहा। तबीयत बेहतर होने पर उसने सड़क की हालत देखी और गड्ढा भरने का फैसला किया। आदित्य पास के सांची स्टॉल से दूध की खाली क्रेट और एक पेचकस लेकर आया। इसके बाद एसपी कार्यालय के बाहर पड़े गिट्टी, कंक्रीट और मिट्टी के मिश्रण को क्रेट में भरकर गड्ढे में डालना शुरू किया। उसने काफी देर तक मेहनत कर गड्ढा भर दिया।

## 70 साल पुराने संदूकों से मिला 5000 साल पुराना खजाना

**वाराणसी।** करीब सात दशक से बंद पड़े बीएचयू के 5 जर्जर संदूकों को शुक्रवार को खोला गया। इनमें इतिहास के कई दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों ने विश्वविद्यालय के पुरातत्व शोध को नई दिशा दे दी। संदूकों में 5 हजार साल तक पुरानी पुरातात्विक वस्तुओं के साथ एनालॉग कैमरों की 10 हजार से ज्यादा निगेटिव रील और ग्लास स्लाइड्स मिली हैं। इनमें बीएचयू की ओर से देश के 63 प्रमुख स्थलों पर कराई गई पुरातात्विक खुदाई के दुर्लभ दृश्य सुरक्षित हैं। इन तस्वीरों में काशी के राजघाट से लेकर अजंता-एलोरा की गुफाओं तक के पुरास्थल, प्राचीन मंदिर, स्तूप, चैत्य-विहार और महादेव, भगवान विष्णु व गौतम बुद्ध की प्रतिमाएं दर्ज हैं। संग्रह में प्राचीन सिक्के, मुहरें, मुद्रांक, अभिलेख, मिट्टी के खिलौने और पाषाणकालीन औजार भी मिले हैं। अब बीएचयू के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग ने इस सामग्री का दस्तावेजीकरण और संरक्षण शुरू कर दिया है। पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष प्रो. महेश प्रसाद अहिरवार के मुताबिक, संदूकों में मिली सामग्री लंबे समय से संरक्षण से दूर थी। संदूकों की हालत भी काफी खराब हो चुकी थी। इन्हें खोलने के बाद सामग्री को अलग-अलग श्रेणियों में व्यवस्थित किया जा रहा है।

## मथुरा में निर्माणाधीन मॉल की शटरिंग गिरी

**मथुरा।** मथुरा में शुक्रवार सुबह 7 बजे निर्माणाधीन ओमेक्स मॉल में शटरिंग गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक घायल है। पुलिस के मुताबिक, मॉल में 4-5 मजदूर नाइट शिफ्ट में काम कर रहे थे। अचानक शटरिंग भरभराकर गिर गई। मजदूर मलबे में दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। अफरा-तफरी के बीच पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और राहत-बचाव टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। मलबे से एक मजदूर की लाश बाहर निकाली गई। घायल 3 मजदूरों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान 2 की मौत हो गई। एक का इलाज चल रहा है। मृतकों में दो पश्चिम बंगाल और एक नेपाल का रहने वाला है। हादसे के कारणों की जांच भी शुरू की। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर दुख जताया है। अफसरों को घायलों का इलाज कराने का निर्देश दिया है। मृतकों के परिजनों से बात कर हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। हादसा थाना कोतवाली वृंदावन के रूक्मणी विहार इलाके की है।

## वाहनों के आगे आकर ट्रैफिक को रोकती युवती ने जाम लगाया

**इंदौर।** इंदौर के विजय नगर इलाके में एक इंन्फुएसर युवती का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवती यहां पर ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करती दिख रही है। वह वाहनों के आगे जेब्रा क्रासिंग पर लेट रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस अफसरों ने युवती की जानकारी निकलवाने के बाद कार्रवाई की बात कही है। वायरल वीडियो विजयनगर के पास का है। यहां एक प्रकृति गौर नाम की इंन्फुएसर अपना फोटो ओर वीडियो शूट करवा रही है। वह इंदौर में ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों के रूकने के दौरान वाहनों के आगे आकर लेटकर ट्रैफिक को रोकती दिखी। वीडियो को लेकर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने संज्ञान लेकर जांच करने की बात कही है।

## न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

**प्रकरण कमांक 97/2026 विविध**

**श्रीमती फेमिदा बी पति स्व. इसराईल खां आदि समस्त निवासी-ग्राम खामखेडा जत्रा तहसील आष्टा जिला सिहोर**
**वि.**
**मोहम्मद हफीज खान पिता मोहम्मद अयूब खान निवासी- 15 छोटी खंदार मोहल्ला नलियाबाखल तोपखाना जिला उज्जैन**

### //सूचना-पत्र//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. इसराईलखां पिता श्री अब्बासखां की मृत्यु दिनांक 31.05.2018 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद रूपये 15,82,301=00 (पन्द्रह लाख बयांसी हजार तीन सौ एक मात्र ) नेशनल इंशुरेन्स कं0लि0 द्वारा जमा किये गये।

अत: मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 18.09.2026 को प्रात: 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन मे प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें।

मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2026 को जारी किया गया।

**( नीरज कुमार प्रजापति )**
**कमिश्नर लेबर कोर्ट उज्जैन मप्र**

## न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

**प्रकरण कमांक 96/2026 विविध**

**श्रीमती शमीम बी पति स्व. श्री मुंशी खां निवासी-मकान नं 4 केसरपुरा महिदपुर जिला उज्जैन**
**वि.**
**मुकेश गोयल पिता श्री मोहनलाल गोयल घाटी के नीचे वार्ड 10 आगर मालवा जिला आगर आदि**

### // सूचना-पत्र //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. मुबारिक पिता स्व0 श्री मुंशी खां की मृत्यु दिनांक 17.08.2020 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद् रूपये 27,59,630=00 (सत्तावीस लाख उनसाठ हजार छह सौ तीस मात्र) दि ओरिएन्टल इंशुरेन्स कं0 लि0 द्वारा जमा किये गये।

अत: मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 18.09.2026 को प्रात: 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन मे प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रनाण पत्र भी साथ लावें।

मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2026 को जारी किया गया।

**( नीरज कुमार प्रजापति )**
**कमिश्नर लेबर कोर्ट उज्जैन मप्र**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक कृषि भूमि सर्वे नंबर 167/2 रकबा 0.45 आरे सर्वे नंबर 167/3/2 रकबा 0.31 आरे कुल कित्ता 2 कुल रकबा 0.76 आरे कृषि भूमि ग्राम कालुहेड़ा पटवारी हल्का नंबर 0011 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय किये जाने का सौदा मूल भूमिस्वामी सीताराम पिता श्री नारायणजी निवासी ग्राम उंटेसरा, कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से किया गया है तथा उक्त सोदे पेटे बयाना राशि अदा कर लिखित अनुबंध पत्र भी सम्पादित करवा लिया है तथा रजिस्ट्री की कार्यवाही हेतु मेरा पक्षकार अग्रसर हो रहा हैं किन्तु इस दौरान सीतारामजी की नियत में खोट आ जाने के कारण उनके द्वारा विक्रय पत्र सम्पादन की कार्यवाही में निरन्तर टालमटूल कर विक्रय पत्र सम्पादन से इन्कार किया जा रहा है मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि सीतारामजी उक्त भूमि को कहीं अन्यंत्र विक्रय करने का प्रयास कर रहा है इस हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे कोई भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / फायनेसियल संस्था उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार का क्रय विक्रय संबंधी कोई संव्यवहार, बंधक पत्र, रहन, विक्रय पत्र या अनुबंधं पत्र का सम्पादन ना करें अन्यथा होने वाले नुकसान या हानि हेतु वे व्यक्ति या संस्था स्वयं जिम्मेदार होगे। सूचित हो । इति दिनांक /08/2026

**देवेन्द्र सुनेल अभिभाषक**
**कार्यालय-21, गंगा प्लाजा जैन मंदिर के पास बियाबानी चौराहा फाजलपुरा उज्जैन**
**मोबा. 94246-61197, 98934-61197**

## In The Court Of IX Additional District Judge, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री विकास चौहान**
**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन देत RCS A/000370/2026 )**
**दीपक माली .................वादी**
**विरूद्ध**
**बाबूलाल माली ................. प्रतिवादी**
**Process Id/2026**
**पेशी दिनांक- 03/09/2926**

प्रेषिती- (1) राजेश शर्मा पिता प्रहलाद शर्मा पता- 21/2 केशवनगर नीलगंगा उजैन मप्र यह कि प्रार्थी दीपक माली पिता स्वर्गीय श्री राजू माली, आयु-45 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी 31/3 यंत्र महल मार्ग उज्जैन म प्र आदि-2 ने आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते विभाजन, घोषणात्मक सहायता, शून्यवत घोषित किये जाने विक्रय पत्र दिलाये जाने पृथक से आधिपत्य व स्थाई निषेधाज्ञा हेतु सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह तारीख 17 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**नवम् जिला न्यायाधीश उज्जैन म.प्र.**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री पुष्पेन्द्र निर्भाण पिता श्री महेन्द्र जी निर्माण निवासी 58/4, दानी गेट बडनगर रोड, उज्जैन म.प्र से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 24 का उत्तर दिशा का भाग स्थित प्रशांति एवेन्यू गोयलाखुर्द सांवेर रोड उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है भवन का कुल क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर है को क्रय करने का सौदा किया गया है यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करें, अवधि पश्चात सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी।

**महेन्द्र मालवीय ( एड्व्होकेट )**
**कार्यालय: ऑफिस नं. 143, प्रथम तल, सी-21 मॉल नानाखेडा, उज्जैन मो. 7509801819**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी पक्षकार श्री श्यामसिंह पिता श्री मोहनसिंह जाति राजपूत निवासी आगर मालवा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 143/2 रकबा 1.45 हैक्टर एवं सर्वे नम्बर 147 रकबा 0.22 हेक्टर कल किता 02 कुल विकीत रकबा 1.67 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम रणायरा राठौर तहसील आगर जिला आगर मालवा म0प्र0 मे होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक,निकाय, शासकीय अथवा अर्थशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात 07 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 21 अगस्त् 2026

**दिनेश वर्मा-सर्विस प्रोवाइडर**
**उप पंजीयक कार्यालय घटिटया जिला उज्जैन**
**मो. 94240-67457**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री संजय पिता मदनसिंह जाति- गारी, निवासी ग्राम भोण्डवास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 75/2 रकबा 1.0000 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 0.40 हेक्टेयर कृषि भूमि, स्थित ग्राम भोण्डवास पटवारी हल्का नंबर 00162 तहसील बड़नगर व जिला उज्जैन में है, उक्त वर्णित कृषि भूमि को कय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का संपादन करवाया जाना है यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।

यह तिथि है- 21/08/2026

**श्रीमती पुष्पा शर्मा ( चौधरी ) ( एडवोकेट )**
**कार्यालय सीएफ-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैनमो. 79876-46909**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन / भूमि नगर पालिक निगम क्रमांक 16 जो कि अर्पिता एन्क्लेव , ग्राम नानाखेड़ा, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 21, पश्चिम में कॉलोनी की सड़क, उत्तर में भूखण्ड नंबर 15, दक्षिण में भूखण्ड नंबर 17 स्थित होकर मूल स्वामी 1) श्रीमती शोभा चौहान पति स्वगर्गीय श्री अनिल कुमार सिंह चौहान, 2) अवधेश प्रताप सिंह चौहान पिता स्वर्गीय श्री अनिल कुमार सिंह चौहान, 3) अक्षयराज सिंह चौहान पिता स्वर्गीय श्री अनिल कुमार सिंह चौहान, निवासीगण ए-16, अर्पिता एन्क्लेव, काला पत्थर, उज्जैन म0प्र0 के संयुक्त मालिकी, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का हैं। उक्त भवन / भूमि को श्री अनिलकुमार सिंह चौहान पिता श्री रामशरण सिंह जी चौहान, निवासी- 183, स्नेहनगर, मन्दसौर म0प्र0 के द्वारा दिनांक 07/02/2002 को दस्तावेज क्रमांक 4622 के माध्यम से क्रय किया गया था। तत्पश्चात् श्री अनिलकुमार सिंह चौहान का स्वर्गवास दिनांक 12/06/2026 को हो गया हैं। स्वर्गीय श्री अनिलकुमार सिंह चौहान के वैधानिक उत्तराधिकारियों में 1) श्रीमती शोभा चौहान, 2) अवधेश प्रताप सिंह चौहान, 3) अक्षयराज सिंह चौहान उनकी पत्नि एवं पुत्रगण हैं। उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि को मेरे पक्षकार ने मूल स्वामीगण से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त संपूर्ण भवन / भूमि के दस्तावेज विक्रय अनुबंध पत्र / दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना हैं। उक्त संपूर्ण भवन/भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित संपूर्ण भवन/भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा किया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपूर्ण भवन / भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 21/08/2026, स्थान: उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस मार्केट लखेरवाडी उज्जैन 34, शू मार्केट**
**मो. 87707-18997**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपक पिता स्व. रामप्रसाद बोरासी, निवासी-उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 10, सुदामा नगर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल-1350 वर्गफीट को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित श्रीमती मंजू जैन पति श्री कैलाशचंद्र जैन तथा श्रीमती शकुंतला पति श्री हरदयालसिंह ठाकुर ने विधिवत विक्रय पत्र पंजीयन क्र-17एमपी 18842026ए100379546 दिनांक-27-03-2026 द्वारा क्रय किया है। संपत्ति के चेन दस्तावेजों अनुसार उपरोक्त वर्णित संपत्ति विक्रता दीपक बोरासी को पंजीकृत वसीयत विलेख क्रं-3/21 दिनांक-16-05-1994 द्वारा प्राप्त हुई है जो कि दीपक बोरासी के पिता रामप्रसाद बोरासी ने दीपक बोरासी के हित में अपने जीवनकॉल में संपादित की थी जिनके स्वर्गवास उपरांत वसीयत प्रभावशील हुई जिसके आधार पर दीपक बोरासी पिता स्व. रामप्रसाद बोरासी के नाम का नामांतरण भी नगर पालिका निगम उज्जैन में सूचना पत्र प्रकरण क्र-475/03/7 PT, Dispatch No. 454, Dated 23-06-2004 अनुसार हुआ था, तत्पश्चात दीपक बोरासी के द्वारा उपरोक्त भवन का विक्रय श्रीमती मंजू जैन पति श्री कैलाशचंद्र जैन तथा श्रीमती शकुंतला पति श्री हरदयालसिंह ठाकुर के हित में किया जा चुका है, जिनके द्वारा मेरी पक्षकार बैंक आफ इंडिया में गृह ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अत: यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति मे अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा उक्त संपत्ति का मेरी पक्षकार बैंक अपने हित में बंधक करते हुए ऋण प्रदाय की कार्यवाही करेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 21.08.2026

**सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट**
**ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 9826279028**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामीगण 1. ज़मिल उद्दीन पिता मरहूम अजीज उद्दीन व 2. सिराज उद्दीन पिता मरहूम अजीज उद्दीन, निवासीगण-97/5, कोट मोहल्ला, महाकाल मार्ग, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भवन म्यु, क्रमांक 97/5 का उत्तरी दिशा वाला भाग, स्थित कोट मोहल्ला, महाकाल रोड़, उज्जैन में मुख्य सड़क से अन्दर की ओर शामलाती पैसेज में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स का हैं तथा जो आवासीय उपयोग का होकर दो मंजिला अर्थात तल लगायत प्रथम मंजिल गार्डर फर्शी व टीनपोश की छत का निर्मित हैं एवं जिसकी लम्बाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व बतरफ पश्चिम दोनों ओर लगभग 25 फीट 6 इंच तथा जिसकी चौड़ाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व बतरफ दक्षिण दोनों ओर लगभग 28 फीट होकर जिसकी भूमि का कुल क्षेत्रफल 66.35 वर्गमीटर या 714.12 वर्गफीट हैं एवं जिसके पूर्व दिशा में-वर्तमान में भवन शरीफ खां का, जो पहले बाबू खां शेख का था, पश्चिम दिशा में वर्तमान में भवन कृष्णा पैलेस, जो पहले आशिक हुसैन का था, उत्तर दिशा में शामलाती पैसेज, जो पूर्व दिशा में आगे जाकर गली आम कोट मोहल्ला में मिलता हैं व दक्षिण दिशा में भवन म्यु, क्रमांक 97/5 का भाग, अब्दुल वाहिद पिता एहमद खान का हैं, को निर्विवाद व रिक्त अवस्था में मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय मटेरियल, फिक्चर्स, फिटिंग्स व नल/बिजली कनेक्शन डिपाजिट राशि सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति आदि को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

दिनांक-21.08.2026, उज्जैन,

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन मो. 9301376778**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा द्वितीय मंजिल एल.एम. काम्पलेक्स बी-ब्लॉक 34 शंकु मार्ग टॉवर चौक फ्रीगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक बी-78, स्थित कलानी बाग सेक्टर - बी तहसील व जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफीट। तथा चर्तुसीमा इस प्रकार है- पूर्व मे - रोड कॉलोनी की, पश्चिम मे - प्लॉट न.89, उत्तर मे- प्लॉट न.77, दक्षिण मे - प्लॉट न.78 का शेष भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति रविन्द्र कुमार पिता शांतीलाल जैन ने विक्रय पत्र क्रमांक I.1/15 दिनांक 03/04/1995 के माध्यम से पूर्व स्वामी नौशाद बी पिता आशिक पठान से विधीवत रूप से क्रय की थी। तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक 1 I/2627 दिनांक 30/01/1995 कही गुम हो गया है। एवं रविन्द्र कुमार पिता शांतीलाल जैन के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 22/08/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## न्यूज-कॉलम

### गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित होगा सामूहिक शिवाभिषेक

**मंदसौर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा मंदसौर के तत्वावधान में सावन मास के उपलक्ष्य में रविवार, 23 अगस्त को प्रातः 9 बजे से कालाखेत स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर निःशुल्क शिवाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गायत्री परिवार के पूर्व ट्रस्टी दिलीप माहेश्वरी एवं व्यवस्थापक पन्नालाल मालवीय ने बताया कि इस वैदिक अनुष्ठान के लिए पूजन एवं अभिषेक की समस्त सामग्री गायत्री परिवार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धालु अपनी रजत या अन्य शिव प्रतिमा लाकर पूजन में सम्मिलित हो सकते हैं। यह सवा घंटे का अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा, जिसमें सभी धर्म व संप्रदाय के भक्त भाग ले सकते हैं।

### सीएलसी चरण की समय सारणी घोषित

**मंदसौर।** शा. स्नातकोत्तर महा विद्यालय मंदसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने जानकारी दी कि उच्च शिक्षा विभाग एवं डीटीई मध्य प्रदेश द्वारा एम.बी.ए., एम.सी.ए., बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सीएलसी चरण की समय-सारणी घोषित कर दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया 20 अगस्त से 14 सितंबर तक संचालित होगी। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन पंजीयन कराकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### जीतो यूथ विंग कल आयोजित करेगा उद्यमी जागरूकता कार्यक्रम

**मंदसौर।** जीतो यूथ विंग मंदसौर द्वारा शहर के व्यापारियों, एमएसएमई इकाइयों, नवउद्यमियों और युवा उद्यमियों के लिए 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे से होटल वृंदा बाय अग्रवाल्स में एक विशेष व्यावसायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ''जेम, लीप, जेड एवं बौद्धिक संपदा अधिकार'' विषय पर केंद्रित इस सत्र में विशेषज्ञ उद्यमियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से सरकारी खरीद के अवसरों, लीप के जरिए क्षमता निर्माण, जेड प्रमाणन द्वारा गुणवत्ता सुधार तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के तहत पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट से जुड़ी कानूनी जानकारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### पुलिस ने 325 किलो डोडाचूरा सहित क्रेटा कार जब्त की



**नीमच।** मध्यप्रदेश के नीमच में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस कप्तान राजेश व्यास के कुशल निर्देशन में सिंगोली पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सिंगोली थाना क्षेत्र अंतर्गत कदवाद मार्ग पर पुलिस टीम द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार से 325 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने मौके से आरोपियों के मोबाइल फोन विधिवत जब्त कर लिए हैं। पुलिस कप्तान राजेश व्यास के सख्त निर्देश पर जब्त मोबाइल और साइबर सेल की तकनीकी मदद से फरार आरोपियों की शिनाख्त कर उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

# जब से मोदी सरकार आई है कमर तोड़ महंगाई है- कांग्रेस

## महंगाई को लेकर कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन पाउच में शक्कर भरकर वितरित की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी



मोदी सरकार में महंगाई आसमान छू रही है,गरीबो की थाली से तेल,दालें,जहां गायब होगई वही अब शक्कर 75 रुपये किलो होने से गरीब व मध्यम वर्ग के लोग अपने आप को ठगासा महसूस कर रहे है।शुक्रवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने एक अनूठा प्रदर्शन किया कांग्रेसजनों ने अमरपुरा की बागरी बस्ती में पाउच में थोड़ी थोड़ी शक्कर भरकर वितरित कर यह दर्शाया की लगातार बढ़ती महंगाई ने गरीब व आमजन की कमर तोड़ कर रखदी है।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा की मोदी सरकार एवं प्रदेश की डॉ, मोहन यादव की सरकार हर मोर्चे पर फेल होगई है। आज किसान,गरीब,मजदूर व्यापारी सभी काफी परेशान है,इस सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है।शर्मा ने कहा कि नितिन गडगरी को आर्थिक फायदा पहुचाने के उद्देश्य से ही मोदी सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के निर्णय लिया है क्योंकि गडकरी की एथेनॉल बनाने की फैक्ट्री है।शर्मा ने कहा कि एथेनाल बनाने में बड़ी मात्रा में गन्ने का उपयोग होता है,इसका सीधा असर शक्कर की कीमतों पर पड़ा है।इस मौके पर कांग्रेस नेताओ ने पाउच में शक्कर भरकर कर वितरित की पाउच पर लिखा था "गरीबो से शक्कर हुई दूर,75 तक हुई शक्कर मोदी है तो मुमकिन है,महंगाई डायन खायत जात है"।

राजीवगांधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल मालवीय चावली ने कहा कि मोदी सरकार ने डीजल,पेट्रोल,रसोईगैस सहित सभी वस्तुओं पर महंगाई का तड़का लगाकर यह सिद्ध कर दिया है कि गरीबो व मध्यम वर्गीय परिवारों से इनका कोई लेना देना नही रह गया है,यह पूंजीपतियों की सरकार है।

इस मौके पर राजीवगांधी पंचायत राज संगठन के नगर अध्यक्ष भेरुपप्पू गुर्जर, कांग्रेसनेता छोटेलाल सैनी, किशोर टेलर कनघट्टी,राकेश चंद्रवंशी, गणपत चंद्रवंशी,रामचन्द्र चंद्रवंशी,मुकेश चंद्रवंशी,नंदलाल चंद्रवंशी, ओंकारलाल चंद्रवंशी, मुकेश पाटीदार, मन्नालाल धनगर, गुड्डीबाई, धापूबाई आदि मौजूद थे। महंगाई को लेकर कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन पाउच में शक्कर भरकर वितरित की।

# खाद्य विभाग ने त्योहारों से पहले दुकानों से आटा घी मावा व नमकीन के लिए सैंपल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



त्योहार नजदीक आ रहे हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने भी शहर में सख्ती बरतना प्रारंभ की है खाद्य सामग्री के सैंपल लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए जांच के लिए खाद्य सैंपल लिए गए ।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल एवं टीम ने गुरुवार को कोठी बाजार स्थित ज्ञानी ट्रेडर्स से श्री अंजनी बफेलो घी पैक एवं कुकिंग मीडियम प्रोडक्ट के जांच सैंपल लिए यहां से ९ लीटर अंजनी घी जो ४ हजार ५०० रुपए तथा ७२ लीटर एस कुकिंग मीडियम जिसकी कीमत २० हजार ८८० रुपए का होकर मौके से जप्त किया ।

वहीं पिपलोदा रोड स्थित जेएस ट्रेडर्स का लाइसेंस चेक किया तो साहिल कोठारी पिता जितेन कोठारी के नाम से पाया गया। वहां से जावरा गोल्ड मल्टीग्रेन आटे का सैंपल लिया गया। जो जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण लब भेजा है।

हाल ही में शुभारंभ हुआ राजस्थान स्वीट्स एवं नमकीन पर भी खाद्य विभाग की टीम पहुंची जहां से कलाकंद एवं नमकीन के नमूने मानक स्तर की जांच के लिए संकलित किया। प्रतिष्ठान का लाइसेंस भी देखा गया। तथा स्वच्छता एवं निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। उक्त टीम की जांच से अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया।



## कांग्रेस ने किया दिल्ली की घटना को लेकर प्रदर्शन

**नीमच।** दिल्ली में साहिल लोहबच के साथ हुई कथित पुलिस बर्बरता के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद मार्ग स्थित डीसीपी कार्यालय पहुंचे और एफआईआर दर्ज कर न्यायिक जांच की मांग की। इसी मामले को लेकर नीमच में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर सर्कल पर धरना दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साहिल लोहबच को न्याय दिलाने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ किसी भी प्रकार की पुलिस बर्बरता स्वीकार्य नहीं है। नीमच कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि दिल्ली में जब तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी धरने पर बैठे रहेंगे, तब तक नीमच में भी कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहेंगे। उन्होंने बताया कि नीमच सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि आंबेडकर सर्कल पर धरना जारी रहेगा और मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने की मांग उठाई जाती ।



## विधायक जैन ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण व्यवस्थाएं जांचीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

विधायक विपिन जैन ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का लगभग डेढ़ घंटे तक औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, भोजन की गुणवत्ता, ओपीडी तथा टीकाकरण केंद्रों का जायजा लिया और भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

विधायक जैन ने चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मचारियों को मरीजों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए स्वास्थ्यकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा सोनोग्राफी मशीन के सुचारू संचालन हेतु निर्देश दिए गए। विधायक श्री ने कहा कि निरीक्षण में मिली अव्यवस्थाओं की रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

# संत रविदास की 650वीं जयंती पर भाजपा ने 21 मंडलों में स्थापित किए कलश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

संत शिरोमणी रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के सभी 21 मंडलों में कलश स्थापना की गई।



गरोठ मंडल में विधायक चंदरसिंह सिसौदिया, सीतामऊ मंडल में सुवासरा विधायक एवं पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, गुर्जरबर्डिया मंडल में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक कैलाश चावला तथा भैसोदा मंडल में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसी प्रकार दलौदा में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, शामगढ़ मंडल में भाजपा जिला मंत्री अर्जुन सोनी, धुंधड़का मंडल में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर एवं जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा तथा भानपुरा मंडल में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव उपस्थित रहीं। इस दौरान भाजपा संगठन पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। गरोठ, सीतामऊ, दलौदा, शामगढ़, भानपुरा सहित सभी मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से संत रविदास के विचारों, सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने बताया कि सभी 21 मंडलों में मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जनहित मांगों को लेकर शिवसेना का ड्रम में बैठकर जल सत्याग्रह

**मंदसौर।** गांधी चौराहे पर चल रहा शिवसेना (यूबीटी) का अनिश्चितकालीन धरना 11वें दिन जल सत्याग्रह में तब्दील हो गया। शिवसेना प्रदेश प्रमुख सुनील शर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान आईटी सेल प्रभारी नाहर सिंह गौड़ पानी से भरे ड्रम में बैठकर अनूठे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। शिवसेना द्वारा जिला अस्पताल में एसडीपी व सोनोग्राफी मशीन हेतु स्थायी रेडियोलॉजिस्ट और तकनीशियन की नियुक्ति, वर्ष 2020 से लंबित किसानों के मुआवजे के त्वरित भुगतान तथा शहर में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। पदाधिकारियों ने मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है।



# पुलिस ने ईदगाह के पीछे, जुए के अड्डे पर छापामार कर 12 सटोरियों को पकड़ा व 40 हजार नकदी बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर में अवैध जुए और सट्टे के कारोबार पर नीमच कैंट पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के बाद पुलिस टीम ने फिल्मी अंदाज में बंद ऑटो में सवार होकर ईदगाह के पीछे चल रहे जुए के ठिकाने पर अचानक दबिश दी। पुलिस की इस चाक-चौबंद घेराबंदी के चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भागने की कोशिश कर रहे सभी १२ जुआरियों को पुलिस ने मौके पर ही धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से ताश-पत्ते, गोड़ी दाना और 40,580 रुपये की नकदी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीमच कैंट थाने के उपनिरीक्षक भगवत सिंह को सूचना मिली थी कि ईदगाह के पीछे कुछ शातिर सटोरी हार-जीत का दांव लगाकर खुलेआम गोड़ी दाना फेंक जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि होते ही एएसआई अनिल पुरोहित के साथ आरक्षक राहुल, मधुसूदन, राजेश, कपिल, प्रहलाद, दशरथ, विक्रम, सुरेश, भानुप्रताप, पंकज पाटीदार, ईश्वर और देवेंद्र की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने शातिरों को भनक न लगे इसके लिए बंद ऑटो का सहारा लिया और मौके पर पहुंचकर चारों तरफ से घेराबंदी कर दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से शरीफ कुरैशी, अमजद खान, इमरान कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, मुबारक कुरैशी, सईद कुरैशी, शहीद, रफीक मीरासी, आबिद हुसैन और शशांक जायसवाल सहित कुल १२ आरोपियों को हिरासत में लिया। कैंट थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

## न्यूज कालम



### शारदा पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**पिपलिया मंडी।** शारदा पब्लिक स्कूल में पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य श्री ओम प्रकाश जी गहलोत सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि साथी परिवार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर श्री दीपक जी कुमावत, श्री पुरुषोत्तम जी माली एवं श्री अक्षय माली विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा पौधारोपण कर विद्यार्थियों एवं समाज को अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उन्हें सुरक्षित रखने की शपथ ली। विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

### स्व. राजीव गांधी की जयंती पर उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद किया



**पिपलिया मंडी।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी की 82 वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई और देश में उनके योगदान को याद किया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौथमल गुप्ता तुलसीराम पाटीदार अनिल बोराना पुर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फर्किया पुर्व मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता पूर्व सेक्टर अध्यक्ष अनिल गुर्जर प्रदेश कांग्रेस सह सचिव मुकेश निडर देवेंद्र कराड़ा डा बद्रीलाल शर्मा अनवर मंसूरी मल्हारगढ़ अशोक संघवी राहुल अहीर नारायणगढ़ राजेश शर्मा रीतेश शर्मा भारद्वाज सहित सभी काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पुष्प अर्पित किए



**जावरा ।** ब्लॉक कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जन्म जयंती पूर्व मंत्री भारत सिंह के कार्यालय पर मनाई।। उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर देश के विकास में योगदान को याद किया । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने कहा कि स्व गांधी ने कंप्यूटर दूरसंचार सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता पंचायती राज का गठन युवाओं को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष का मताधिकार दिया। इस मौके पर डॉक्टर एच एस राठौर ,नीति राज सिंह , वरुण श्रोत्रिय , महेंद्र गंगवाल ,यास्मीन खान, लोकेश विजवा ,विमल पोखरना ,इमरान मंसूरी ,कान्हा हाडा, अंकित लालवानी आदि उपस्थित थे।

### 22 अगस्त से पातालपानी–कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी

**रतलाम ।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुए पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन पुनः शुरू की जा रही है। यह ट्रेन 22 अगस्त से प्रति शुक्रवार,शनिवार एवं रविवार को चलेगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 52965 पातालपानी - कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन 11.05 बजे पातालपानी से चलकर 13.05 बजे कालाकुंड पहुँचेगी तथा वापसी में ट्रेन संख्या 52966 कालाकुंड - पातालपानी हेरिटेज ट्रेन कालाकुंड से 15.34 बजे चलकर 16.30 बजे पातालपानी पहुँचेगी। इस ट्रेन में दो एसी चेयरकार सी1 व सी2 एवं चार नॉन एसी चेयर कार डी1, डी2 व डी3 कोच रहेंगे। इस हेरिटेज ट्रेन में आने-जाने के लिए अलग-अलग टिकट लेना होगा।



## निर्वाण लड्डू सजाओ प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह संपन्न

**मंदसौर।** श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मंदसौर द्वारा श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व के अवसर पर श्री 1008 तार बंगला मंदिर जी में निर्वाण लड्डू सजाओ प्रतियोगिता तथा उपवास करने वाली बालिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती शीला बाकलीवाल, अर्हम बाकलीवाल, शिवानी मेहता और अजय बाकलीवाल की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। समिति अध्यक्ष श्रीमती किरण महावीर रावका ने बताया कि लड्डू सजाओ प्रतियोगिता में नुपुर पाटनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोक्ष सप्तमी का उपवास रखने वाली बालिकाओं एवं प्रतिभागियों को प्रोत्साहन उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## डोडाचूरा तस्कर को 11 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा पिकअप वाहन में 7 प्लास्टिक के काले रंग के कट्टो में 166 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी शरीफ पिता मुंशी खां मंसूरी, निवासी-ग्राम दुधिया, थाना व तहसील आलोट, जिला रतलाम (म.प्र.) को धारा 8/15(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा ने घटना की जानकारी दी।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा जिले में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में मिलाद-उन-नबी, जनजातीय गौरव दिवस, जन्माष्टमी, गोगा नवमी, गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं गणेश विसर्जन, नवरात्रि प्रारंभ, महाअष्टमी, विजयादशमी, महर्षि वाल्मीकि जयंती, दीपावली एवं गोवर्धन पूजा तथा क्रिसमस सहित आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के संबंध में समिति सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए गए।

विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने सभी समुदायों से आपसी समन्वय, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में शांति समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए सभी से सहयोग का आह्वान किया।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों एवं आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार डामरीकरण का कार्य प्राथमिकता से कराया जाए। उन्होंने अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-मधुकर पिता मनोहर अगासे क्रेता- रहेला पति रेहान अंसारी वार्ड क्र. 56 पता-26/1 स्नेहलतागंज इन्दौर पिन- 1000885556 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्र.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

## नवकार महामंत्र में समाया सार- डा. अमृत श्रीजी मसा

**महिदपुर रोड।** जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं द्वारा गुरुवार से नवकार महामंत्र आराधना की शुरुआत श्री संघ व आराधकों की उपस्थिति में हुई जानकारी के अनुसार 30 से अधिक आराधक श्री नवकार महामंत्र की आराधना कर रहे हैं। गुरुवार को साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ सुभाष चंद्र गौरव कुमार भंडारी व उनके परिजनों द्वारा लिया गया एवं संपूर्ण नवकार महामंत्र आराधना के लाभार्थी स्व कुंदनमल, स्व शीला बाई, अमिष कुमार अंकिता, अयांश गांग व उनके परिवार (नागदा) ने लिया। जैन श्री संघ चातुर्मास समिति ने अनुमोदना की।

## 106 वर्षीय धन्नी बाई को कावड़ में बिठा निकाली यात्रा



**महिदपुर।** श्री चमत्कारी बाबा बाल हनुमान मंदिर समिति द्वारा गुरुवार को विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का विशेष आकर्षण रसूलपुरा निवासी 106 वर्षीय धन्नी बाई परमार रहीं, जिन्हें श्रद्धालुओं द्वारा कावड़ में बिठाकर महिदपुर से उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दर्शन के लिए ले जाया गया। कावड़ यात्रा का शुभारंभ श्री चमत्कारी बाबा बाल हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उज्जैन महाकाल मंदिर के लिए रवाना हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कावड़ लेकर शामिल हुए और धार्मिक जयघोष के साथ आगे बढ़े। कावड़ यात्रा के आयोजक श्री चमत्कारी बाबा बाल हनुमान मंदिर समिति एवं कन्हैया सुदामा गौशाला समिति रही।

## बाबा मारकंडेश्वर की सवारी को लेकर नगर में संपर्क अभियान जारी

**मक्सी।** बाबा मारकंडेश्वर की नगर में निकलने वाली भव्य एवं आलौकिक राजश्री शाही सवारी को लेकर हिंदू उत्सव समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समिति अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में पदाधिकारी प्रतिदिन नगर में संपर्क कर धन संग्रह कर रहे हैं। साथ ही नगरवासियों से बाबा की शाही सवारी का उत्सवपूर्वक स्वागत एवं सत्कार करने की अपील की जा रही है। गौरतलब है कि 7 सितंबर को बाबा मारकंडेश्वर की राजश्री शाही सवारी कचहरी चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः शिव मंदिर मठ पहुंचेगी, जहां सवारी का समापन होगा।

## यशिका मिश्रा को एमए भाषा विज्ञान में प्रथम स्थान

**सारंगपुर।** सारंगपुर के समाजसेवी रजनीश मिश्रा की सुपुत्री यशिका मिश्रा ने डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर से एमए भाषाविज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। यशिका की इस शानदार उपलब्धि से उनके माता-पिता, परिवार एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। उनकी इस सफलता पर डॉ. केके मिश्रा, अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ मिश्रा, चिरायु मिश्रा सहित परिवारजनों एवं शहरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद शर्मा सम्मानित

**सारंगपुर।** सारंगपुर पुलिस द्वारा चिन्हित सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में पैरवी करने के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद शर्मा को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के द्वारा सम्मानित किया। चिन्हित सनसनी खेज प्रकरण आर्म्स एक्ट में न्यायालय द्वारा विगत 20 जुलाई पारित निर्णय में सरफराज, शाहनवाज एवं शफीक निवासी सारंगपुर में पंजीबद्ध प्रकरण में पैरवी करते हुए अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अधिकारी शिवप्रसाद ने साक्ष्य के कथनों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायालय सारंगपुर द्वारा आरोपितों को आजीवन कारावास से दंडित किया था।

### स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

# राजीव के कार्यों का विरोध करने वाले आज वही प्रशंसक








**दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास**

जिस समय राजीव गांधी ने देश में डिजिटल क्रांति के माध्यम से कंप्यूटर की बात कही और देश में कंप्यूटर लेकर आए तब यही उनके इस कार्य की भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान नेताओं द्वारा घोर विरोध किया गया यहां तक कहा गया है कि इससे देश में बेरोजगारी फैल जाएगी इसके आने से देश बर्बाद हो जाएगा जैसी अनेक बातें कही गई लेकिन आज देखने में आ रहा है कि स्व. राजीव गांधी के लाये गए कंप्यूटर क्रांति ने वह कमाल कर दिखाया कि आज देश के अधिकांश आवश्यक काम तीव्र गति से कंप्यूटर के माध्यम से हो रहे हैं डिजिटल क्रांति के माध्यम से आज मोबाइल कंप्यूटर ने अपने को रोजगार के माध्यम उत्पन्न कर लोगों के काम आसान कर दिए हैं राजीव जी ने 21 से घटकर 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मतदान का अधिकार दिया पंचायती राज व्यवस्था लागू कर सत्ता विकेंद्रीकरण का कार्य किया। आज याद आ रहा है कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश के लिए जो काम किया वह बहुत ही महत्वपूर्ण और लाभदायक सिद्ध हुआ।

उक्त विचार शहर जिला कांग्रेस एवं ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में सुपर मार्केट स्थित स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में मनाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय रेखा वर्मा गुरचरण सिंह सलूजा नरेंद्र यादव लल्ला रोशन रायकवार जाहिद पठान चंद्रपाल सिंह सोलंकी रवि चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहे। सर्वप्रथम शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री गौतम एवं श्री चौधरी ने स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुजीत सांगते डॉ मंसूर शेख अनिल गोस्वामी राजेश राठौर दिलीप सिंह सोलंकी प्रतीक शास्त्री श्री कांत चौहान मनोज सांगते गोवर्धन देसाई जयप्रकाश मालवीय सुभाष वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

**महिदपुर रोड**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने उनका पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पी बताया विधायक कार्या लय पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं की उपस्थिति में भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर सभी ने उनके पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर विधायक जैन सहित सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि स्व राजीव गांधी आधुनि क भारत के निर्माण के प्रणेता थे। उनकी दूरदर्शी सोच, प्रौद्योगिकी सूचना क्रांति की पहल, युवाओं को लोकतंत्र में भागीदारी का अवसर देने तथा पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने जैसे कार्य देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहे हैं। उनके विचार और कार्य आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरत शर्मा, सोनू जाट, लोकेंद्र सिंह, जितेंद्र, अर्जुन, भरत सोलंकी, भगवान सिंह, नितिन शर्मा, श्याम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**खाचरौद**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक चंद्र प्रकाश चौरडिया, बिजारत अली हाशमी, दीपेंद्र सिंह पवार, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन पाटीदार, नारायण मंडावलिया आदि वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश की एकता, अखंडता, शांति एवं सद्भावना के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण माना तथा विज्ञान, तकनीक, शिक्षा एवं संचार के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र धाकड़, लखन गोहर, लईक रहमानी, दीपक सेन, विकास पोरवाल, पुष्कर पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, देवेंद्र सिंह राठौर, निरंजन सिसोदिया, शुभम चतुर्वेदी, चंपालाल चौधरी, नागेश्वर पाटीदार एवं दौलतराम डिंडोर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। साथ ही सद्भावना प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**सुसनेर**

गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विधायक भेरो सिंह बापू के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विष्णु पाटीदार, बाबूलाल बंसिया, आशिक बोहरा, विधायक के निजी पीए यशपाल सिंह सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के विचारों और उनके द्वारा देश के विकास एवं आधुनिक भारत के निर्माण के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### उर्वरक वितरण प्रक्रिया होगी अधिक सरल और पारदर्शी

## ई-विकास 2.0 से किसानों को मिलेगी राहत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**

राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली को और अधिक प्रभावी, सरल तथा किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से ई-विकास 2.0 लागू किया गया है।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न किसान संगठनों, निजी उर्वरक विक्रेताओं और हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रणाली में कई बड़े सुधार और नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इससे किसानों को अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरक प्राप्त करने में सुगमता होगी और पूरी वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। एसएडीओ राजपूत ने ई-विकास 2.0 की प्रमुख विशेषताओं और किसानों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब किसान बिना किसी अनिवार्य संयोजन यानि टैगिंग के अपनी इच्छानुसार कोई भी एक उर्वरक खरीद सकेंगे। आईसीओआर की फसलवार अनुशंसा के अनुसार अथवा उससे अधिक मात्रा में उर्वरक पहली बार में ही प्राप्त करने की सुविधा दी गई है।

> **शुरू हो चुका है विशेष अभियान**
>
> एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाने, अग्रिम उर्वरक उठाव तथा पैक्स सदस्यता गुरुवार से विशेष अभियान शुरू हो चुका है। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की है।

## महिलाएं सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता अपनाये प्रेरणा अभियान में - भाग्य श्री

### गैस एजेंसी ने किया सुरक्षित आज, सुरक्षित कल हमारी जिम्मेदारी, हमारा संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड**

स्थानीय इंडेन गैस एजेंसी द्वारा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा चलाये जा रहे प्रेरणा अभियान के अंतर्गत सुरक्षित आज, सुरक्षित कल हमारी जिम्मेदारी, हमारा संकल्प अभियान के तहत गांव सगवाली में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कंपनी की विक्रय अधिकारी भाग्यश्री ने उपस्थित होकर ग्रामीण महिलाओं को संबोधित तरण करते हुए कहा वर्तमान समय में सावधानी के साथ गृहस्थी के संचालन का दायित्व आपका है भोजन तथा अन्य घरेलू कार्य करते समय गैस के उपयोग में सावधानी रखना आपके सुरक्षित भविष्य के लिये आवश्यक है। कार्यक्रम में विक्रय अधिकारी भाग्य श्री के अलावा गैस एजेंसी संचालक अजित जैन, एजेंसी स्टॉफ अंकित बैरागी, रवि मुछाल गांव के सरपंच भूपेंद्र सिंह राठौड़ कृष्णपाल सिंह आदि उपस्थित रहे गांव की महिला ओं ने इस दौरान विक्रय अधिकारी भाग्यश्री तथा गैस एजेंसी संचालक से अपनी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्न भी किया जिनका समाधान विक्रय अधिकारी तथा एजेंसी संचालक एवं एजेंसी स्टाफ ने किया तथा समय-समय पर उपकरण की जांच करवाते रहने एवं उन्हें आवश्यकता पड़ने पर बदलने का सुझाव भी महिलाओं को दिया।



## नागराज मित्र मंडल की भव्य कावड़ यात्रा बलेड़ी से महाकाल पहुंची

**इंगोरिया।** बलेडी से महाकाल तक नागराज मित्र मंडली द्वारा भव्य कलश एवं कांवड़ यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समस्त गांव के महिला-पुरुष एवं भक्त जनों ने भाग लिया,कावड़ यात्राका पुष्प से जगह जगह स्वागत किया गया। डी जे पर महाकाल के भक्ति से ओतप्रोत भजनों पर श्रद्धालु नाचते थिरकते और करतब दिखाते हुए चल रहे थे। इंगोरिया पंचमुखी हनुमान मंदिर पर कावड़ यात्रियों का स्वागत पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पंड्या, गोवर्धन सिंह पटेल, डॉक्टर राजेश रावल, उप सरपंच जुझार केवट, विजय प्रजापति, दिनेश भावसार, दुर्गेश कुमारिया, दशरथ चौहान, राकेश कुशवाहा, विष्णु भट्ट ,अखिलेश त्रिवेदी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

## शक्कर के दामों में उछाल, सुबह 65 तो शाम तक 67 रुपए किलो बिकी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**

त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही शक्कर के दामों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। गुरुवार को सुसनेर के किराना बाजार में शक्कर का भाव बढ़कर करीब 65 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया। वहीं देर शाम बाजार में शक्कर का भाव 67 रुपए प्रति किलो तक पहुंचने की जानकारी सामने आई जिससे आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है।

पिछले कुछ दिनों से शक्कर के भाव में लगातार तेजी बनी हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी खुदरा बाजार में चीनी की कीमतें 65 रुपए प्रति किलो तक पहुंचने की खबरें सामने आई हैं। शक्कर के दाम बढ़ने का सीधा असर घरों के बजट पर पड़ रहा है। चाय, मिठाई, दूध से बनने वाले खाद्य पदार्थों सहित अन्य घरेलू उपयोग की चीजों की लागत भी बढ़ने की आशंका है। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजार में मांग बढ़ने के कारण आने वाले दिनों में कीमतों को लेकर उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ गई है। देशभर में बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने भी चीनी के स्टॉक पर निगरानी बढ़ाते हुए स्टॉक सीमा के नियमों को सख्त किया है।

## जीपीएस के छात्रों का राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा में चयन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**




जेजीआई ग्रुप बैंगलोर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल बड़नगर (ढोलाना) शिक्षा शिक्षण व शिक्षण नवाचार के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए भी कटिबंध है और इसी क्रम में संस्था के छात्रों जिनमें ऋषि शर्मा , यश सिसोदिया एवं हर्षित सिर्वी ने संभागीय स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है ।

उक्त खेल प्रतियोगिता में खाचरौद, उज्जैन व महिदपुर विकासखंड के खिलाड़ियों को हराकर छात्रों ने अपने परचम को फहराया है । तीनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल ,आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय देते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर संस्था निदेशक अंकित वोहरा , मैनेजिंग ट्रस्टी अभय टोंग्या , ट्रस्टी सुशील गोलेचा, सुभाष वोहरा ,संस्था प्राचार्या सपना बेस्टियन व उप प्राचार्य विशाल पाल द्वारा बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं यह ज्ञातव्य हो कि संस्था में विद्यार्थी खेल शिक्षक देवराज दांगी व पातल देवड़ा से खेल संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। छात्रों की इस संभाग स्तरीय जीत पर संस्था में हर्ष का माहौल व्याप्त है। जानकारी शिक्षक इंद्रजीत उपाध्याय ने प्रदान दी।

## तुलसीदास महाराज के प्राकट्य महोत्सव पर डॉ. वासुदेव काबरा का अभिनंदन



**बड़नगर।** श्री गोस्वामी तुलसीदास महाराज के पावन प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जन परिषद् संस्था द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मनिष्ठ डॉ. वासुदेव काबरा का स्वस्तिवाचन एवं मंगलाचरण के बीच आत्मीय सम्मान किया गया। उन्हें अभिनंदन-पत्र भेंट कर श्रीराम नाम अंकित दुपट्टा पहनाया गया। अभिनंदन-पत्र में डॉ. काबरा द्वारा वर्षों से की जा रही गौसेवा, संतसेवा, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों तथा सनातन संस्कारों के संरक्षण में दिए गए योगदान का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर काबरा परिवार की सेवाभावी रमा काबरा, डॉ. प्रखर काबरा, डॉ. चारु काबरा एवं डॉ. कृति काबरा की उपस्थिति भी विशेष रही। कार्यक्रम में प्रेमचंद त्रिवेदी, अरविंद व्यास, रामनिवास नवहाल, सुनील मंडलोई, ओमप्रकाश व्यास, सत्यनारायण शर्मा, पनंदकिशोर अग्निहोत्री एवं समीर सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### कावड़-कलश यात्रा से धर्ममय हुआ नगर, लगे हर-हर महादेव के जयकारे

# कंधों पर महादेव, हाथों में कांवड़, बम-बम भोले से गूंजा सुसनेर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**



सावन मास के पावन अवसर पर बुधवार को नगर में शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मनकामेश्वर महादेव मंदिर से शिवशक्ति कांवड़ एवं कलश यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों ने 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पंचदेहरिया महादेव पहुंचकर कंठाल नदी के जल से भगवान शिव का अभिषेक किया।

यात्रा के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय और बोल-बम के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा की शुरुआत से पूर्व सुबह 8 बजे मनकामेश्वर महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद महादेव की महाआरती के साथ कांवड़ एवं कलश यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर जल से भरे कलश धारण किए, जबकि कांवड़िए कंधों पर कांवड़ लेकर भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड चौराहा, पांच पुलिया, पालिका बाजार, स्टेट बैंक चौराहा, शुक्रवारिया बाजार, सराफा बाजार, इतवारिया बाजार होते हुए ग्राम मेना मार्ग से पंचदेहरिया महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा में सबसे आगे धर्म पताका लिए श्रद्धालु चल रहे थे। इसके पीछे डीजे की धुन पर नाचते-गाते युवाओं की टोली, हाथी-घोड़े, भगवान शिव-पार्वती की झांकी, बैंड-बाजे और कांवड़-कलश लेकर श्रद्धालु शामिल रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने कांवड़ियों और कलश यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक राणा विक्रम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी कांवड़ लेकर पैदल शामिल हुए।

यात्रा के दौरान कायरा निवासी सुल्तान बाई मेघवाल अचानक बेहोश हो गईं। सूचना पर पुलिस प्रशासन की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर नीलम जैन ने उनका उपचार किया।

> **मुस्लिम समाज ने पेश की एकता की मिसाल**
>
> यात्रा के दौरान पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में मुस्लिम समाजजनों द्वारा कांवड़ एवं कलश यात्रियों का स्वागत किया गया। समाजजनों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी स्वागत के लिए मुस्लिम समाज का आभार व्यक्त किया।

> **यात्रा में वितरित किए कलश**
>
> कांवड़ एवं कलश यात्रा की शुरुआत के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धालु महिलाओं को कलश वितरित किए गए। वहीं पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में भी कलश वितरण किया गया। कलश लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं यात्रा में शामिल हुईं।

## वार्ड क्रमांक 06 में 40 लाख की लागत से पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

**नलखेड़ा।** नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा वार्ड क्रमांक 06 में खाल पुलिया निर्माण कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। पुलिया का निर्माण 40 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी एवं नगर परिषद सीएमओ श्रीमती मिनी अग्रवाल उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद श्रीमती आशा मनोज गायरी की



उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के सभी पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्ड सहित नगर नलखेड़ा के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुलिया निर्माण से वार्ड क्रमांक 06 के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 06 की जनता ने पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत कराने एवं विकास कार्य की सौगात देने के लिए पार्षद श्रीमती आशा मनोज गायरी का आभार व्यक्त किया।



# तेज होती है याददाश्त 5 साल के बच्चों को जरूर खेलाना चाहिए यह पांच खेल



पांच साल के बच्चों की डेली लाइफ में कुछ खेलों को हिस्सा बनाना बेहद जरूरी होता है। यह खेल उनके दिमाग के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

आजकल बच्चों छोटी उम्र में ही फोन के आदी होने लगे हैं। यह आदत उनके मेमोरी पावर को भी प्रभावित करती है। धीरे-धीरे कर उनकी याददाश्त कमजोर होने लगती है और कुछ भी याद रख पाना मुश्किल होने लगता है। जब बच्चा पांच साल का हो जाए तो कुछ एक्टिविटी उन्हें जरूर करवानी चाहिए। यह उनके याददाश्त को तेज करने के साथ ही मेमोरी को शार्प बनाती हैं। पांच साल के बच्चे को पजल जरूर खेलाना चाहिए। दिन में कम से कम 30 मिनट तक इस गेम को जरूर खेलाएं। इससे दिमाग मजबूत होता है। उनका फोकस बढ़ता है और सोचने समझने की क्षमता भी बढ़ती है।



## क्रॉस वर्ड

क्रॉस वर्ड गेम में वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल लाइन्स में शब्दों को ऐसे फिट किया जाता है कि कोई नया वर्ड तैयार होता है। यह बच्चों के दिमाग के विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। नियमित अभ्यास से बच्चों की याददाश्त को मजबूती मिल सकती है।

## सीक्वेंस रिवर्स गेम

सीक्वेंस रिवर्स गेम न सिर्फ मेमोरी को शार्प बनाने में मदद करता है बल्कि फोकस भी बढ़ाता है। यह ब्रेन एक्सरसाइज में से एक है।

## सुडोकू

सुडोकू में एक से 9 नंबर तक ग्रिड को भरना होता है। रोजाना इसे अभ्यास कराने से बच्चों का फोकस बढ़ सकता है और साथ ही दिमाग के विकास में मदद मिलती है।

## चेस

शतरंज को फोकस और कॉन्सन्ट्रेशन का गेम भी कहा जाता है। एक घंटे तक इसका अभ्यास कराने से बच्चों की मेमोरी तेज होने के साथ ही उनका फोकस भी बढ़ सकता है।



## क्या बच्चों को हर समय एक्टिविटीज में बिजी रखना सही है?

आजकल पैरेंट्स बच्चों की एजुकेशन और गतिविधियों को लेकर बहुत ही अलर्ट हो गए हैं। वे चाहते हैं कि बच्चा कुछ न कुछ सीखता रहे, कभी बच्चों को ट्यूशन भेजना, कभी डांस क्लास, कभी सपोर्ट्स में तो कभी आर्ट और अगर बच्चा कुछ समय के लिए फ्री है, तो टीवी या मोबाइल देखने लगता है। पैरेंट्स को लगता है कि बच्चे को खाली नहीं बिठाना चाहिए क्योंकि इससे उनका समय बर्बाद होता है। लेकिन क्या सच में सारा दिन बच्चे को बिजी रखना उनके मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा है?

जब बच्चा बिना किसी प्रेशर के खेलता है, अपनी मनपसंद ड्रॉइंग बनाता है, इधर-उधर देखता है या बस आराम करता है, तो असल में उसका दिमाग काम कर रहा होता है। वह दिन भर में सीखी हुई चीजों को जोड़ता है, समझता है और अंदर से मजबूत बनाता है। बच्चों के दिमाग को जानकारी को समझने के लिए खाली समय देना बहुत जरूरी है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






15 साल बाद विमेंस डबल्स में भारत का मेडल पक्का

# त्रिसा-गायत्री वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग हारे

एजेंसी ▸▸ पटना

15 साल बाद बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के विमेंस डबल्स में भारत का मेडल पक्का हुआ है। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शुक्रवार को वर्ल्ड नंबर-4 चीन की जिया यी फान और झांग शु शियान को 16-21, 21-15, 21-13 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस टूनार्मेंट में सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों जोड़ियों या खिलाड़ियों को ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है। इसके लिए अलग से तीसरे स्थान का मुकाबला नहीं कराया जाता। इससे पहले 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने टूनार्मेंट के इस एडिशन में भी एक मेडल पक्का कर दिया।




चीन की जोड़ी ने मुकाबले की शुरूआत तेज की और भारतीय जोड़ी को 4-0 से पीछे कर दिया। त्रिसा और गायत्री ने वापसी करते हुए अंतर कम किया, लेकिन जिया और झांग ने दबाव बनाए रखा और पहला गेम 21-16 से जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने अपना खेल पूरी तरह बदल दिया। बेहतर डिफेंस, तेज स्मैश और नेट पर आक्रामक खेल के दम पर उन्होंने मुकाबले पर पकड़ बनाई। दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन त्रिसा-गायत्री ने 21-15 से गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया।

## भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज मैच की बढ़ सकती है तारीखें

अफगानिस्तान और भारत के बीच अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज की तारीखें बदली जा सकती हैं।

इस मामले में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच बातचीत चल रही है। हालांकि, अभी शेड्यूल बदलने पर कोई औपचारिक फैसला नहीं हुआ है।

पहले ये मैच पहले 13, 15 और 17 सितंबर को होने थे। अब बीसीसीआई को इन्हें 11, 13 और 14 सितंबर को कराने का प्रस्ताव मिला है। सभी मैच नई दिल्ली का अरुण जेटली स्टेडियम में होने हैं।

एसीबी ने बीसीसीआई के सामने यह प्रस्ताव अपने स्टेकहोल्डर्स के कहने पर रखा है। उसका कहना है कि बदली तारीखों पर मैच कराने से दर्शकों की संख्या और स्टेडियम में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। पहली बार अफगानिस्तान भारत के खिलाफ बाइलैटरल सीरीज की मेजबानी करेगा, हालांकि सभी मैच भारत में ही खेले जाएंगे।

अफगानी बोर्ड के अधिकारियों को उम्मीद है कि बीसीसीआई यह प्रपोजल स्वीकार कर सकता है। क्योंकि, टीम इंडिया के बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज होने की संभावना लगभग खत्म मानी जा रही है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 27 अगस्त को खत्म होगी। जबकि एशियन गेम्स 24 सितंबर से शुरू होंगे। इन दोनों आयोजनों के बीच भारतीय टीम के पास खाली समय है।

जून में भारत ने अफगानिस्तान की मेजबानी की थी। तब दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। आने वाली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के बाद भारत और अफगानिस्तान तीनों फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके होंगे।

## नैनो न्यूज

- **भारत ने श्रीलंका को हराया** – गॉल टेस्ट में भारत ने श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई।
- **मानव सुथार चमके** – डेब्यू टेस्ट में स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।
- **गांगुली की यादें ताजा** – इंग्लैंड को हराने के बाद भारत की मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स की बालकनी में सौरव गांगुली के अंदाज में जश्न मनाया।
- **ट्रीसा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में** – भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
- **सिंधु की नजर क्वार्टर फाइनल पर** – पीवी सिंधु आज विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंतिम-8 में जगह बनाने के लिए कोर्ट पर उतर रही हैं।
- **ईस्ट बंगाल की ऐतिहासिक जीत** – ईस्ट बंगाल ने एशियाई क्लब प्रतियोगिता में 12-0 की जीत दर्ज कर भारतीय फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया।
- **मेसी ने गोल किया** – इंटर मियामी के लिए लियोनेल मेसी ने पिता के निधन के बाद पहला गोल किया और एक असिस्ट भी दिया; टीम 2-2 से ड्रॉ रही।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में किया एक बदलाव

# रेनशॉ की 3 साल बाद वापसी, वेदराल्ड बाहर

एजेंसी ▸▸ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। जैक वेदराल्ड की जगह मैथ्यू रेनशॉ को टीम में शामिल किया गया है। रेनशॉ 3 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे और ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। दूसरा टेस्ट 22 अगस्त से मैके में खेला जाएगा।

दो मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश ने 9 विकेट से हराया था। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर करने की चुनौती है।

मैथ्यू रेनशॉ फरवरी 2023 के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगे। यह उनका 15वां टेस्ट होगा। उन्होंने आखिरी टेस्ट भारत दौरे पर खेला था। उस मुकाबले में वह मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने



उतरे थे। इस बार रेनशॉ को ओपनिंग की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में इसी भूमिका में पाकिस्तान के खिलाफ 2016-17 में शतक लगाया था। टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत 29.31 है, जबकि बेस्ट स्कोर 184 रन है। पिछले सीजन में रेनशॉ ने शेफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 49.90 की औसत से रन बनाए और तीन शतक लगाए। रेनशॉ को मौका देने के लिए जैक वेदराल्ड को बाहर किया गया है। उन्होंने डार्विन में खेले गए पहले टेस्ट में 23 और 0 रन बनाए थे। दोनों पारियों में उन्हें हसन महमूद ने आउट किया था।

कप्तान पैट कमिंस ने वेदराल्ड के प्रदर्शन पर कहा कि वह टीम के साथ अच्छे रहे, लेकिन 6 टेस्ट मैचों में उतने रन नहीं बना सके, जितने उनसे और टीम से उम्मीद थी। अब उन्हें घरेलू क्रिकेट में लौटकर शेफील्ड शील्ड में प्रदर्शन के जरिए टीम में वापसी करनी होगी।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ में विवाहिता की मौत ससुराल पर प्रताड़ना का आरोप

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के कालीदेवी क्षेत्र में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के दौरान मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर प्रताड़ना का आरोप लगाया। उन्होंने तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मृतका की पहचान अंजलि उर्फ रेखा, पति सुनील बोरेचा के रूप में हुई है। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी और उसका एक छोटा बेटा भी है। अंजलि का मायका कल्याणपुरा में है और उसके पिता का नाम रमेश मकवाना है। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना के कारण अंजलि ने यह कदम उठाया।

### मार्कफेड सेंटर पहुंचे कलेक्टर ऑनलाइन टोकन व्यवस्था देखी

**झाबुआ।** झाबुआ कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने मार्कफेड डबल लॉक सेंटर (विपणन केंद्र मिंडल) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को बांटे जा रहे उर्वरक और नई लागू की गई ऑनलाइन टोकन व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ऑनलाइन टोकन प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए केंद्र पर तत्काल दो नए कंप्यूटर सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति कर्मचारियों को बैठाकर किसानों के ऑनलाइन टोकन बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने केंद्र पर मौजूद किसानों से बात कर ऑनलाइन व्यवस्था की उपयोगिता समझाई। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से ऑनलाइन टोकन बनने शुरू होंगे, जिससे खाद वितरण का रिकॉर्ड पारदर्शी रहेगा और कालाबाजारी की संभावना खत्म होगी।

### 132 केवी बिजली लाइन से प्रभावित किसानों ने मांगा मुआवजा

**धार।** डही क्षेत्र में 132 केवी हाईटेंशन विद्युत प्रसारण लाइन से प्रभावित किसानों ने क्षतिपूर्ति सहित विभिन्न मांगों को लेकर धार तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। किसानों ने पूरे मामले की जांच कराकर नुकसान का दोबारा सर्वे और पात्र किसानों को पूर्ण क्षतिपूर्ति देने की मांग की। किसानों ने मांग की कि विद्युत लाइन के टावर, आरओडब्ल्यू कॉरिडोर, फसल, पेड़, कुएं, ट्यूबवेल और सिंचाई साधनों से हुए नुकसान का दोबारा सर्वे और मूल्यांकन कराया जाए। किसानों का कहना है कि कई प्रभावित किसानों को अब तक अंतिम और पूर्ण क्षतिपूर्ति नहीं मिली है।

### विजयवर्गीय के समर्थक के ऑफिस में तोड़फोड़



इंदौर में कार की किस्त बाउंस होने पर विवाद, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समर्थक के ऑफिस में कार की किस्त वसूली को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि चार युवक ऑफिस में घुसे और परिवार के लोगों से विवाद के बाद तोड़फोड़ कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक, पालदा निवासी शिव पाटिल कैटरिंग का काम करते हैं। वह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से जुड़े हुए हैं और उनके आयोजनों में रसोई बनाने का काम भी करते हैं। पुलिस को दी शिकायत में शिव पाटिल की बेटी संस्कृति ने बताया कि 20 अगस्त को दोपहर करीब 2 से 2:10 बजे के बीच प्रणय, आयुष, सुनील और शशिकांत नाम के युवक उनके ऑफिस पहुंचे। उन्होंने खुद को पिरामल फाइनेंस एनबीएफसी की ओर से कार लोन की वसूली के लिए आने वाला बताया। युवकों ने कहा कि कार की दो किस्तें बाउंस हो गई हैं और तत्काल किस्त की राशि जमा करनी होगी। शिव पाटिल ने युवकों को बताया कि किस्त बैंक की गलती के कारण बाउंस हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि कार बेचकर लोन फोरक्लोज करने की प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि युवक इस बात से सहमत नहीं हुए और इसी को लेकर शिव पाटिल, उनकी बेटी संस्कृति और बेटे यशवंत से विवाद करने लगे।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर में सोना फिर मजबूत-** इंदौर सराफा बाजार में सोने के भाव में हालिया तेजी बनी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार का असर दिखाई दे रहा है।
- **चांदी के भाव में उछाल-** इंदौर सराफा बाजार में चांदी के भाव में भी तेजी दर्ज हुई। निवेश मांग बढ़ने से कारोबारियों को बाजार में मजबूती की उम्मीद है।
- **त्योहारी सीजन से कारोबार बढ़ा-** त्योहारी सीजन के चलते इंदौर से हवाई यात्रा की मांग बढ़ी है। अबूधाबी उड़ान का किराया भी ऊंचे स्तर पर पहुंचा।
- **अबूधाबी किराए में बड़ा उछाल-** 21 से 26 अगस्त के बीच इंदौर-अबूधाबी उड़ान का किराया 29 से 32 हजार रुपये तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है।
- **निर्यात भुगतान नियम बदले-** विदेश व्यापार नीति में बदलाव के बाद पात्र निर्यातकों के रुपये में प्राप्त भुगतान को विदेशी मुद्रा आय के समान लाभ मिलेगा।
- **सिंगापुर से व्यापार अवसर बढ़ेंगे-** भारत-सिंगापुर आर्थिक सहयोग बढ़ाने की पहल से खाद्य, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और निवेश क्षेत्र के कारोबारियों के लिए नए अवसर बनने की संभावना है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला से सटे खसरा नंबर 612 पर मुस्लिम समुदाय ने की जुमे की नमाज अदा

# इलाका सफेद पर्दों से कवर, दोनों समुदायों के लिए रास्ते अलग-अलग बनाए

### हिंदू संगठनों ने किया हनुमान चालीसा पाठ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर





धार में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला से सटे खसरा नंबर 612 पर मुस्लिम समुदाय ने जुमे की नमाज अदा की। यह नई व्यवस्था के तहत चौथा शुक्रवार है। इस बार नमाजियों की संख्या पिछले शुक्रवारों से अधिक रही। करीब 400 से 500 नमाजी निर्धारित स्थान पर पहुंचे। मुख्य द्वार तक नमाजियों की भीड़ रही।

नमाज को लेकर प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। भोजशाला और नमाज स्थल, दोनों तरफ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। नमाज स्थल के चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई। पूरे इलाके को सफेद पर्दों से कवर कर दिया गया, ताकि कहीं से भी कोई प्रवेश न कर सके। दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए थे।

जुमे की नमाज के दौरान भोजशाला में दोपहर को हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु पूजन-दर्शन करते रहे। घंटे-घड़ियाल, झांझ-मंजीरे और शंख की ध्वनि गूंजती रही। भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 29 अक्टूबर 2026 को तय की गई है। सभी पक्षों को जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा- हम दोपहर 1 से 3 बजे के बीच हनुमान चालीसा का पाठ भक्ति भाव के साथ करेंगे। इसलिए सारा समाज यहां इकट्ठा हुआ है। प्रत्येक शुक्रवार क्या, हम तो प्रतिदिन मां की पूजा करते हैं। प्रतिदिन हमारे पूजा-पाठ का जो सिलसिला है, वह जारी है। धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा, न्यायालय के निदेर्शानुसार की गई व्यवस्थाओं के इंप्लीमेंटेशन के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

### समिति के संरक्षक बोले- हमें सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा का अधिकार

- भोज उत्सव समिति के संरक्षक विश्वास पांडे ने कहा, हम तो प्रत्येक शुक्रवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते आए हैं और करते रहेंगे। हमें सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा का जो अधिकार हिंदू समाज को मिला है, उसी के तहत हम पूजा-पाठ कर रहे हैं।
- उन्होंने कहा- उससे (नमाज से) हमारा कोई लेना-देना नहीं है। हमें तो सिर्फ सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा का जो अधिकार मिला है, उसका हम माननीय न्यायालय के आदेश के तहत पालन कर रहे हैं और करते रहेंगे। भोजशाला हिंदुओं का मंदिर है। मां सरस्वती का स्थान है।

भावना नगर-पालदा नाका की सड़क को लेकर निगम के खिलाफ मोर्चा

# कीचड़ में बैठकर पार्षद-रहवासियों ने किया प्रदर्शन

### बोले-सड़क नहीं बनी तो जारी रहेगा धरना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के वार्ड 75 स्थित भावना नगर-पालदा नाका क्षेत्र में सड़क की बदहाली से परेशान पार्षद और रहवासियों ने नगर निगम के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। सड़क निर्माण नहीं होने से नाराज पार्षद कुणाल सोलंकी रहवासियों के साथ सड़क पर जमा कीचड़ में ही बैठ गए और धरना दिया। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की।

रहवासियों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से खराब है। बारिश होते ही पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। इससे पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। बारिश के दौरान इंदौर के कई इलाकों में खराब और अधूरी सड़कों के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ होने से वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी कई स्थानों पर सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग कर चुके हैं।

### चार साल पहले शुरू हुआ था काम, अब तक अधूरा

पार्षद कुणाल सोलंकी ने कहा कि जब तक सड़क की समस्या का निराकरण नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर और एडिशनल कमिश्नर से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क का काम करीब चार साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। यह सड़क वार्ड 75 और 77 के बीच आती है। अधूरे निर्माण के कारण आसपास के रहवासियों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही है।

# कलेक्टर कार्यालय पर जेन-अल्फा का प्रदर्शन

### देवगुराड़िया-कंपेल रूट पर सिटी बस की मांग बोले-स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, धरने पर बैठे



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बस सुविधा नहीं मिलने से स्कूल पहुंचने में हो रही परेशानी अब जेन-अल्फा के विद्यार्थियों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है। इंदौर के देवगुराड़िया से कंपेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक बस चलाने की मांग को लेकर विद्यार्थी शुक्रवार सुबह से कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं।

विद्यार्थियों का कहना है कि बस के अभाव में वे चार दिनों से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह उनकी तीसरी कोशिश है, लेकिन दोपहर तक कलेक्टर से मुलाकात नहीं हो सकी। विद्यार्थी हाथों में खुद बनाई तख्तियां लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उनका कहना है कि जब सांदीपनि स्कूल के लिए बस संचालित की जा सकती है, तो कंपेल के विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा क्यों नहीं दी जा रही है। देवगुराड़िया से कंपेल की दूरी करीब 17 किलोमीटर है। रास्ते में सनावदिया, जामनिया, उज्जैन और पिवड़ाय सहित कई गांव आते हैं, जहां से विद्यार्थी कंपेल के स्कूल में पढ़ने पहुंचते हैं।

# दूषित पानी कांड की जांच पूरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

36 मौतों से देशभर में सुर्खियों में आए इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी कांड की जांच पूरी हो गई है। रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता के नेतृत्व वाले जांच आयोग ने 600 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट तैयार कर हाई कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में जमा कर दी है। अब 25 अगस्त को सुनवाई संभावित है। इसमें रिपोर्ट खुलने के बाद सामने आएगा कि आखिर इस त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार था। भागीरथपुरा का दूषित पानी कांड केवल इंदौर या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहा था। 36 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के बीमार पड़ने के बाद इस घटना ने पूरे देश का ध्यान खींचा था। मामला इतना गंभीर था कि इस पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी हुए और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठे। अब इस मामले में करीब आठ महीने से चल रही जांच का अहम पड़ाव आ गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के निर्देश पर गठित एक सदस्यीय जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। 600 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट हाई कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में जमा हो चुकी है। रिपोर्ट में क्या सामने आया, दूषित पानी की वजह क्या थी, कितनी मौतों को पानी से जोड़कर देखा गया और प्रशासनिक स्तर पर किसकी जिम्मेदारी तय की गई है, इन सवालों के जवाब अब हाई कोर्ट की सुनवाई में सामने आ सकते हैं।

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर से ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुंबई

पलासिया पुलिस ने एक 80 साल के रिटायर्ड बैंक मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ ठगी के मामले में एफआईआर की है। आरोपी ने योनो ऐप की जानकारी लेने के लिए बुजुर्ग को कॉल किया था। इसके बाद बातों में लेकर उनके साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

पलासिया पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश पुराणिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर के कस्टमर के खिलाफ एफआईआर की है। ओमप्रकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह अपने घर पर बैठे थे। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। उसने खुद को स्टेट बैंक से होने की बात कही और बताया कि वह योनो ऐप चलाते हैं। इनकार करने पर ओमप्रकाश को वह उसके फायदे बताने लगा। वहीं, उसे डाउनलोड करने की बात कही। इस दौरान बैंक संबंधी कुछ डिटेल की भी जानकारी ली।

# इंदौर में अब 48 घंटे में मिलेगा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुंबई

इंदौर में अब आम लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बार-बार नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नई व्यवस्था के तहत जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित जोन कार्यालयों से जारी किए जाएंगे और नागरिकों को 48 घंटे के भीतर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की गई है। निगम मुख्यालय से जारी होने वाले प्रमाण पत्र अब जोन क्रमांक 1 से 22 के माध्यम से जारी किए जाएंगे। सभी जोन कार्यालयों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जोन क्षेत्र के निजी अस्पतालों और मुक्तिधाम/कब्रिस्तान से जन्म-मृत्यु की सूचना मिलते ही उक्त पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि और अनुमोदन की प्रक्रिया यथासंभव उसी दिन पूरी की जाएगी। अनुमोदन के बाद संबंधित परिजन के मोबाइल नंबर पर जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र की पीडीएफ भेजी जाएगी। इसके लिए जोन क्षेत्र के सभी निजी अस्पतालों को जन्म-मृत्यु से संबंधित डेटा प्रतिदिन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

# सयाजी होटल के पास नहीं मिला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण लाइसेंस

### होटल में स्टोरेज में चूहे, किचन में कॉकरोच, किचन और बैकरी सील

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सयाजी होटल में जांच के दौरान फूड स्टोरेज में चूहे और किचन व फूड प्रिपरेशन एरिया में कॉकरोच मिले। करीब 66 किलो नॉनवेज बिना उचित पैकिंग और लेबलिंग के रखी मिली।

होटल के पास सेंट्रल एफएसएसएआई फाइव स्टार लाइसेंस भी नहीं है। ये अनियमितता गुरुवार को हुई कार्रवाई के दौरान सामने आई है। टीम ने करीब पांच घंटे होटल के किचन का निरीक्षण किया था। इसके बाद शुक्रवार को सयाजी होटल का किचन और बैकरी सील कर दिया गया। खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी की टीम को जांच के दौरान फूड स्टोरेज में चूहे दिखाई दिए और पैलेट के नीचे भी उनकी मौजूदगी के संकेत मिले। किचन और फूड प्रिपरेशन प्लेटफॉर्म पर कॉकरोच एवं चूहों द्वारा फैलाई गई गंदगी मिली। ड्राय स्टोरेज की दीवार और फर्श में दरारें थीं। गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग व्यवस्था नहीं थी। पीने के पानी के बर्तनों के पास रखे डस्टबिन में भी दोनों तरह का कचरा एक साथ मिला।

**वेज-नॉनवेज सामग्री एक साथ रखी-** स्टोरेज में वेज और नॉनवेज सामग्री को एक साथ रखा गया था। सी-फूड, चिकन और मटन के लिए अलग-अलग स्टोरेज की व्यवस्था भी नहीं मिली। ड्राय और नॉनवेज स्टोरेज के प्लेटफॉर्म पर जंग लगी थी। स्टोरेज रैक दीवार से सटाकर रखे गए थे, जबकि खाद्य सामग्री को नमी और संक्रमण से बचाने के लिए रैक को दीवार से कम से कम 6 इंच दूर रखना जरूरी है।

### फ्रीजर का तापमान भी मानक से बाहर

नॉनवेज को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर का तापमान -18 डिग्री होना चाहिए। जांच में एक फ्रीजर का तापमान +20 डिग्री और दूसरे का -16 डिग्री पाया गया। स्टोरेज में रखे 33 नॉनवेज पैकेटों पर पैकेजिंग डेट, बैच नंबर और एक्सपायरी डेट दर्ज नहीं थी। पैक्ड कुल्फी पर भी मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट और बैच नंबर नहीं मिले। वहीं फ्रोजन डेजर्ट को मेन्यू में आइसक्रीम के नाम से दशार्या गया था।

### मूंगफली में फंगस, सड़े टमाटर-आलू मिले

स्टोर में रखी मूंगफली में फंगस पाया गया। इसके अलावा सड़े हुए टमाटर और आलू भी मिले। उबले आलू पर एक्सपायरी डेट की टैगिंग मिली। कुछ खाद्य उत्पाद बिना उचित लेबल के स्टोर किए गए थे। टॉपिंग के कुछ टेट्रापैक लीक मिले, जिससे खाद्य सामग्री के दूषित होने की आशंका सामने आई। जांच में होटल के लाइसेंस से जुड़ी अनियमितताएं भी सामने आईं। लाइसेंस में नॉनवेज गतिविधि का उल्लेख नहीं था, जबकि होटल में नॉनवेज खाद्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

National Olympiad Programme 2026-2027
in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 21 and 22, 2026,** conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2027.**

To enroll:
NSEs: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2026)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in
cbc48143/11/0005/2627

KALIDAS MONTESSORI SENIOR SECONDARY SCHOOL
Requirement
Requirement For
COMPUTER TEACHER
Qualification :-
BCA/B.Sc. in Computer Science & Information Technology.
MCA/M.Sc. in Computer Science & Information Technology.
Note : - B.Ed. will be Preferred
Address : -17, Milkipura, Bada Teliwada, Ujjain (M.P.)
Contact No.: 7879440499

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com